e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 229

सुविचार
जैसे हमारे विचार होते हैं हमारी जिन्दगी भी वैसी ही होती है

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
22.08.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

नयनश्री नेत्रालय
आंखों का संपूर्ण इलाज
O.P.D सोमवार से शनिवार सुबह 9 से शाम 4 तक
Dr. Gurcharan Singh
MBBS ,MS(Senior, Eye Consultant )
Fellow LV Prasad Eye Institute , Hyderabad
(Neuro Opthalmology & Pediatric Ophthalmology )
Call: 7707013096
असर्फी हॉस्पिटल, बारामुडी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## रांची का तापमान

अधिकतम 26⁰
न्युनतम 12⁰

## बदलते झारखंड की बात विजन 2024 को लेकर हुए संवाद में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# झारखंड को जड़ से मजबूत करने का हो रहा प्रयास : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में वर्तमान सरकार के गठन होते ही वैश्विक महामारी कोरोना ने देश और दुनिया में दस्तक दी। हमारी सरकार ने बिना कोई अफरा-तफरी के कोरोना संक्रमण से राज्यवासियों को बचाने का काम किया। कोरोना संक्रमण के समय अन्य राज्यों की स्थिति भी हम सभी ने देखी थी। पिछले साढ़े तीन वर्ष में हमारी सरकार कई चुनौतियों के बीच मजबूत कदमों के साथ आगे बढ़ रही है। हमारी सोच है कि हम झारखंड की जड़ को मजबूत करें। हालात जैसे भी हों राज्य में विकास के कार्य अवरुद्ध नहीं होनी चाहिए। झारखंड हर दिन विकास की नई ऊंचाइयों को छुए इस निमित्त एक बेहतर कार्य योजना बनाते हुए राज्यवासियों की भावना के अनुरूप हमारी सरकार चल रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रेडिसन ब्लू में आयोजित बदलते झारखंड की बात विजन 2024 कार्यक्रम में संवाद करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में दो चरणों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया गया। यह कार्यक्रम काफी सफल भी रहा। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की भौगोलिक संरचना के अनुसार सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बहुत ऐसे दुर्गम गांव है जहां के लोग बीडीओ, सीओ, डीसी, एसपी को देखे तक नहीं हैं। हमने ऐसी चीजों को समझने का प्रयत्न किया।

### झारखंड खून-पसीने से सींचा हुआ राज्य

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड खून-पसीने से सींचा हुआ राज्य है। झारखंड देश के अन्य राज्यों से बिल्कुल अलग है। अलग झारखंड के लिए न जाने कितने वीर पुरुषों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। इस राज्य के लिए कई क्रांतिकारी महिला-पुरुष ने अपना योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य को अलग हुए लगभग 22 साल हो गए हैं फिर भी यहां के मूलवासी-आदिवासियों की पहचान धुंधला सा बना रहा है। हमारी सरकार ने राज्य में आदिवासी महोत्सव के उपलक्ष में भव्य आयोजन करने का कार्य किया है। आदिवासियों की संस्कृति को बचाने का पूरा प्रयास हमने किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति, सरना धर्म कोड इत्यादि विधानसभा से पारित कर आगे बढ़ाने का काम किया है। कानूनी अड़चनों की वजह से ये मामले कभी महामहिम राज्यपाल तो कभी केंद्र सरकार के यहां जाकर फंस जाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि राज्यवासियों की मूल भावना को ताकत मिले और हम इसी अनुरूप कार्य करने पर अड़े हैं।

## सरकारी नियुक्तियों के साथ-साथ स्वरोजगार के लिए भी राज्य सरकार गंभीर

### शिक्षा व्यवस्था में हुआ सकारात्मक बदलाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में सभी वर्ग के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त हो इस निमित्त कई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई गई हैं। शिक्षा व्यवस्था में अभूतपूर्व बदलाव लाते हुए उत्कृष्ट विद्यालयों की शुरुआत की गई है। सीबीएसई पैटर्न की तर्ज पर उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षा दी जा रही है। उत्कृष्ट विद्यालयों की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ निजी विद्यालयों के तर्ज पर होनहार बच्चों को शिक्षा मिले इस निमित्त बेहतर कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी सरकार की है।



### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सहित अन्य गण्यमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सरकारी नियुक्तियों के साथ-साथ स्वरोजगार के लिए राज्य सरकार गंभीर

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने हजारों की संख्या में सरकारी वैकेंसी पर नियुक्ति की है। जल्द बड़ी संख्या में और भी सरकारी नियुक्तियां की जाएंगी। झारखंड के इतिहास में पहली बार बड़ी संख्या में पशु चिकित्सक, फॉरेंसिक लैब साइंटिस्ट इत्यादि की नियुक्तियां की गई हैं। हजारों की संख्या में और भी अलग-अलग क्षेत्रों में भी सरकारी नियुक्तियां हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समावेशी विकास के लिए सरकारी नौकरी की भूमिका के साथ-साथ स्वरोजगार की भूमिका भी महत्वपूर्ण हैं। हमारी सरकार ने ऐसे कानून भी बनाए हैं कि झारखंड में स्थापित उद्योग सेक्टर में 75ब स्थानीय लोगों को ही नौकरी मिले यह सुनिश्चित किए जाएं। हाल के दिनों में ही हमारी सरकार ने 10 हजार से ज्यादा स्थानीय युवक-युतियों को नामी-गिरामी औद्योगिक संस्थाओं में नियोजन हेतु ऑफर लेटर देने का काम किया है।

## आईएएस मंजूनाथ भजंत्री मामले में हाई कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में देवघर के उपायुक्त रहते मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने के मामले में चुनाव आयोग को तीन सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 20 सितंबर निर्धारित की है।मंजूनाथ भजंत्री को पद से हटाने के मामले में इलेक्शन कमीशन ऑफ़ इंडिया (ईसीआई) के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। ईसीआई की ओर से अधिवक्ता एके सिंह एवं शिवम कुमार ने पैरवी की। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार ने पक्ष रखा। डीसी देवघर मंजूनाथ ने याचिका में कहा है कि चुनाव आयोग ने उन्हें पद से हटाने का आदेश राज्य के मुख्य सचिव को भेजा है, जबकि किसी भी अधिकारी की पदस्थापन एवं तबादले का अधिकार राज्य सरकार के पास है। चुनाव आयोग को सरकार के अधिकारी को इस तरह के आदेश देने का अधिकार नहीं है। दरअसल, चुनाव आयोग ने छह दिसंबर, 2021 को झारखंड के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखा था, जिसमें मंजूनाथ को पद से हटाने एवं उन्हें चुनावी कार्य में नहीं लगाने का आदेश किया था। मुख्य सचिव को मंजूनाथ के खिलाफ आरोप पत्र गठित करते हुए कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया था। साथ ही संसद के खिलाफ छह माह में विलंब से आदर्श आचार संहिता का मामला दर्ज करने पर जवाब मांगा था, संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर चुनाव आयोग ने मुख्य सचिव को मंजूनाथ को डीसी के पद से हटाने का आदेश दिया था।

### निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट ने ईडी से कहा- जल्दी पूरी करें जांच

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने लैंड स्कैम मामले में निलंबित आईएएस छवि रंजन की जमानत अर्जी पर ईडी से जवाब मांगा है। अब अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को करेगी। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने छवि रंजन की याचिका पर अदालत ने ईडी से मौखिक रूप से पूछा है कि क्या अभी इस केस में जांच जारी है। कोर्ट ने ईडी को निर्देश दिया है कि अगर जांच जारी है, तो इसे जल्द पूरा किया जाए।छवि रंजन ने रांची पीएमएलए कोर्ट के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। हाई कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में छवि रंजन की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अभिषेक सिंह और अभिषेक चौधरी ने बहस की।

## क्विक न्यूज

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2023 के लिए नामांकन 31 अगस्त तक

**नाहन :** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2023 के लिए पात्र मेधावी बच्चे 31 अगस्त 2023 तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। यह नामांकन ऑनलाइन माध्यम से किये जायेंगे। चयनित मेधावी बच्चों को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से दिल्ली में पुरस्कृत किया जायेगा।उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2023 के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नामांकन आमंत्रित किये गये हैं। इस पुरस्कार के तहत 5 साल से 18 साल तक की आयु वर्ग के असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले मेधावी बच्चे 6 श्रेणियों में नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इन 6 श्रेणियों में खेल, समाज सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति और नवाचार (इनोवेशन) शामिल हैं। सुमित खिमटा ने जिला के सभी पात्र बच्चों से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2023 के लिए अपने-अपने नामांकन ऑनलाईन माध्यम से वैबसाईट http://www.awards.gov.in पर 31 अगस्त 2023 तक करने के लिए आग्रह किया है।

### आतंकी संगठन के ठिकाने पर रूस का हमला, आठ की मौत

**इदलिब** : यूक्रेन में युद्ध लड़ रही रूस की सेना ने सीरिया के एक आतंकी संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के ठिकाने पर हमला किया है। हमले में आठ आतंकियों की मौत हो गयी है। कई अन्य घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।आतंकी संगठन अलकायदा का सहयोगी संगठन हयात हरीर अल-शाम सीरिया के इदलिब प्रांत के कुछ हिस्सों को नियंत्रित करता है। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद के शासन को चुनौती देने वाला यह संगठन सशस्त्र विरोध करता है। इदलिब प्रांत का यह हिस्सा इस सशस्त्र विरोध के अंतिम गढ़ के रूप में जाना जाता है। सोमवार सुबह रूस की सेना ने तहरीर अल-शाम के सशस्त्र ठिकाने पर हवाई हमला किया। इन हवाई हमलों में हयात तहरीर अल-शाम संगठन के आठ आतंकवादी मारे गए हैं।

### पलामू : यात्री बस से हथियार बरामद

**पलामू :** छत्तीसगढ़ से पलामू आ रही एक यात्री बस से बड़ी संख्या में हथियार बरामद हुए हैं। यह हथियार गैंगस्टर सुजीत सिन्हा के बताए जा रहे हैं। हथियारों की बरामदगी यात्री बस की जांच के दौरान हुई। पुलिस ने मौके से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पुलिस ने जिस व्यक्ति को हिरासत में लिया है वह सुजीत सिन्हा गिरोह का बताया जा रहा है। बस से आठ पिस्टल बरामद किए गए हैं। ये सभी हथियार सेमी ऑटोमेटिक हैं। आशंका जताई जा रही है कि किसी बड़ी घटना को अंजाम देने और गिरोह को खड़ा करने के लिए हथियारों को मंगाया गया था। इन हथियारों का इस्तेमाल कहां हो सकता था, पुलिस इस मामले की विस्तृत तफ्तीश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार पलामू पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छत्तीसगढ़ से झारखंड आ रही यात्री बस को रोककर सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान बस से ये हथियार बरामद किए गए। मैमले में एटीएस की ओर से पलामू पुलिस से संपर्क कर बरामद हथियारों के बारे में विस्तृत जानकारी ली जा रही है।

# चारा घोटाला : सुप्रीम कोर्ट में सीबीआई की अर्जी का लालू ने किया विरोध



एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू यादव ने सोमवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो की उस याचिका का विरोध किया, जिसमें चारा घोटाले से संबंधित डोरंडा कोषागार मामले में उन्हें दी गई जमानत रद्द करने की मांग की गई है। पिछले साल 22 अप्रैल को झारखंड हाई कोर्ट ने इस मामले में लालू यादव को जमानत दे दी थी। 75 वर्षीय राजद नेता को डोरंडा कोषागार से 139 करोड़ रुपये से अधिक के गबन के मामले में रांची की एक विशेष सीबीआई अदालत ने पांच साल जेल की सजा सुनाई और 60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने जवाब में लालू यादव ने कहा कि उनकी सजा को निलंबित करने के झारखंड हाई कोर्ट के आदेश को सिर्फ इस आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती कि सीबीआई असंतुष्ट है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ चारा घोटाले से संबंधित डोरंडा कोषागार मामले में झारखंड हाई कोर्ट द्वारा लालू यादव को दी गई जमानत को रद्द करने की मांग वाली सीबीआई की याचिका पर 25 अगस्त को सुनवाई करेगी। अपने जवाब में लालू यादव ने खराब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें हिरासत में रखने से कोई मकसद पूरा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने की कोई आवश्यकता नहीं है। क्योंकि यह सामान्य सिद्धांतों और समान नियमों पर आधारित है।

15 फरवरी 2022 को रांची की सीबीआई कोर्ट ने चारा घोटाला मामले में लालू यादव को दोषी करार दिया था। 21 फरवरी को उन्हें पांच साल की कैद और 60 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। 75 वर्षीय राजद नेता के पास घोटाले की अवधि के दौरान अविभाजित बिहार का वित्त विभाग था, जिसके वह मुख्यमंत्री थे।

# तुबेद कोल माइंस में उग्रवादियों ने की आगजनी व मारपीट



* गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरे इलाके में दहशत का माहौल

संजय प्रजापति @ प्रभात मंत्र

**लातेहार :** सदर थाना अन्तर्गत तुबेद व नेवाड़ी के बीच स्थित दामोदर घाटी परियोजना कंपनी के साइडिंग के पास रविवार की देर रात उग्रवादी संगठन जेएलटी द्वारा तांड़व मचाया गया। उग्रवादियों ने कंपनी के कांटा घर को आग के हवाले कर दिया, जिससे उसके अंदर रखे सामान जलकर खाक हो गया। इस दौरान कंपनी के कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की गई। नौ की संख्या में आए उग्रवादियों ने घटना को अंजाम देने के बाद घटना स्थल पर धमकी भरे एक पर्चा भी छोड़ा है। घटना की जिम्मेवारी लेते हुए जेएलटी सुप्रीमो धीरज जी के नाम पर्चा में लिखा है कि बिना मैनेज किये कंपनी काम करती है, तो अंजाम बहुत बुरा होगा। उग्रवादी कांटा घर के पास पहुंचे थे। उग्रवादियों ने कांटा घर में मौजूद एक गार्ड की पिटाई की और कांटा घर को खुलवाने लगे। कांटा घर के अंदर मौजूद कर्मी ने जब दरवाजा नहीं खोला तो उग्रवादियों ने कांटा घर के अन्दर फाईरिंग की।उसके बाद पेट्रोल छिड़क कर कांटा घर में आग लगा दी।आग लगने के बाद कांटा घर के अंदर मौजूद कर्मी जान बचाकर बाहर आया। इसके बाद उग्रवादियों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। कैम्प इंचार्ज आनन्द कुमार सिंह एवं वहाँ मौजूद लोगों ने बताया कि हथियारबंद उग्रवादी खुद को जेएलटी उग्रवादी संगठन का सदस्य बता रहे थे।वहीं घटना के कुछ देर बाद जब कोलियरी परिसर में अन्य स्थानों पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को इसकी भनक लगी तो सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाबी फायरिंग की। सुरक्षाकर्मियों के द्वारा जवाबी फायरिंग किए जाने के बाद उग्रवादी वहां से फरार हो गए।

परंतु इतनी देर में कांटा घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया।बाद में घटना की सूचना डीवीसी और खनन कंपनी के अधिकारियों को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस घटना की जानकारी मिलने के बाद लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी।बीपुलिस ने घटना स्थल से एक हस्तलिखित पर्चा भी बरामद किया।पुलिस ने पर्चा को जब्त कर लिया। इधर इस संबंध में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। घटना में शामिल अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

# चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर ने किया चंद्रयान-3 के लैंडर का स्वागत

एजेंसी

**नई दिल्ली** : चंद्रमा धरती से 3.84 लाख किलोमीटर दूर है. इतनी दूर से संपर्क साधना आसान काम नहीं है. वह भी दो तरफा. यानी टू-वे कम्यूनिकेशन. चंद्रयान-3 चांद की सतह से मात्र 24 किलोमीटर की ऊंचाई पर है. दो दिन बाद उसे चांद की सतह पर उतरना भी है. ऐसे में उसके लैंडर-रोवर से संपर्क बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है. चंद्रयान-3 के लैंडर से संपर्क स्थापित करने के लिए इसरो ने दो माध्यमों का सहारा लिया है. पहला तो ये है कि चंद्रयान-3 में इस बार ऑर्बिटर नहीं भेजा गया. उसकी जगह प्रोपल्शन मॉड्यूल भेजा गया है. जिसका मकसद सिर्फ चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल को चांद के नजदीक पहुंचाना था. इसके अलावा लैंडर और बेंगलुरु स्थित इंडियन डीप स्पेस नेटवर्क के बीच संपर्क स्थापित करना था. चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर अब भी चांद के चारों तरफ चक्कर लगा रहा है. वह लगातार चांद की सतह की तस्वीरें ले रहा है. इसरो को लगातार चांद से संबंधित डेटा देता रहता है. इसी से चंद्रयान-3 के लैंडर को जोड़ा गया है. इमरजेंसी के लिए इसरो ने अलग तैयारी की थी. ये एकतरह के बैकअप प्लान है. जिसमें चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर से चंद्रयान-3 के लैंडर को जोड़ना था. ताकि किसी तरह की दिक्कत आने पर चांद के चारों तरफ चक्कर लगा रहे पुराने ऑर्बिटर के जरिए संपर्क स्थापित किया जा सके. अब इंडियन डीप स्पेस नेटवर्क सेंटर और टेलिमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क दो तरह से विक्रम लैंडर से संपर्क स्थापित कर पाएगा.



### कैसे होगा चांद पर मौजूद लैंडर से धरती का संपर्क ?

प्रोपल्शन मॉड्यूल में एस-बैंड ट्रांसपोंडर लगा है, जिसके आईडीएसएन से सीधे संपर्क में रहेगा.

यानी लैंडर-रोवर से मिला संदेश यह भारत तक पहुंचाएगा. संदेश भेजने की प्रक्रिया कुछ इस प्रकार होगी.रोवर जो भी देखेगा उसके बारे में लैंडर को मैसेज भेजेगा.लैंडर उस मैसेज को सीधे।आईडीएसएन या फिर प्रोप्लशन मॉड्यूल को भेजेगा. प्रोपल्शन मॉड्यूल में एस बैंड ट्रांसपोंडर के जरिए कर्नाटक के रामनगर जिले में मौजूद ब्यालालू स्थितत इंडियन डीप स्पेस नेटवर्क से संपर्क करेगा. आईडीएसएन में चार बड़े एंटीना है. 32 मीटर का डीप स्पेस ट्रैकिंग एंटीना,18 मीटर का डीप स्पेस ट्रैकिंग एंटीना और 11 मीटर का टर्मिनल ट्रैकिंग एंटीना. इनके जरिए संदेश हासिल होगा. अगर प्रोपल्शन मॉड्यूल के जरिए संपर्क स्थापित नहीं हो पाता है, तब चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर की मदद ली जाएगी. ताकि इमरजेंसी में एक बैकअप बना रहे.

### नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर बताकर उपमुखिया के भाई की हत्या की

**पश्चिमी सिंहभूम:** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा में शनिवार देर रात नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर के शक में कदमडीहा के उपमुखिया के भाई की गला रेतकर हत्या कर दी। शव के पास नक्सली पर्चे भी मिले हैं, जिसमें उपमुखिया के भाई को पुलिस मुखबिर बताया गया है। मृतक की नाम रांदो सुरीन (60 ) उर्फ ड्राइवर है। वह गोईलकेरा के कदमडीहा गांव के रहने वाले थे। वर्तमान में वह नक्सल प्रभावित कोल्हान जंगल के लोवाबेड़ा वनग्राम में पत्नी के साथ रहते थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## पेड़ से फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के हुटार पंचायत के नावाडीह गांव के निवासी पेड़ से लटका मिला एक 45 वर्षीय पुरुष का शव, नथू सिंह पिता स्वर्गीय नरेश सिंह उर्फ़ बैगा मृतक का शव घर से 1 किलोमीटर दूरी पर जंगल में भरहुल के पेड़ मे सफेद कलर के गमछा से लटका हुआ पाया गया। जिसकी सूचना रामगढ़ थाना को ग्रामीणों ने दिया मौके पर रामगढ़ थाना अपने दल बल के साथ पहुंचे एवं शव को अपने कब्जे में ले लिया नथू सिंह के बड़े पुत्र ने हत्या कर फांसी के फंदे से लटकाने का लगाया आरोप बताया कि हम लोग को पहले से ही गोतिया के साथ जमीन विवाद चलते आ रहा था एवं गोतीया के द्वारा बार-बार हमारे पिता जी को जान से मार देने की धमकी दिया जा रहा था। एवम उन्होंने अपने बात थाना प्रभारी के समक्ष बताया थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय दलबल के साथ पहुंचे एवं उन्होंने बताया कि शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया

# सत्य को पराजित होते नहीं देख सकता जाऊंगा सुप्रीम कोर्ट : केएन त्रिपाठी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सत्य को पराजित होते नहीं देख सकता हूं ।इसलिए अब सुप्रीम कोर्ट में जाऊंगा। कोर्ट के आदेश पर नहीं जनता के आदेश पर ही विधायक बनूंगा ।लेकिन सत्य एवं न्याय की लड़ाई लड़ते रहूंगा। उक्त बातें झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने कहा ।वह सोमवार को मेदिनीनगर स्थित अपने आवास पर विधायक आलोक चौरसिया जन्म तिथि प्रकरण पर पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को निर्देशित किया था कि 6 महीना के अंदर आलोक चौरसिया की उम्र के मामले में दाखिल याचिका पर फैसला सुनाए। लेकिन हाई कोर्ट ने काफी समय के बाद फैसला सुनाया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसला से वह संतुष्ट नहीं है। इसलिए अब इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। श्री त्रिपाठी ने कहा कि वह विधायक बनने के लिए केस नहीं लड़ रहे हैं। सत्य न्याय की जीत के लिए केस लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा सभी लोग जानते हैं कि आलोक चौरसिया ने ज्ञान निकेतन विद्यालय में पढ़ा है। जबकि न्यायालय में गुरियादामर स्कूल का सर्टिफिकेट जमा किया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि आलोक चौरसिया ने हाई कोर्ट में स्वीकार किया था कि वह फर्जी मतदाता पहचान पत्र शैलेंद्र चौरसिया के वोटर आईडी पर नामांकन दाखिल किया था। श्री त्रिपाठी ने कहा कि गुरियादामर के प्राचार्य ने जो रजिस्टर न्यायालय में पेश किया है वह टेंपर्ड था। श्री त्रिपाठी ने कहा कि सत्य एवं न्याय की लड़ाई की लड़ने के लिए ही भगवान ने उन्हें धरती पर भेजा है। और मैं सत्य और न्याय के लिए हमेशा लड़ता रहूंगा ।उन्होंने कहा कि सत्य को पराजित होते नहीं देख सकता। पत्रकार वार्ता में इंटक के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, परम देव मेहता, जलील अंसारी भी उपस्थित थे।

# एसपी के आदेश पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर सोमवार को ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में छह मुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान करीब एक दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन को बिना हेलमेट पड़कर उसे फाइन के लिए सीजीएम कोर्ट के पास भेजा गया है।मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिख रहे हैं।लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर वाहन चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान जितने भी वाहन पकड़े गए हैं सभी को चालान के लिए सीजीएम कोर्ट भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पहले दोपहिया वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता था कि अगले बार से लोग हेलमेट पहनकर बाइक चलाएंगे। परंतु लोग समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में ट्रिपल लोडिंग और बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर ट्रैफिक पुलिस संतोष कुमार गुप्ता, सहायक पुलिस के जवान हरेंद्र कुमार, राहुल सिंह सहित अन्य पुलिस मौजूद थे।

## पारा शिक्षक की असामयिक निधन



**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन प्रखंड अंतर्गत NPS टोले नवादा पंचायत सगुना के सहायक अध्यापक सम्प्रति पारा शिक्षक अशर्फी भुइयां का देहांत रविवार को रात्रि में हो गया, वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थे।इनका इलाज रांची में चल रहा था। बैंक से तकनीकी गड़बड़ी के कारण तीन माह से मानदेय बकाया था। इनकी देहांत की खबर पाकर पूरे पारा शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी क्योंकि असर्फी भुइया मृदुल स्वभाव के व्यक्ति थे। आत्मा के शांति के लिए सैकड़ो पारा शिक्षक दाह संस्कार में उपस्थित हुए जिसमें जेटेट पास पारा शिक्षक के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय पाटन प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार, एवं सूरत राम, रविंद्र पासवान, जितेंद्र प्रसाद, विमलेश कुमार सिंह, संजय कुमार, झूलन प्रजापति, महेश मोची, कमल किशोर पांडे, मोहन राम, जय प्रकाश सिंह, अशोक कुमार, सहित काफी संख्या में सहायक अध्यापक संप्रत्ति पारा शिक्षक उपस्थित होकर उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है एवं सहायक अध्यापक संप्रत्ति पारा शिक्षक के तरफ से भरपूर सहयोग करने का निर्णय लिया गया है। सहयोग देने की सिलसिला प्रारंभ कर दी गई है। मालुम हो की स्वर्गीय अशर्फी राम अपने पीछे दो पुत्री एवं एक पुत्र को छोड़कर चल बसे7श्री राम अपने जीवन काल में तीन पुत्री का शादी कर चुके थे। श्री राम का अंतिम संस्कार जिंजोई नदी के तट पर किया गया 7अंतिम संस्कार में पाटन प्रखंड के भारी संख्या में सहायक अध्यापक उपस्थित थे। इधर पंडवा प्रखंड के सहायक अध्यापक संघ की ओर से भी शोक परिवार को सहायता राशि देने का निर्णय लिया गया है। प्रखंड सचिव राजू रंजन ने कहा कि स्वर्गीय अशर्फी राम के परिवार के इस दो घड़ी में हम सब उनके साथ खड़े हैं और सरकार से जो भी सहायता मुहैया कराई जाएगी उसे कराने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। पाटन प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अशर्फी राम के सहयोग के लिए प्रखंड की ओर से एक व्यक्ति का नाम राशि जमा करने हेतु नामित किया गया है सभी सहायक अध्यापक उनके सहयोग के लिए राशि जमा कर रहे हैं ताकि परिवार को अविलंब सहायता प्रदान किया जा सके।

# गीता बनी पंडवा प्रखंड किसान सलाहकार समिति की अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** लोहड़ा के किसान भवन में सोमवार को प्रखंड के कृषक मित्र व प्रखंड क्षेत्र के किसानों की बैठक हुई। इसमें प्रमुख गीता मेहता को सर्वसमिति से किसान सलाहकार समिति का अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने पर प्रमुख गीता मेहता ने कहा कि मुझ पर किसानों ने जो भरोसा जताया है मैं आप सभी के भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करुंगी।कहा कि झारखंड दो साल से सुखाड़ के चपेट में हैं। किसान को कम वर्षा में उपज होने वाले फसल बोने की अपील की। कहा कि किसान पारंपरिक खेती छोड़ नगदी फसल उपजावें। इस मौके पर बीटीएम अमित मौर्या, ऊंकार नाथ,कृषक मित्र बाबूलाल मेहता, गोपाल मेहता, विनोद मेहता, आशीष मेहता, काशीनाथ मेहता, ओमप्रकाश मेहता, राजू मेहता, अनुपमा देवी, पूजा, रानी, जितेंद्र मेहता सहित दर्जनों किसान उपस्थित थे।

# पंडवा में दिव्यांग बच्चों को मिला दिव्यांगता किट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को झारखंड शिक्षा परियोजना समावेशी शिक्षा के माध्यम से शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हें सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर समाज के मुख्य धारा से जोड़ हर क्षेत्र में उनकी सहभागिता सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसको ले पंडवा बीआरसी में सोमवार को दिव्यांग बच्चों का जांच सह वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पड़वा प्रखंड के 18 दिव्यांग बच्चों के बीच सहायक उपकरण का वितरण किया गया। इस पहल से बौद्धिक दिव्यांग, दृष्टिहीन, मुकबधिर बच्चों को शिक्षा देकर समाज की हर गतिविधि से जोड़ने का अवसर प्रदान हो रहा है। यह उपकरण समावेशी शिक्षा के जिला प्रभारी राजीव चौबे के मौजूदगी में प्रदान किया गया। इस अवसर पर एलीम्को के विशेषज्ञ धनंजय मोहराना ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को आज सहायक उपकरण प्रदान किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के मुख्यधारा में शामिल कराना है। उन्होंने बताया कि एलिम्को भुनेश्वर के सहयोग से दिव्यांग तक दिव्यांगों की पहचान के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मौके पर पंडवा प्रखंड के 18 बच्चों को दिव्यांग उपकरण उपलब्ध कराया गया जिसमें चार बच्चों को श्रवण यंत्र, तीन बच्चों को ट्राई साइकिल, एक बच्चा को व्हीलचेयर,दो बच्चों को बैसाखी,नव बच्चों को मेंटल किट,एक को सीपी चेयर उपलब्ध कराया गया। वहीं पाटन के तीन बच्चों को दिव्यांगता उपकरण उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर पंडवा बीपीएम जरीना परवीन, पाटन बीपीओ अजय कुमार, एलिम्को भुवनेश्वर के गौतम पांडेय , अरुण यादव ,नितेश यादव, रंजन कुमार शिक्षिका अंजलि सेंगर, सहित बच्चों के दर्जनों अभिभावक उपस्थित थे।

## हरिहरगंज में 11 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध रूप से बिजली चोरी पर रोक लगाने के लिए विद्युत विभाग द्वारा हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर छापामारी की गई। इसमें अवैध तरीके से बिजली उपयोग करते पकड़े गये 11 लोगों के विरुद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। विद्युत आपूर्ति प्रशाखा हरिहरगंज के कनीय अभियंता धनंजय प्रसाद द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बिहार बॉर्डर के समीप रहने वाले विजय सिंह, शशि भूषण सिंह, सतगांवा के अमित प्रकाश, हरिहरगंज के अंकित कुमार गुप्ता, बेलौदर के नकुल साव, अजय प्रसाद, भगत तेंदुआ के मंदीप साव, बुटुमल साव, उमेश साव, संजय कुमार तथा मेन बाजार निवासी नवल प्रसाद जायसवाल का नाम शामिल है। छापेमारी अभियान में प्रधान विद्युतज्ञ दयानंद सिंह, मानव दिवस कर्मी अनिल कुमार सिंह, बिरेंद्र पासवान, जावेद आलम, अजय कुमार, नितीश आदि शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना ने दो युवक गंभीर रूप से घायल, प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर रेफर

**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर- इटको मुख्य मार्ग पर तमदगा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो युवक नावा थाना क्षेत्र के राजदरिया गांव के रहने वाले हैं। घायल युवक मोटरसाइकल द्वारा गढ़वा से अपने घर जा रहे थे। इसी बीच तमदागा गांव के पास एक अनियंत्रित बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में दोनो को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनो को बेहतर इलाज हेतु मेदानीनगए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया।

# पाण्डू के वृद्धखौरा में 25 सौ सीएफटी अवैध भंडारित बालू को किया जब्त

➲ अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों पर दर्ज करवायी प्राथमिकी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अवैध बालू खनन एवं भंडारण की जांच करने को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार सोमवार को पाण्डू थाना पहुंचे, जहां से उन्होंने पुलिस अवर निरीक्षक बालदेव सिंह एवं सशस्त्र पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम वृद्धखौरा में छापेमारी की, जहां 25 सौ सीएफटी अवैध भंडारिण बालू को जप्त किया एवं अवैध बालू खनन,भंडारण एवं परिवहन करने में अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ पाण्डू थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी,वही भंडारित बालू को जिम्मेनामा सौंपा। **ऐसे हुई कार्रवाई :** 19 अगस्त को अंचल निरीक्षक एवं राजस्व उप निरीक्षक के द्वारा पाण्डू थाना क्षेत्र के वृद्धखौरा ग्राम का निरीक्षण किया गया था,जहां अवैध बालू भंडारण पाया गया था जिसकी सूचना अंचलाधिकारी के द्वारा जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को दी गयी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीएमओ आनंद कुमार ने पाण्डू पहुंच कर छापेमारी की,जहां पर 25 सौ सीएफटी भंडारित बालू पाया, जिसकी जांच जेम्स पोर्टल पर की तो पाया कि भंडारित बालू स्थल पर किसी प्रकार की बालू भंडारण का लाइसेंस प्राप्त नहीं है जिस पर अविलंब बालू को जप्त करते हुए संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ पाण्डू थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी एवं सभी संलिप्त व्यक्तियों को अविलंब चिहिंत करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया। **अवैध बालू खनन एवं भंडारण बर्दाश्त नहीं :** जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि अवैध बालू खनन, भंडारण एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा एवं इस कार्य में जो संलिप्त पाऐं जाएगें उन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया है कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से बालू के खनन पर पूरी तरह से रोक है, नियम की अवहेलना करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# महिला की गला दबाकर हत्या, ससुराल वाले फरार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** थाना क्षेत्र के खाप कटैया कोसडीहरा गांव के टिंकू साव की पत्नी छाया देवी (24) की गला दबाकर सोमवार को हत्या कर दी गई। उसका शव ससुराल से बरामद किया गया है। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के लोग फरार बताये जाते हैं। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायके पक्ष के लोगों ने छाया के पति समेत अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि छाया देवी के साथ उसका पति अक्सर मारपीट करता था। रविवार की रात्रि भी उसने मारपीट की थी। इसकी जानकारी छाया ने अपने मायके के लोगों को दी थी। सोमवार की सुबह करीब 7.30 बजे पुनः छाया की बात मोबाइल से उसके भाई से हुई थी। बिहार के औरंगाबाद जिले के रिसिअप गांव से दादा मुंशी साव तथा पिता शंकर साव जब छाया के घर पहुंचे जहां उसे मृत पाया। स्वजनों के अनुसार वर्ष 2019 में छाया की शादी टिंकू साव के साथ हुई थी उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास सदल बल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शुरूआती जांच में मृतका के गले पर निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारण का पता चल पाएगा। उन्होंने कहा कि ससुराल पक्ष के लोग फरार हैं। मायके पक्ष के लोगों का आवेदन मिलने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

# मुखिया ने 90 छात्र-छात्राओं के बीच किया बैग का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड के परती पंचायत क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बसकटीया में सोमवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से विद्यालय में अध्ययनरत 90 छात्र छात्राओं के बीच मुखिया मुन्नी देवी के उपस्थिति में बैग का वितरण किया गया। इस दौरान मुखिया मुन्नी देवी ने ने सभी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित अभिभावकों से यह आह्वान किया की शिक्षा अनमोल धन होता है जीसमें किसी का भी हिस्सेदारी नहीं होता। इसलिए आज के डिजिटल एवं आधुनिक परिवेश में शिक्षा का बहुत जरूरी है। वही बच्चों से यह अपील किया की आप लोग अपने अभिभावक एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन में रहकर शिक्षा ग्रहण करें ताकि आगामी भविष्य आप लोगों का उज्जवल हो सके। जबकि सरकार द्वारा हर वर्ग के लोगों में शिक्षा समानता हो उसके लिए बच्चों को निशुल्क किताब, कपड़ा, जूता, बैग, भोजन, सहित समय-समय पर स्कॉलरशिप देकर प्रोत्साहित किया जाता है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक संजय यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र उरांव, शिक्षक रविंद्र कुमार, अभिभावक गुलजार देवी, शिवदास उरांव, राधिका देवी, परदेसी उरांव सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में किया गया विज्ञान मेला का आयोजन



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भवनाथपुर नगरी में सोमवार को विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। विज्ञान के क्षेत्र में नित नए प्रयोगों को लेकर आयोजित इस प्रदर्शनी में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।मुख्य अतिथि पर्सनल ऑफिसर सेल श्री बुलू दिगल, विशिष्ट अतिथि भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, पलामू विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल, प्रिंसिपल टीडीएम इंटर कालेज बंशीधर नगर धनंजय सिंह, प्रोफेसर श्याम बिहार सिंह, एसआई भवनाथपुर अभिमन्यु कुमार सिंह, प्रोफेसर अमरेश कुमार यादव और प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर और पुष्प अर्पित कर भारत के महान वैज्ञानिकों को नमन किया। यह विज्ञान मेला तीन वर्गों में जल संरक्षण एवं शुद्धीकरण, ऊर्जा संरक्षण, खाद्य श्रृंखला, संक्रामक रोगों से बचाव, वायु एवं जल प्रदूषण, मानव उत्सर्जन तंत्र तथा नवाचारी विषयों पर आधारित थी। इस कार्यक्रम में शिशु वर्ग से 16 भैया बहन, बाल वर्ग से 22 भैया बहन, किशोर वर्ग में 13 भैया बहनों ने भाग लिया। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# ग्रामीणों ने एसडीओ को आवेदन देकर डीलर के खिलाफ जांच की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के बारोडीह, सरहस्ताल खुर्द व पिपरडीह ग्राम के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर जनवितरण प्रणाली के दुकानदार प्रणय कुमार पर विगत तीन माह से राशन नही देने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत उचित कार्रवाई करने तथा सभी लाभुकों को विगत तीन माह का राशन दिलाने की मांग किया है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि डीलर प्रणय कुमार द्वारा विगत तीन माह से राशन वितरण नही किया जा रहा है, जिससे यहां के लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इस क्षेत्र में दो वर्ष से सुखाड़ पड़ा है इस पंचायत में बहुत से ऐसे लोग है कि राशन नही मिलने पर उनके घर मे चूल्हा तक नही जल पा रहा है डीलर द्वारा जुलाई माह का अंगूठा यह कहकर लगवा लिया गया कि अभी राशन नही आया है, हम अगले 5 अगस्त को राशन वितरण करेंगे। अगर अंगूठा नही लगाइएगा तो राशन लैप्स हो जायेगा, लेकिन अभी तक लाभुकों को राशन नही मिल पाया है डीलर द्वारा अंगूठा लगाने के बाद पर्ची भी नही दिया जाता है. इस सम्बंध में अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि मामले की शिकायत अभी प्राप्त हुआ है। उन्होंने लाभुकों को दो दिनों के अंदर जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। एसडीओ ने लाभुकों से कहा कि राशन मिलने पर ही अंगूठा लगावें व राशन डीलर से ले तभी डीलर को राशन कार्ड दे। मौके पर पंचायत के मुखिया उषा देवी, पंचायत समिति सदस्य कृष्ण कुमार, भगवान राम, उप मुखिया असगर अंसारी, चंद्रिका राम, भागमती देवी, पम्मी देवी, फुलपति देवी, शांति देवी, रामकिशुन पासवान, परशुराम, पूनम देवी, अनिता कुँवर, अंजली देवी, प्रमिला देवी, मीना देवी, चंद्रावती देवी, सुनीता देवी, कुलवंता देवी, अन्नपूर्णा देवी, ललिता देवी, सुषमा देवी, मीना देवी, सबिता देवी, आशा देवी, विकास कुमार, रमेशचन्द कुमार, बबन पासवान, नंद केश्वर यादव, रामेश्वर यादव, आशिष कुमार, भरत कुमार, कविता देवी, सरस्वती देवी, पूनम कुमारी, प्रेमन देवी, कौशल्या देवी, अनिकेत कुमार, गिरिवर राम, अखिलेश कुमार, हरिशंकर कुमार, दीनानाथ राम, रवि कुमार, राहुल कुमार, माया देवी, बेबी देवी सहित बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे।

# महापौर ने मेदनीनगर में किया सत्व डिजाइनिंग कंसलटेंसी का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नगर निगम क्षेत्र के जेलहाता मिशन स्कूल रोड में स्थित सत्य डिजाइनिंग कंसलटेंसी कार्यालय का उद्घाटन प्रथम महापौर अरुण शंकर, प्रथम उप महापौर मंगल सिंह व अन्य ने फीता काटकर किया। इस मौके पर श्रीमती शंकर ने कहा कि नगर निगम के विगत पाँच वर्षो के कार्यकाल को देखकर लोग अपने विचारों में परिवर्तन लाये हैं।एक से बढ़कर एक माल, दुकान, प्रतिष्ठान खुल रहे हैं।जो नगर निगम ही नहीं पलामू जिला के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि निगम वासी पूर्व में अपने घर, मकान, दुकान, प्रतिष्ठान का नक्शा बनवाने के लिए शहर से बाहर जाकर इंजीनियर से बनाते थे। लेकिन अब यह सुविधा लोगों को अपने घर में ही मिल रहा है। जो काफी खुशी का विषय है। मंगल सिंह ने कहा कि पूर्व में लोग राजमिस्त्री या अपने मन के अनुसार घर बनाया करते थे। जो आगे चलकर उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता था।लेकिन अब वर्तमान समय में लोग इंजीनियर के अनुसार अपना घर प्रतिष्ठान बना सकते हैं। प्रोपराइटर इंजीनियर आयुष रंजन ने बताया कि सिविल इंजीनियरिंग का पढ़ाई बेंगलुरु से करने के बाद इसकी सेवा मैं पलामू में ही देने का संकल्प लिया। और इसी संकल्प के साथ इस कार्यालय का उद्घाटन कराया गया ।उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में आधुनिक तरीके से मकान ,मॉल एवं प्रतिष्ठा का निर्माण लोग वास्तु शास्त्र के अनुसार कराते हैं। जिसका नक्शा मेरे द्वारा सरल एवं सुलभ तरीके से लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा।श्री रंजन ने कहा कि कम भूमि पर भी अच्छे नक्शा के अनुसार मकान या दुकान बनाया जा सकता है। इस मौके पर डॉ सतीश कुमार, डॉ किरण सिंह, अभय कुमार सिंह, प्रमोद सिंह, ललन प्रसाद सिन्हा, धर्मदेव चौधरी, डॉ राजनारायण पटेल, विष्णु दयाल सिंह, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)**

**अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**
**नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग**

ई–टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0/राँची (ग्रामीण)–648/2023–24
दिनांक :– 19.08.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | बंता–राहे–बुंडू पथ के कि0मी0 20.00 से 33.00 तक में विशेष मरम्मति कार्य। |
| 2. | अनुमानित प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | 200.00 (दो करोड़) रुपये मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | 4.00 (चार लाख) रुपये मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | (2) महीने |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 25.08.2023 10.30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय | 01.09.2023 12.00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पपाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे ***TenderOnline Upload*** में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव ***http://jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन ***(UCAN)*** निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तो के लिए वेबसाईट ***http://jharkhandtenders.gov.in*** पर देखें।

**कार्यपालक अभियंता**
PR 305119 Road(23-24)#D पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची(ग्रामीण)

## संक्षिप्त खबरें

### करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत



**रांची :** रांची के चान्हो इलाके में करंट लगने से रंजीत ठाकुर की मौत हो गई। वह अखबार बांटने का काम करता था। इस घटना के बाद सोमवार को परिवार और आक्रोशित ग्रामीणों ने बीजूपाड़ा-खलारी मार्ग को जाम कर दिया। ढाई घंटे मार्ग अवरुद्ध रहा। चान्हो थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार को बताया कि मुआवजे की मांग को लेकर लोगों ने मार्ग को जाम किया था।

### एसएसपी ने स्वर्ण रेखा नदी से लेकर पहाड़ी मंदिर तक के रूट का किया निरीक्षण

**रांची :** सावन मास के सातवीं सोमवारी को लेकर एसएसपी किशोर कौशल ने रविवार देर रात नामकुम के स्वर्ण रेखा नदी से लेकर पहाड़ी मंदिर तक के रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान एसएसपी ने संबंधित पुलिसकर्मियों को कई दिशा निर्देश भी दिए। एसएसपी ने बताया कि सावन मास में नामकुम के स्वर्ण रेखा नदी से भक्त रात में जल लेकर पहाड़ी मंदिर में चढ़ाते हैं। सर्वधर्म सद्भावना समिति की और से कांवरियों के स्वागत के लिए मौलाना आजाद कॉलोनी के समीप शिविर लगाया गया था। इसके अलावा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के शिवालयों में विशेष निगरानी रखने को कहा गया है।

# पहाड़ी मंदिर सहित सभी शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची में सावन मास के सातवें सोमवार और नाग पंचमी को लेकर पहाड़ी मंदिर सहित अन्य सभी शिवालयों और मंदिरों में सोमवार सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। अन्य दिनों की अपेक्षा आज भक्तों की कुछ ज्यादा ही भीड़ है। ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव से सभी मंदिर के पास पूरा वातावरण गूंज रहा है। जिले के कांके , कोकर, बूटी मोड, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, हरमू, किशोरगंज, लालपुर सहित अन्य शिवालयों में भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना सुबह से कर रहे हैं। लोग पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में जल, दूध और बेलपत्र अर्पण कर सुख, समृद्धि और स्वस्थ रहने की कामना कर रहे हैं। अहले सुबह से ही पहाड़ी मंदिर का गेट खुलने के बाद से ही नामकुम के स्वर्ण रेखा नदी से जल लेकर पैदल पहुचे श्रद्धालु बाबा को जल चड़ा रहे हैं । पंडित मनोज पांडेय ने बताया कि यह नाग पंचमी खास है, क्योंकि पुरुषोत्तम माह की सातवीं सोमवारी है और इस दिन नाग पंचमी भी है। उन्होंने बताया कि नागपंचमी के दिन सर्प दोष से मुक्ति पाने के लिए उन्हें विशेष पूजा करनी चाहिए, जिनकी कुंडली में कालसर्प दोष है। उन्हें विधि-विधान के साथ राहु काल में इस पंचमी को कालसर्प दोष की पूजा करनी चाहिए। राहु को सर्प माना गया है, जिनकी कुंडली में राहु अशुभ है। उन्हें आज के दिन भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए और दोष को शांत करनी चाहिए। वहीं दूसरी ओर पहाड़ी मंदिर में भीड़ को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सुखदेव नगर थाना प्रभारी विनोद कुमार सुबह से ही मॉनिटरिंग करते देखे गए।

## श्रावण मेले में श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया




**प्रभात मंत्र संवादसदाता**

**रांची।** चिश्तिया पंचायत एवं सर्वधर्म सदभावना समिति ने श्रावण मेले में श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया। कांटा टोली स्थित मौलाना आजाद कालोनी के पास चिश्तिया पंचायत एवं सर्वधर्म सदभावना समिति के संयुक्त तत्वावधान में मो. इसलाम एवं मो. इश्तेयाक के संयुक्त नेतृत्व में एक स्वागत शिविर लगाकर श्रावणी मेला में बोल बम में जाने वाले श्रद्धालुओं को फल, मिठाई, चाय, पानी आदि देकर स्वागत किया गया साथ में जरुरतमंद लोगों को दवा भी दी गई। उक्त कार्यक्रम में एस एस पी रांची किशोर कौशल मुख्य अतिथि एवं सिटी एसपी सुभांशु जैन विशिष्ट अतिथि तथा महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जयसिंह यादव अतिथि के रूप में विशेष रूप से भाग लिए। कार्यक्रम में लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार एवं नामकोम थाना प्रभारी भी विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में एस एस पी रांची किशोर कौशल सहित सभी अतिथियों को शाल , बुके एवं माला देकर भव्य रुप से समिति की ओर से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में एस एस पी रांची किशोर कौशल ने अपने समबोधन में चिश्तिया पंचायत एवं सर्वधर्म सदभावना समिति के तमाम लोगों की सराहना करते हुए कहा कि रांची एक ऐसी जगह है जहां सभी धर्म के लोग आपसी सौहार्द के साथ संयुक्त रुप से एक दूसरे के त्योहार को आपस में मिलजुल कर मनाते हैं जो एक अदभुत मिसाल है और यही हमारी गंगा जमनी तहजीब व संस्कृति का हिस्सा है इसे बरकरार रखने की जरूरत है। सिटी एसपी सुभांशु जैन ने अच्छे कार्यो के लिए प्रशासनिक स्तर पर अपना पूर्ण सहयोग देने की बात कही। श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जयसिंह यादव एवं सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम ने अपने सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मो. इश्तेयाक,मो. अफरोज, अय्यूब अंसारी, साबिर भाई, मो. फिरोज अंसारी, मो. परवेज, अफसर खान, मो. सुहैल,मो. औरंजेब खान, सिन्टू कुमार,शकील हबीबी, मो. आजाद,मोतासिर रजा,राय जी, प्रदीप राय बाबू, सुहैल खान, शमीम कुरैशी, इरफान खान, ज्याउल हक, शहजाद आलम,जितेन्द्र गुप्ता, मो. कैस, बबन भाई , मो. अशफाक, मो. साजिद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रेलवे स्टेशन पर 12 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन से 12 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम छोटन कुमार उर्फ छोटू बताया गया है। आरपीएफ के उपनिरीक्षक दीपक कुमार ने सोमवार को बताया कि तस्कर को जब्त गांजा और अन्य सामग्रियों के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी हटिया को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि बरामद गांजा की कीमत लगभग एक लाख 48 हजार 800 रुपये आंकी गई है।

## नगर निगम ने एसएस मेमोरियल कॉलेज में किया पौधे का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** सोमवार को रांची नगर निगम रांची के द्वारा कांके रोड स्थित÷ एस एस मेमोरियल कॉलेज रांची के विद्यार्थियो के बिच 150 फलदार वृक्षों का वितरण किया गया।साथ ही विवेकानंद यूथक्वेक फाऊंडेशन , एस एस मेमोरियल एन एस एस विभाग एवं रिलेशनस के संयुक्त तत्वाधान में मिशन लाईफ के तहत पर्यावरण संरक्षण एव उर्जा संरक्षण पर सेमिनार भी आयोजित किया गया।

जिसमें 200 छात्र छात्राओ को संस्था कि ओर से पर्यावरण संबंधित कई महत्त्व पूर्ण जानकारियां भी दी गई।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एस एस मेमोरियल कॉलेज कि प्राचार्या डॉ वंदना राय,रिलेशनस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, विवेकानंद यूथक्वेक फाऊंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, डॉ अनुपमा सिंह, डॉ संजय सारंगी,एन एस एस कि डॉ प्रेमा कुमारी, डॉ सीमा सुरीन, डॉ नाजिश हसन, प्रो आकांक्षा सिंह नगर निगम के सौरभ केशरी, उमेश कुमार, राजकुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेन्टर में होगा एवरेस्ट समिट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय के कन्वेंशन सेन्टर में एवरेस्ट समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पी एम प्रसाद होंगे तथा सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी विशिस्ट अतिथि होंगे।इस कार्यक्रम में एवरेस्ट चोटी पर सफलतापूर्वक फतह हासिल करने वाले 15 पर्वतारोही पहली बार एक साथ एक मंच पर उपस्थित होंगे। इनमें श्री जामलिंग तेनजिंग, कर्नल रणवीर जामवाल, प्रेमलता अग्रवाल, प्रियंका मोहिते इत्यादि पर्वतारोही प्रमुख हैं। इस विशेष आयोजन में सभी पर्वतारोही हिमालय के दुर्गम चढ़ाई की प्रेरक स्मृतियों एवं अनुभवों को साझा करेंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए शास्त्रीय नृत्य ओडिशी एवं म्यूजिक बैंड की प्रस्तुति की जाएगी।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कर्मियों तथा हितधारकों को जीवन की चुनौतियों पर सफलतापूर्वक विजय प्राप्त करने की ओर प्रेरित करना है।

सीसीएल समय-समय पर ख्यातिप्राप्त व्यक्तियों को आमंत्रित कर इस तरह के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता है जिससे सीसीएल के कर्मियों एवं हितधारकों के बहुआयामी विकास हो सके, जिससे कर्मी अपना शत प्रतिशत देकर कंपनी को नयी ऊँचाई पर पहुंचाए।

## भाजपा ने विधायकों को चुनाव प्रचार के लिए लगाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं। इसे देखते छत्तीसगढ़ में जीत का पताका लहराने को भाजपा केंद्रीय नेतृत्व लगातार सक्रिय है।

इसी क्रम में झारखंड के भाजपा विधायकों को चुनावी मोर्चे पर लगाया गया है। इनमें राज सिन्हा, नीलकंठ सिंह मुंडा, अमित मंडल, समरी लाल, अमर कुमार बाउरी, कोचे मुंडा, आलोक चौरसिया सहित अन्य विधायक भी शामिल हैं। विधायक अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी के तौर पर चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा के पक्ष में कैसे माहौल बनाते हुए चुनाव प्रचार अभियान और दूसरे कामों को गति दी जाएगी, इसके लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की ओर से सोमवार को रायपुर में भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रवासी विधायक कार्यशाला सह विधायक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इसमें पार्टी के शीर्ष नेताओं के स्तर से भाजपा विधायकों और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया।

## अवैध खनन मामले में ईडी ने डीएसपी राजेंद्र दुबे को भेजा समन, चार सितंबर को बुलाया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** साहिबगंज में हुए एक हजार करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने डीएसपी राजेंद्र दुबे को समन भेजा है।

अधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि उन्हें चार सितम्बर को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पूछताछ के लिए बुलाया गया है। राजेंद्र दुबे वर्तमान में साहिबगंज के डीएसपी के पद पर पदस्थापित हैं। इससे पहले बीते नौ दिसम्बर 2022 को ईडी ने दुबे से ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ की थी। ईडी को यह जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के रसूख का इस्तेमाल कर राजेन्द्र दुबे ने भी काफी संपत्ति अर्जित की है।

ईडी ने डीएसपी से उनके और उनके रिश्तेदारों के जमीन बैंक सहित कई तरह के कागजातों की डिमांड की है, ताकि उसकी जांच की जा सके।

## राज्यपाल से मिले कुलपति



**रांची :** राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) टीएन साहू ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा हुई।

## छात्रवृत्ति के बकाया राशि का भुगतान जल्द करे राज्य सरकार : आजसू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नामित मुख्यमंत्री सचिवालय में मांग पत्र सौंपा।मांग पत्र के माध्यम से रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा के राज्य के लगभग सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में 50 प्रतिशत से अधिक छात्र छात्राओं को अब तक स्कॉलरशिप राशि की प्राप्ति नहीं हुई है जिसे लेकर छात्र-छात्राएं काफी परेशान है।अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा के राज्य के जितने भी विश्वविद्यालय हैं उनमें लगभग 60 से 70 प्रतिशत छात्र-छात्राएं मध्यवर्ग या निम्नवर्ग घरों से आते हैं, ऐसे में उन्हें स्कॉलरशिप राशि नही मिलने से उनके एवं उनके परिवार के ऊपर आर्थिक बोझ बढ़ जाता है जिससे उन्हें अपने आगे की पढ़ाई को लेकर कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शुक्ला ने राज्य सरकार से मांग पत्र के माध्यम से मांग रखी की ई कल्याण विभाग को जल्द से जल्द बकाया राशि उपलब्ध कराई जाए जिससे कि छात्र छात्राओं के स्कॉलरशिप की राशि प्राप्त हो सके और उनके ऊपर किसी तरह का आर्थिक बोझ न बढ़े।प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से- अभिषेक शुक्ला, रोहित चौधरी, अभिषेक साहू, राहुल कुमार, डालमनी यादव, विशाल कुमार यादव अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

## लालपुर से बच्ची लापता, शिकायत दर्ज



**रांची:** रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में एक बच्ची के लापता होने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। बच्ची के पिता सुधीर मिंज ने इस बाबत थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि उनकी बच्ची परिधि मिंज रविवार दोपहर से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिली है। थाना प्रभारी आदिकांत महतो ने बताया कि बच्ची की खोजबीन जारी है।

## डीसी ने वाईस चांसलर के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में 21 अगस्त 2023 को वाईस चांसलर बीज़आईज़्टी मेसरा राँची डॉज़ इंद्रनील मन्ना से बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में अपर समाहर्त्ता, रांची राजेश कुमार बरवार, रजिस्ट्रार बीज़आईज़्टी मेसरा राँची, प्रोज़ संदीप दत्ता मौजूद थे। बैठक में उपायुक्त द्वारा बीआईटी मेसरा हेतु अधिग्रहित गैर विवादित भूमि को अपने अधीन लेकर उस पर भवन निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। बीज़आईज़्टी मेसरा को गैर विवादित भूमि पर निर्माण कार्य शुरू करने को लेकर विवादित स्थानों के संबंध में ग्रामीणों के साथ बातचीत कर समाधान निकालने के निर्देश दिये एवं साथ बीज़आईज़्टी मेसरा के विवादित भूमि हेतु बीज़आईज़्टी मेसरा के प्रतिनिधि को यह निर्देश दिया गया कि एक टीम का गठन करें जो ग्रामीणों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। साथ ही अंचल अधिकारी कांके को निर्देश दिया गया कि ग्रामीणों के साथ बैठक कर ग्रामीणों की ओर से भी एक टीम का गठन करायें जो बीआईटी मेसरा के टीम के साथ विवादित मामलों पर परिचर्चा कर विवाद का सुलझायेंगे। उपायुक्त, द्वारा बीज़आईज़्टीज़ मेसरा के अंदर एवं बाहर के एरिया में चारदीवारी/फेसिंग का कार्य कराये जाने को लेकर पहले गैर विवादित भूमि पर चारदीवारी/फेसिंग का कार्य कराने का निर्देश दिया गया।

## 100 कैदियों को इलेक्ट्रिशियन का प्रमाणपत्र वितरित किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार रांची में गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग, श्री श्री रूरल डेवेलोपमेंट् प्रोग्राम ट्रस्ट के द्वारा चलाये जा रहे स्किल डेवलोपमेंट सेंटर मे 100 कैदियों को इलैक्ट्रिसियन का प्रमाणपत्र वितरित किया गया 7 जिसमे जेल सुप्रिटेंडेंट हमीद अख्तर, जेलर नसीम अहमद, जेलर मोहम्मद नसीम, आर्ट ऑफ लिविंग अपेक्स सदस्य सुनील गुप्ता , समाजसेवी धनंजय अग्रवाल और श्री श्री रूरल डेवलोपमेंट प्रोग्राम ट्रस्ट आर्ट ऑफ लिविंग के जेल स्किल सेंटर हेड रूपेश कुमार उपस्थित थे 7 होटवार जेल मे श्री श्री रविशंकर की संस्था के द्वारा पिछले 4 सालों से स्किल डेवलोपमेंट ट्रेनिंग सेंटर चलाया जा रहा हैं, जिसमे अबतक करीब 1000 कैदियों को इलैक्ट्रिसियन और गाडनिंग का प्रशिक्षण कराया गया है जिसमे से बहुत से लोग जेल से बाहर निकलने के बाद नौकरी कर रहे है या अपना काम कर रहें हैं। साथ ही प्रिजन स्मार्ट कोर्स के मध्यम से योग, प्रणायाम और सुदर्शन क्रिया के द्वारा कैदियों को अवसाद से निकल कर खुशी का अनुभव कराया जा रहा है जिससे वो जीवन के कटु अनुभवो को भूलकर जीवन मे एक नई शुरुआत कर पा रहें है ।रूपेश कुमार ने बताया की ये सर्टिफिकेट से बंदीयो को बहुत मदद मिल रही हैं, बाहर निकलने के बाद उन्हे आसानी से काम मिल रहा है, उनके जीवन मे सकरात्मक बदलाव हो रहा है, वो अपने परिवार के साथ सुखी जीवन बिता रहे हैं । हामिद अख्तर ने ट्रेनिंग की सराहना की। उन्होंने बताया की जो बंदी बाहर निकलकर अच्छा अच्छा काम कर रहे है उनको भी जेल ऑथोरिटी की तरफ से सम्मानित किया जायेगा। जेलर मोहम्मद नसीम ने आर्ट ऑफ लिविंग के इस प्रयास की सराहना की और बंदीयो को उज्वल भविस्य के लिए शुभकामना दी, धनंजय अग्रवाल जी ने बोला की जेल सुधार का ये कार्यक्रम देखकर बहुत खुशी हो रही हैं ऐसे प्रोग्राम की कल्पना नही की जा सकती, इस प्रशिक्षण के माध्यम से एक बहुत अच्छा और बड़ा परिवर्तन समाज मे देखने को मिलेगा ।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के तीनों सहयोगियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और ताराचंद के खिलाफ ईडी ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। आरोप पत्र सोमवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दाखिल किया गया है। नीरज मित्तल पर टेंडर मैनेज करने के लिए कमीशन लेने और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में संलिप्त रहने का आरोप है। नीरज मित्तल को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। राम प्रकाश भाटिया एवं ताराचंद पर वीरेंद्र राम की काली कमाई को सफेद करने के तहत पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। नीरज मित्तल पेशे से एक चार्टर्ड एकाउंटेंट है। तीनों आरोपित फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, मंगलवार, 22 अगस्त 2023 पेज 4


## आर्ची होम्यो क्लीनिक का उद्घाटन




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: 20 अगस्त 2023 को कश्मीर वस्त्रालय के सामने अनवर आर्केड में आर्ची होम्यो क्लीनिक का उद्घाटन डॉक्टर राजीव कुमार (अध्यक्ष, H.M.A.I)के द्वारा संपन्न हुआ। जिसमें डॉक्टर सत्येंद्र कुमार, डॉक्टर राजलक्ष्मी, डाक्टर मेघना, डॉ नेहा, डॉ प्रियंका और डॉक्टर अभिषेक कुमार उपस्थित थे । आर्ची होम्यो क्लीनिक पर सभी रोगों का इलाज होम्योपैथिक पद्धति द्वारा किया जाएगा।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी अनगड़ा को सौंपा ज्ञापन

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखंड को अविलम्ब सूखा क्षेत्र घोषित करने व यथा शीघ्र फसल बीमा करने की मांग को लेकर सोमवार को पूर्व विधायक रामकुमार पाहन एवं भाजपा अनगड़ा मंडल के नेतृत्व में अनगड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी उत्तम प्रसाद को ज्ञापन सौंपा गया । पूर्व विधायक रामकुमार पहान ने कहां की अनगड़ा प्रखंड क्षेत्र में इस वर्ष बारिश नियमित रूप से नहीं होने की वजह से किसान अत्यंत परेशान हालत में है । खेतों में पानी के अभाव में बिचड़ा को सही तरीके से रोपनी नहीं हो सका । अनावृष्टि के दयनीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए अनगड़ा प्रखंड को सूखा क्षेत्र घोषित किया जाए । ज्ञापन सौंपने के मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू समय अनगड़ा मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## 11 सितंबर को होगी काउंसिल के सीसीएल स्तरीय कार्यसमिति बैठक

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल एनके एरिया वीआईपी सभागार में आल इंडिया एससी एसटी बीसी एम्प्लाय कार्डिनेशन काउंसिल की बैठक की गई. अध्यक्षता काउंसिल के सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने किया. बैठक में आगामी 11 सितंबर को काउंसिल का सीसीएल स्तरीय कार्यसमिति बैठक वीआईपी सभागार करने का निर्णय किया गया.इसमें एनके, पिपरवार, मगध व आम्रपाली एरिया संयुक्त रूप से शामिल होंगे. कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एक टीम गठित की गई. जिसमें अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, उपाध्यक्ष सरजू सिंह, एसडी राम, राघवेंद्र पासवान, गणेशजी, सचिव इकबाल हुसैन, सह सचिव रामचंद्र उरांव, दिलीप पासवान, विजय बेदिया तथा कोषाध्यक्ष रतन लाल व रमेश भोगता को बनाया गया. संचालन काउंसिल के पिपरवार अध्यक्ष रतन लाल ने की.बैठक में टीम के पदाधिकारियों के अलावा एसडी राम, प्रेम कुमार, गणेशजी, शंभूराम, जंगबहादुर राम, दिनेश भर, बीरू मुंडा, तौहीद अंसारी, सूरज मुंडा, रिजवान आलम, सुभाष पासवान आदि शामिल थे.

## पिपरवार के न्युमंगरदाहा में हुई विस्थापित ग्रामीणों की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्युमंगरदाहा गांव मे क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीणो की एक बैठक इस्लाम अंसारी की अध्यक्षता मे संपन्न हुई।बैठक मे विस्थापित ग्रामीणो के रोजगार से संबंधित बातो पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सीसीएल प्रबधंन द्वारा सबसे पहले मंगरदाहा गांव को विस्थापित किया गया,लेकिन इससे प्रभावित विस्थापित ग्रामीण आज भी रोजगार के लिए भटकने को मजबूर है।पुर्नवास केन्द्र मे मूलभूत सुविधा से ग्रामीण वंचित है। वही अपनी जमीन देने वाले रैयत आज भी नौकरी मुआवजा से वंचित है।बैठक मे मंगरदहा से विस्थापित हुए न्यूमंगरदाहा,कल्याणपुर, चिरैयाटांड़,माल मोहरा पुर्नवास स्थल के विस्थापित ग्रामीणो को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए जोरदार आंदोलन करने का आह्वान किया गया।साथ ही पिपरवार भूमिगत खदान को लेकर 25 अगस्त को होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में अधिक से अधिक विस्थापित ग्रामीण शामिल होने का निर्णय लिया।बैठक मे इस्लाम अंसारी,आशिक अली,कयूम अंसारी,बदरुद्दीन अंसारी, इदरीश अंसारी,सकील अंसारी,इब्राहिम अंसारी,रतन उरांव,कैलाश करमाली, सलकू गंझु,मंगल सिंह, असलम अंसारी,मुख्तार अंसारी,अरशद अंसारी, लियाकत अंसारी,खुर्शीद अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## राम चरित मानस पाठ व रुद्राभिषेक का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रेलवे कॉलोनी टाटीसिल्वे काली मंदिर एवम साई मंदिर में दो दिवसीय राम कथा एवम रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस आयोजन मे मंदिर के पूजारी विपिन पाण्डे एवम देवघर से आये पूजारी अरविंद पांडे, पवन पांडे के द्वारा पूरे विधि - विधान पूजा अर्चना, हवन के साथ भब्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे अशोक यादव, प्रकाश कुमार, राहुल कुमार,विक्की पीटर, सोमु कुमार, प्रशांत विश्वास, सूरज कुमार, आदित्य राज इत्यादि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर सैक्डो भक्त गन उपस्थित थे।

## बीडीओ ने लाभुकों को प्रोत्साहन राशि का चेक दिया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन आशीष लकड़ा और प्रखण्ड सम्नवयक राजू प्रसाद द्वारा शौचालय निर्माण करने वाले लाभुक को 12- 12 हजार रुपए का प्रोत्साहन राशि चेक के माध्यम से दिया गया। जिसमें सिल्ली हाहे लुपुंग के सुमित कुमार कोईरी, ग्राम कोचों के रेखा देवी, कुटाम के साबेरुन बीबी आदि शामिल है। प्रखंड बिकास पदाधिकारी ने कहा इन लाभुकों का प्रयास काफी अच्छा रहा।उन्होंने अन्य लाभुकों को भी योजना का लाभ लेने की अपील की। प्रखंड समन्वयक ने बताया कि वैसे लाभुकों को चेक प्रदान किया गया जिन्होंने स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के तहत शौचालय निर्माण हेतु स्वयं ऑनलाईन आवेदन कर शौचालय निर्माण कार्य पुरा कर उपयोगिता प्रमाण पत्र विभाग में जमा किया है।

## नम आंखों से दी गई मां मनसा को विदाई

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सिल्ली मुरी क्षेत्र में मां मनसा की पुजा धुमधाम से सम्पन्न हुआ। रविवार की शाम मां मनसा की विदाई दी गई।सभी महिलाओं ने मां को मिठाई खिलाकर आरती की एवं मां की पैर छुकर आशिर्वाद लिया। नाचते गाते मां का विसर्जन मुरी स्थित स्वर्ण रेखा नदी मे किया गया। विसर्जन मे महिला एवं पुरुष शामिल होकर मां को नम आंखो से विदाई दिया। विसर्जन के बाद भक्तों के बिच प्रसाद का वितरण किया गया।

## नए बिजली ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन

**अनगड़ा** : प्रखण्ड के हरातु पंचायत के आगारटोली में सोमवार को 100 केवीए के नए बिजली ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा ने फीता काट कर किया। यहां का ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाने की वजह से पिछले एक सप्ताह से आगारटोली सहित आसपास का इलाका अंधकार में डूबा हुआ था । सूचना मिलते हीं विधायक ने त्वरित कार्रवाई किया तथा बिजली विभाग से 100 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर आवंटित करा दिया। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विधायक के प्रति आभार जताया। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव, शिवदास गोस्वामी, गेतसूद श्रद्धा सरना समिति अध्यक्ष अजय तिर्की, शिक्षा प्रतिनिधि साकिर अंसारी छोटेलाल महतो संजय नायक पंचायत अध्यक्ष गणेश रजवार सहित अन्य उपस्थित थे।

# भगवान भोलेनाथ करते हैं सबकी कामनाएं पूरी : अंबा प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा रामगढ़ के अति प्राचीन शिव मंदिर कैथा में श्रावण के पवित्र मास के सातवें सोमवारी के अवसर पर रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। सोमवार को अहले सुबह पूर्व से तय कार्यक्रम अनुसार विधायक अंबा प्रसाद अपने पिताजी पूर्व मंत्री योगेंद्र साव समेत पूरे जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों के साथ रामगढ़ के कैथा स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंची व जनता के संग विद्वान साधु संतों की उपस्थिति में पूरे विधि विधान के साथ प्राचीन शिव मंदिर में का रुद्राभिषेक किया और राज्य वासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए भोलेनाथ से मंगल कामना की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भगवान भोले शंकर के जयकारों एवं ओम नमः शिवाय के जप से गुंजायमान होता रहा। सुबह से पूजा एवं हवन के मंत्रोच्चार से पूरा मंदिर के आसपास का वातावरण भक्तिमय बन गया। इस दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं ने बारी बारी से भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि भगवान भोलेनाथ की असीम अनुकंपा से श्रावण के पवित्र मास में देवों के देव महादेव के अति प्राचीन शिवालयों में में रुद्राभिषेक पूजा का आयोजन कराया जा रहा है, इसी कड़ी में अति प्राचीन रामगढ़ के कैथा में स्थित शिव मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया।

## बढ़ता जा रहा है जंगली हाथियों का कहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली के आस पास पिछले कई दिनों से 35 जंगली हाथिया विभिन्न जगहों पर विचरण कर रहे हैं। जिससे ग्रामीण काफी दहशत में हैं। अभी जंगली हाथी लोटा के समीप डेरा जमाए हुए हैं। वन विभाग इन जंगली हाथियों से निजात नहीं दिला पा रहे हैं।जिससे अर्थिक रूप से बदहाल किसान फसल तबाह होने से गुस्से में हैं और वन विभाग व स्थानीय प्रशासन कोई भी कारगर कदम नहीं उठा रहा है। इससे किसानों का गुस्सा और बढ़ता जा रहा है। वन विभाग के वंरक्षी गौतम कुमार बॉस ने बताया कि। इन दिनों बरसात का मौसम होने के बाद क्षेत्र में किसानों के खेतों में हरियाली फैल जाने से जंगली हाथियों के उत्पात में इजाफा हो गया है। इसलिए किसानों से अपील की जा रही है कि किसान अपने खेतों में लगी धान की फसल की सुरक्षा के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव अभी ना करे इससे जंगली हाथियों पर असर पड़ सकता है। इसलिए जंगली हाथियों को क्षेत्र से हटाने के बाद ही दवा का छिड़काव करें।वेसे हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग भी अलर्ट हो चुका है। जिन क्षेत्रों में हाथियों की मौजूदगी बनी है। वहां टीम द्वारा निगरानी की जा रही है। ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो।

## सोमवारी और नाग पंचमी के विशेष संयोग बनने पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सावन माह की सप्तमी सोमवारी और नाग पंचमी के विशेष संयोग बनने पर खलारी-कोयलांचल क्षेत्र के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ खूब रही. शिवभक्तों ने श्रद्धा भाव से शिव को जल अर्पित कर पूजन किया.वहीं नाग पंचमी को लेकर नाग देवता को लावा और दूध अर्पित कर नमन किया. शिवभक्तों ने भक्ति भाव से अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए सुबह से हीं शिवालयों में जाकर भगवान शिव को अभिषेक किया. उन्हें फूल, बेलपत्र, अक्षत, रोड़ी, प्रसाद अर्पित कर उनकी पूजन की.मंदिर पहुंच रहे शिवभक्तों ने शिवालयों की परिक्रमा कर बम-बम भोले के जयकारा लगाया. क्षेत्र के प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर, पुराने जानकी रमण मंदिर, धमधमियां नौ नंबर शिवालय, करकट्टा शिवालय, खलारी बाजारटांड, न्यूशांति नगर, अमृत नगर, मोहन नगर आदि जगहों के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गयी थी. खलारी के सभी शिवालयों में शिवभक्तों में भक्ति भाव का सरोवर बह रहा था. वहीं भगवान शिव का आशीष प्राप्त करने के लिए अनेकों शिवभक्तों ने उपवास रखा.देर शाम खलारी के विभिन्न शिवालयों में रुद्रा-अभिषेक एवं भगवान शिव का विशेष श्रृगांर पुजन किया गया.क्षेत्र में शिव की गीतों से माहौल भक्तिमय बना हुआ था.इधर मन्दिर के पुजारी पहाड़ी मंदिर के पुजारी बृजराज दुबे ने बताया कि सोमवारी और नाग पंचमी होने पर विशेष संयोग बना. इसी कारण आज श्रद्धालुओं की भीड़ काफी देखा गया.भक्तों ने शिव जी के पूजा के साथ नाग देवता का भी पूजन किया.दुबे ने बताया कि इस मौके नाग देवता को दूध से अभिषेक कराया गया. उन्होंने बताया कि आज के दिन नाग देवता का पूजन करने से कालसर्प दोष एवं अकाल मृत्यु से रक्षा होती है.

## डालसा ने मनाया गया विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** झालसा, खूंटी तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी सत्यप्रकाश के निर्देशानुसार जिले भर के विभिन्न प्रखंडों तथा वृद्धा आश्रम खूंटी में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए ÷अकेले नहीं है आप÷ अभियान चलाया गया। इस अवसर पर डालसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि आज हम विश्व सीनियर सिटीजन डे (International Senior Citizens Day 2023) के रूप में मना रहे हैं। इस दिन को मनाने की शुरुआत सबसे पहले संयुक्त राष्ट्र ने की. पहली बार 1990 में वृद्ध नागरिकों के सम्मान में इस दिन को मनाने की घोषणा की गई. इस दिन को मनाने का खास लक्ष्य है कि दुनियाभर के बुजुर्गों को सम्मान दिलाया जाए. उन्हें ये बताया जाएं कि वे हमारे लिए कितने खास हैं.घर के बुजुर्गों के साथ बैठ कर बातें करें.अगर उन्हें कोई समस्या है तो उसे बैठकर सुलझाएं. ऐसा करने से उन्हें अकेला महसूस नहीं होगा. बुढ़ापे में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना होता है. घर में कोई भी काम करने से पहले बुजुर्गों की राय लेना न भूलें. बुजुर्गों को हर दिन व्यायाम और योग करने की सलाह दें.दुनिया बुजुर्गों के सम्मान में एक साथ खड़ी होती है और बुजुर्गों को सम्मान देकर उन्हें यह बताना है कि वह हमारे लिए कितने महत्वपूर्ण है। डलसा अधिवक्ता ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं मे सीनियर सिटीजन कार्ड, प्रधानमंत्री व्यय वंदन योजना, वृद्धावस्था पेंशन इत्यादि का लाभ इन्हें पीएलबी के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है एवं आवेदन दे सकते हैं ।

## मनरेगा लोकपाल ने किया मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जयसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को मनरेगा से संबंधित सेवन रजिस्टर एवं अभिलेख का निरीक्षण किया गया.उसके बाद विभिन्न मनरेगा योजना का निरीक्षण किया गया.जिसमे बसंत उरांव के जमीन पर डोभा निर्माण,तीरथ साहू के जमीन पर सिंचाई कूप निर्माण, भारत महतो के जमीन पर सिंचाई कूप निर्माण,राजकुमारी देवी के जमीन पर सिंचाई कूप निर्माण,रामू उरांव के जमीन पर बिरसा सिंचाई कूप निर्माण,बसंत उरांव के जमीन पर बिरसा हरित ग्राम बागवानी योजना का निरीक्षण किया गया.इस मौके पर लपरा मुखिया श्रीमति पुतुल देवी,प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता,कनीय अभियंता रविरंजन कुमार,पंचायत सचिव परीक्षित महतो,ग्राम रोजगार सेवक विश्वरंजन कुमार,ग्राम प्रधान रवींद्र मुंडा उपस्थित थे.

## भूमि संबंधी समस्या के निदान हेतू शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** भूमि संबंधी समस्यायो के निदान हेतू शिविर का आयोजन चतरा सचिवालय मे किया गया । इसमे भूमि मालिक के आन लाइन रशिद् मे नाम, खाता संख्या, प्लॉट संख्या, रकवा इत्यादि का गलत इंट्री, दाखिल - खारिज इत्यादि समस्यायों को लेकर आसपास के सैक्डो ग्रामीण शिविर में पहुँचे। अंगडा से आये राजस्व उप निरीक्षक इंतियाज अंसारी ने दस्तावेज लेकर जाच कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुखिया डॉली मुंडा,ग्राम प्रधान किस्टो कुजुर, पूर्व मुखिया सोहन मुंडा,समाज सेवी विनय चौधरी, रोहित महतो, सकुल महतो, सुरेश महतो, बेबी देवी, सुरेंद्र कच्छप इत्यादि गण मान्य लोग उपस्थित थे।

## कर्रा मेला टांड़ में एक सोलर पम्प वाटर खराब

**कर्रा** : प्रखंड मुख्यालय स्थित मेला टांड़ में विगत एक माह से सोलर पम्प वाटर खराब रहने से कर्रा मेला टांड़ वासियों को पेयजल कि काफी समस्या हो रही है. ज्ञात हो कि कर्रा मेला टांड़ में पेयजल का एकमात्र साधन सोलर पम्प वाटर है कर्रा मेला टांड़ में करीब 30 से 40 परिवार सोलर पम्प वाटर से पानी लेते थे लेकिन एक माह से पानी के लिए मेला टांड़ के लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है मेला टांड़ के लोगों का कहना है कि कर्रा पंचायत मुखिया रश्मि लकड़ा को सोलर पम्प वाटर खराब होने की सूचना दिया जा चुका है लेकिन मुखिया मेला टांड़ के लोगों का समस्या को नजर अंदाज कर रही है और प्रत्येक दिन टलावा दे रही है इधर दूसरी तरफ कर्रा प्रखंड मुख्यालय में एक लाख लीटर का जल मीनार बनाया गया है लेकिन विभाग द्वारा जलमीनार से कर्रा मेला टांड़ भी परिवार को कनेक्शन नहीं दिया गया है कर्रा मेला टांड़ में पानी को लेकर हहाकार मचा हुआ है. मेला टांड़ में खराब सोलर पम्प की मरम्मत को लेकर बार-बार गुहार लगायी जा रही है।

## बचरा बिशुझापा कालोनी में आपसी रंजिश में युवक की चाकू मारकर हत्या

**पिपरवार** : पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बिशुझापा कालोनी के पास आपसी रंजिश मे एक युवक ने अपने ही पड़ोसी युवक को चाकू से वार कर घायल कर दिया, इसके बाद इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गई।मृतक युवक की पहचान पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा बिशुझापा कालोनी निवासी 35 वर्षीय राजेश कुमार पिता परमेश्वर रजवार के रूप मे की गई है।जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व मृतक राजेश कुमार और उसके पड़ोसी अमित मरांडी नामक युवक के बीच किसी बात को लेकर नोक झोक हुई थी,इसी बीच रविवार की शाम बचरा पीपल चौक स्थित बिशुझापा कालोनी के रास्ते अमित ने राजेश पर चाकु से वार कर घायल कर दिया।घटना के बाद स्थानीय लोगो की मदद से उसे बचरा क्षेत्रिय अस्पताल पहुंचाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।इस दौरान रांची में उनकी मौत हो गई।सूचना पाकर पिपरवार पुलिस बचरा क्षेत्रिय अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

## बचरा उत्तरी पंचायत में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा उतरी पंचायत के बचरा बस्ती पंचायत सचिवालय में सोमवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कई पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए।कार्यक्रम के दौरान बचरा उतरी पंचायत की मिट्टी को कलश में भरकर उसे प्रखण्ड कार्यालय भेजा गया। इस संबंध में गुंजन कुमारी सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रत्येक पंचायत में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है,इसके तहत पंचायत की मिट्टी को कलश में भरकर उसे प्रखंड कार्यालय भेजा जा रहा है,जिसके बाद प्रखंड से जिला और जिला से देश की राजधानी दिल्ली भेजी जाएगी।इस दौरान देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया।इस मौके पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह,पंचायत के नोडल ऑफिसर रामचरण महतो,वार्ड सदस्य अशोक कुमार ठाकुर,सेविका कलावती देवी,ललिता देवी, शांति देवी,बाला कुमारी, ललिता कुमारी,महिला समूह के प्रभारी बसंत कुमार, सदस्य खुशबू कुमारी,अनीता देवी,कौशल्या देवी,सरिता देवी,उगनी देवी,पिंकी सिंह, किशन कुमार सिंह सहित पंचायत के कई लोग उपस्थित थे।

## बुण्डु के खपिया में चल रहे फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल के निकटवर्ती बुंडू पंचायत के खपिया मैदान में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पटेल स्पोर्टिंग क्लब खपिया के द्वारा आयोजित नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता पर फटरिया पानी एफसी ने कब्जा जमाया है।जानकारी के अनुसार फटारिया पानी श्री राम युवा क्लब खपिया को सेमीफाइनल में पेनाल्टी शूटआउट में हराकर फाइनल में प्रवेश किया।वही ओल्ड स्टार प्लेयर्स टीम भी पटेल स्पोर्टिंग क्लब खपिया को पेनल्टी शूटआउट में हराकर फाइनल में पहुंचा।

फाइनल मुकाबले में फटारियापनी एफसी ने ओल्ड स्टार प्लेयर्स टीम को 1- 0 से हराकर टूर्नामेंट का चैंपियन बना। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि बुंडू पंचायत के मुखिया तुलसी तुरी तथा विशिष्ट अतिथि मे पंचायत समिति सदस्य पूर्वी मुनिता कुमारी एवं तथा पश्चिम रंजीत तुरी ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

आयोजन समिति की ओर से विजेता टीम को 15 हजार रूपये नगद तथा खस्सी एवं उपविजेता टीम को 10 हजार नगद तथा खस्सी।वही तृतीय स्थान पाने वाले पटेल स्पोर्टिंग क्लब खपिया और चौथे स्थान पर रहे श्री राम युवा क्लब खपिया को भी पुरस्कृत किया गया।प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार तथा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दोनों पर फटारिया पानी के खिलाड़ी सुनील गंझु ने कब्जा जमाया।जबकि बेस्ट डिफेंडर टेकलाल महतो, बेस्ट गोलकीपर विक्रम तिग्गा और बेस्ट फॉरवर्ड का पुरस्कार अनिल गंझू को दिया गया।

## गुंज परिवार के सौजन्य से स्टूडेंट एक्सप्रेस बस का शुभारंभ, बुंडू में हुआ स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** सोमवार को सिल्ली विधानसभा क्षेत्र की बहुचर्चित स्टूडेंट एक्सप्रेस बस को गुंज परिवार के संरक्षक और सिल्ली के विधायक सुदेश महतो ने हरी झंडी दिखाकर सोनाहातु के टांग टांग गांव से बुंडू के लिए रवाना किया। ज्ञात हो कि ये बस सिल्ली सोनाहातु राहे प्रखंड क्षेत्र को छात्र छात्राओं को लेकर प्रतिदिन बुंडू और रांची के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों महाविद्यालयों के लिए पहुंचाएगी ये सेवा गुंज परिवार के सौजन्य से नि:शुल्क होगी जिसका आज शुभारंभ कर दिया गया है।

गुंज के संरक्षक सुदेश महतो ने कहा कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के गरीब छात्र छात्राओं के स्टूडेंट एक्सप्रेस बस उपलब्ध कराना हमारा सपना था आज इसे धरातल पर उतरते देखकर सुखद अनुभूति हो रही है इस बस में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं बस में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है वाई-फाई इंटरनेट सेवा जीपीएस सिस्टम और छात्राओं के लिए महिला सुरक्षा गार्ड भी रखा गया है विधार्थी मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने सपनों को साकार करें हम उनके साथ हर कदम पर साथ हैं।जैसे ही स्टूडेंट एक्सप्रेस बस आज धुर्वा मोड बस स्टैंड पहुंची तो आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में बस में छात्र छात्राओं को माला पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही वापसी के क्रम में सबको जलपान भी कराया गया।

विद्यार्थियों के प्रतिदिन आवागमन कर शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में झारखंड में ये एक पहला और अनुठा कदम है। इससे पहले किसी संगठन या राजनीतिक पार्टी ने इस तरह की पहल नहीं की थी इस पहल से गरीब छात्र-छात्राओं के खुशी का ठिकाना नहीं है उन्हें अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए घर से लंबी दूरी तय आने जाने के लिए दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा ।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर का ग्राहक सुविधा के लिए 5 साल तक मानार्थ सड़क किनारे सहायता कार्यक्रम

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने और नए वाहन की खरीद की तारीख से 5 साल के लिए मानार्थ सड़क किनारे सहायता कार्यक्रम के साथ मन की अद्वितीय शांति प्रदान करने की दिशा में एक और उल्लेखनीय कदम उठाया है। 2010 में लॉन्च किया गया, आरएसए कार्यक्रम टीकेएम के ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण का अभिन्न अंग रहा है, जो सम्मानित ग्राहकों को उनकी आपातकालीन जरूरतों के दौरान तत्काल सड़क किनारे सहायता प्रदान करता है। नए वाहन पैकेज के एक भाग के रूप में, यह सेवा आवश्यक सुविधाओं की एक श्रृंखला को कवर करती है, जिसमें वाहन की खराबी और दुर्घटना से संबंधित वाहन को खींचने में सहायता, खराब बैटरियों के लिए जंप स्टार्ट, पंक्चर टायर की मरम्मत, कम ईंधन की स्थिति या वाहन की चाबी संबंधी समस्याओं के मामले में सहायता के साथ-साथ 50 किलोमीटर तक की दूरी के लिए टैक्सियों की व्यवस्था करना शामिल है।टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट उपाध्यक्ष - बिक्री और रणनीतिक विपणन, अतुल सूद ने कहा, हम अपने मूल्यवान ग्राहकों के प्रति टोयोटा की अटूट प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में, ग्राहकों के लिए बिना किसी अतिरिक्त लागत के सड़क किनारे सहायता कार्यक्रम को 5 साल (नए वाहन की खरीद की तारीख से) तक बढ़ाते हुए रोमांचित हैं।




## कराओके सिंगर के लिए परसुडीह में होगा कंपटीशन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजकल बहुत सारे लोग कराओके पर अपने मनपसंद गीत गाते है। सोशल मीडिया पर भी उनके गीत सुनने को मिलते हैं। ऐसे सिंगर को मंच देने के लिए स्थानीय गायक राजेन्द्र साह राज द्वारा परसुडीह में एक कंपटीशन का आयोजन किया गया है। परसुडीह पेट्रोल पंप में 5, 10, 16 और 23 सितम्बर को आयोजित होने वाले कंपटीशन में सभी आयु वर्ग के लोग भाग ले सकते हैं। जिसे 4 वर्गों में क्रमशः ए ग्रुप 10 वर्ष, बी ग्रुप 11 से 20, सी ग्रुप 21से 35 एवं डी ग्रुप में 36 साल से उपर के लोग भाग ले सकते हैं। इसमें शामिल होने के लिए प्रवेश कार्ड जरूरी हैं, जो परसुडीह पेट्रोल पंप पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए अमित सात्रा से 9031389201पर संपर्क किया जा सकता हैं। यह जानकारी राजेन्द्र साह राज और अमित सात्रा ने दी। उन्होंने बताया कि फाइनल 23 सितम्बर शनिवार को होगा। विजेताओं को मोमेंटो, सर्टिफिकेट और उपहार देकर सम्मानित किया जायेगा।




## गीतांजलि एक्सप्रेस ट्रेन के नीचे आने से यात्री का पैर कटा

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को चक्रधरपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर डाउन गीतांजलि एक्सप्रेस ट्रेन के नीचे आने से एक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना में यात्री का बांया पैर कट गया है। घायल व्यक्ति टाटानगर का रहने वाला है। यात्री गीतांजलि ट्रेन से टाटानगर के लिए आ रहा था। चक्रधरपुर स्टेशन पर वह चलती ट्रेन में चढ़ने लगा।इससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन के नीचे आ गया। वहीं चक्रधरपुर आरपीएफ पुलिस की मदद से घायल यात्री को चक्रधरपूर रेलवे अस्पताल पहुंचाया गया। वहां स्थानीय चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जमशेदपुर रेफर कर दिया।

## अंजुमन इस्लामिया अध्यक्ष पद के लिए मुमताज उर्फ कलकत्या ने पर्चा दाखिल किया

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंजुमन इस्लामिया चक्रधरपुर के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मुमताज अंसारी उर्फ कलकत्या ने पर्चा दाखिल किया। नॉमिनेशन से पहले मुमताज अंसारी काफी लोगों के साथ जुलूस के शक्ल में हल्ला गुल्ला नारा के साथ पर्चा दाखिल करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि आवाम की भला के लिए मैं मुमताज अंसारी अध्यक्ष पद के लिए खड़ा हुआ हूं किसी भी तरह की परेशानी और मुसीबत में मैं आवाम के साथ हमेशा कदम से कदम मिलाकर खड़ा रहूंगा। उन्होंने कहा कि अंजुमन इस्लामिया की बुनियाद मौलाना अबुल कलाम आजाद ने रांची में रखी थी जो आज तक कायम है और इसी तर्ज पर रांची और चाईबासा को देखते हुए चक्रधरपुर में भी अंजुमन इस्लामिया कायम हो रहा है और इस अंजुमन इस्लामिया में अध्यक्ष पद के लिए मैं भी दावेदार हूं।



## अज्ञात हाइवा की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा थाना अंतर्गत चौका-कांड्रा मार्ग पर लखना सिंह घाटी के समीप ढलान पर एक अज्ञात हाईवा द्वारा ठोकर मार दिए जाने से बाइक सवार हेंसाकोचा निवासी गोराचंद हेम्ब्रम (32) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ठोकर मारने के बाद हाइवा चालक वाहन लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, गोराचंद अपने साले के साथ बाइक से निजी काम से कांड्रा बाजार आए थे। घटना की सूचना मिलते ही कांड्रा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जेआरडीसीएल के एम्बुलेंस से उसे एमजीएम अस्पताल भेजा। उक्त घटना में उनके साले को हल्की चोटें आई है।

## जिला युवा कांग्रेस कमिटी की बैठक में संगठन को और सशक्त बनाने पर चर्चा

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परिसदन सरायकेला में जिला युवा कांग्रेस कमेटी की एक बैठक प्रकाश महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में युवा कांग्रेस कमेटी को जिले में सशक्त एवं सक्रिय बनाने को लेकर बैठक के वरीय पदाधिकारियों द्वारा कई टिप्स दिए गए। मिशन 2024 लोकसभा चुनाव के लिए संगठन को बूथ से पंचायत एवं प्रखंड स्तर मजबूत बनाने को कहा गया।बैठक मे युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी शेष नारायण ओझा, प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, जिला प्रभारी कुलदीप कुमार, प्रदेश महासचिव सौरभ अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यम सिंह, राकेश साहू, प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

# अफीम व गांजे की खेती करने वाले किसानों को व्यवसायिक खेती के लिए करें प्रेरित : रविशंकर शुक्ला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने जिले में नशा मुक्ति अभियान के सफल संचालन को लेकर विभिन्न संगठन के प्रतिनिधियों सहित एक विशेष बैठक की एवं उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक का संचालन पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय चंदन कुमार वत्स ने किया। जिले में 15 अगस्त से 14 सितंबर 2023 तक जिले में संचालित नशा मुक्ति अभियान पर विस्तृत जानकारी विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि को दिया। साथ ही अपने स्तर से लोगों के मध्य जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रचार प्रसार कर नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करने की बात कही।उपायुक्त ने कहा जिले के कुचाई, खरसावां, कांडरा, इचागढ़ एवं कुकड़ू थाना क्षेत्र में अवैध अफीम एवं गांजे की खेती होती है। इसे रोकते हुए किसानो को सब्जी, फल एवं अन्य व्यवसायिक खेती के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा किसानो को चिन्हित कर सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करें ताकि वे अवैध खेती के बजाय अन्य विकल्प ढूंढ सकें। नशे की लत के शिकार युवा आगे विभिन्न आपराधिक कार्यो मे संलिप्त हो जाते हैं। तथा इसका कुप्रभाव उनके परिवार एवं समाज पर पड़ता है। ऐसे युवाओं को चिन्हित कर विभिन्न तरीके से नशा मुक्ति की ओर अग्रसर करें। उन्होंने कहा नशा मुक्ति अभियान के सफल संचालन में ग्रामीण क्षेत्र के अभिवावको का अहम रोल है। वे अपने क्षेत्र मे हो रहे अफीम एवं गांजा की खेती की सूचना तत्काल नजदीकी प्रशासन को दें। ताकि नशा के चंगुल से समाज के नई पीढ़ी को बचाया जा सके। स्थानीय जनप्रतिनिधिगण भी अपने स्तर से क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करें। ताकि नशा की बढ़ने की बजाव युवा परिवार के विकास एवं समाज के विकास मे अपना योगदान दें।बैठक में उपसमाहर्ता सामान्य शाखा प्रियंका प्रियदर्शी, कार्यपालक दंडाधिकारी डॉ.सुधा वर्मा , सोशल मीडिया प्रसार पदाधिकारी नंदन उपाध्याय एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## बिष्टुपुर के मिलानी हॉल में धूम मचा रहे जादूगर सिकंदर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जादू दिमाग को तेज और तर्कशील बनाने के साथ तनाव अवसाद दूर करने मे भी मददगार साबित हो सकता है। यह भारत की ऐसी कला है जो प्रकृति के नियमों को टूटते और अलौकिक घटनाओ को घटित होते दिखा कर अद्भुत आनंद दर्शकों को प्रदान करता है, यह कहना है इस्पात नगरी के बिष्टुपुर स्थित एयर कंडिशंड मिलानी हॉल मे भव्य जादू शो दिखा रहे जग प्रसिद्ध जादूगर सिकंदर का। महान शो मैन सिकंदर बताते हैं कि इंग्लैंड आदि देशों ने मैजिक की इस खासियत को बहुत पहले पहचान लिए थे और भारत के फुटपाथों पर बिखरी जादू जैसी महान कला को अपने यहां सम्मानित मंच प्रदान किया। वहां गणित और विज्ञान की व्यावहारिक पढ़ाई और नीरस लगने वाले इन विषयों मे बच्चों की अभिरुचि जागृत करने के लिए जादूगर लोगों की सेवाए ली जाने लगी। भारत मे भी अब योग, जादू और सम्मोहन को लोग खुले दिल से स्वीकार कर रहे हैं. यही कारण है कि लोग पूरे परिवार के साथ जादू देखने आते हैं।

## नारायण प्राईवेट आईटीआई चांडिल में मना उद्यमिता दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** नारायण प्राईवेट आईटीआई लुपुंगडिह चांडिल में उद्यमिता दिवस मनाई गई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि रूप में अजय उपाध्याय क्षेत्रीय संगठन मंत्री स्वदेशी जागरण मंच उपस्थित थे। उन्होंने सभी कर्मचारियों एवम सभी छात्र छात्राओं को कैसे उद्यमिता खड़ा होगा इसके लिए अपने स्वयं द्वारा निर्णय लिया गया। संस्थान के संस्थापक डॉक्टर जटाशंकर पांडे ने कहा की उद्यमिता पर प्रकाश डाला। क्षत्रिय संगठन मंत्री स्वदेशी जागरण मंच डाक्टर अनिल राय, श्रम नियोजन चांडिल के कर्मचारी जॉयदिप पांडे, पवन कुमार महतो, शांती राम महतो, कृष्णा पद महतो, भोला नाथ सिंह ,

## राज्य स्तरीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में टाटा स्टील ट्रेनिंग सेंटर के कैडेटों ने 14 पदक जीते



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील ट्रेनिंग सेंटर के कैडेटों ने 4 से 6 अगस्त तक साहेबगंज में आयोजित प्रथम झारखंड राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 के दौरान 14 पदक जीते। 12 स्पर्धाओं में विभिन्न आयु वर्गों में प्राप्त पदकों में छह स्वर्ण, एक रजत और 7 कांस्य शामिल हैं। टाटा स्टील प्रशिक्षण केंद्र के कुल 24 कैडेटों जिनमें 14 लड़के और 10 लड़कियां शामिल थीं, ने इस आयोजन में पूर्वी सिंहभूम जिला टीम के रूप में भाग लिया।ओलंपियन आनंद मेनेजेस, चीफ कोच (एथलेटिक्स) और दिनेश रक्षित, मैनेजर (स्पोर्ट्स) और वरिष्ठ राज्य खिलाड़ी ने पदक विजेताओं से मुलाकात की एवं खिलाड़ियों और कोच अपूर्बा दासगुप्ता को शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

## भुइयांडीह के नंदनगर में साहू समाज क्षेत्रीय कमेटी का गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सोमवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में साहू समाज आपके द्वार कार्यक्रम के तहत भुइयांडीह पार्क नंदनगर में एक सभा का आयोजन कर क्षेत्रीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सागर साहू को क्षेत्रीय अध्यक्ष, विश्वनाथ साव को सचिव और आकाश गुप्ता को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष को 15 दिनों के अंदर कमेटी का विस्तार कर जिला कमिटी को जानकारी देने का आदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, सत्यनारायण साव, शिक्षक राजेश प्रसाद, लीगल एडवाइजर संजय साह, जिला उपाध्यक्ष पप्पू साहू, जिला सचिव अशोक साहू, संजय साव, जिला सलाहकार शैलेंद्र कुमार, महिला अध्यक्ष पूजा साहू, सिद्धगोडा थाना अध्यक्ष मनोज साहू, कमलेश साहू आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज एवं संगठन का मजबूत करने पर जोर दिया।

### विधायक ने सीनी हादसे पर डीआरएम को लिखा पत्र

## संवेदक पर कार्रवाई करने व घायल मजदूरों को मुआवजा देने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** सीनी के रेलवे कॉलोनी में पुराने क्वाटरों को तोड़ने के दौरान घायल हुए चार मजदूरों को मुआवजा देने व दोषी संवेदक पर कठोर कार्रवाई करने की मांग स्थानीय खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने की है. इस संबंध में विधायक दशरथ गागराई ने चक्रधरपुर के डीआरएम को पत्र लिखा है. पत्र की प्रतिलिपि सरायकेला-खरसावां जिला के उपायुक्त को भी भेजी गयी है. पत्र में कहा है कि 19 अगस्त को सीनी रेलवे कॉलोनी में पुराने क्वाटरों को तोड़ने के क्रम में छत का एक हिस्सा गिर गया. मलवा में दब कर चार मजदूर मजदूर बोसेन हेंब्रम, सानगी बोदरा, कृष्णा बोदरा व बुधन सिंह गागराई गंभीर रुप से घायल हो गये है. घायल को इलाज के लिये पहले सरायकेला के सरदर अस्पताल लाया गया, फिर वहां से बेहतर उपचार के लिये उच्च चिकित्सा संस्थान में रेफर कर किया गया है. विधायक दशरथ गागराई ने पत्र में कहा कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि संवेदक द्वारा सुरक्षा उपायों की अनदेखी के कारण यह घटना घटी है. घटना के बाद से संवेदक फरार है।



## आंदोलनकारियों ने जल सत्याग्रह का स्थान बदला, नौका बिहार में प्रशासन रहा मुस्तैद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**नीमडीह :** सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल के अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के बैनर तले सोमवार को घोषित जल सत्याग्रह को लेकर चांडिल डैम के आसपास कड़े सुरक्षा का इंतजाम किया गया है. चांडिल डैम जाने वाले दोनों सड़क पर बड़ी संख्या में पुलिस के जवान तैनात रहे. वही डैम के नौका विहार स्थल पर भी दंडाधिकारी के साथ बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस के जवानों को तैनात किया गया था. डैम के अंदर किसी को भी जाने का अनुमति नहीं दिया गया।मंच के सदस्य विवेक किंग बाबू ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण रूप से आंदोलन नहीं करने देना संवैधानिक अधिकारों का हनन है. उन्होंने कहा कि अपने जायज मांगों के समर्थन में मंच के बैनर तले विस्थापित अपना आंदोलन कर रहे हैं. चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में सोमवार को चांडिल डैम में जल सत्याग्रह करने का कार्यक्रम था. जिसे पुलिस प्रशासन के द्वारा रोका जा रहा. कहा जमीन जायदाद लेने के 40 वर्षो के बाद तक विस्थापितों को मुआवजा और संपूर्ण पुनर्वास की सुविधा नहीं मिलना अपने आप में अपराध है।



## पीएलवी के विधिक साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को दी गई कानूनी जानकारी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**तिरलडीह :** सोमवार को नीमडीह प्रखंड के अंतर्गत रघुनाथपुर ग्राम में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पीएलवी शुभंकर महतो ने ग्रामीण को जानकारी देते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक का परित्याग करना दंडनीय अपराध है। इसके लिए तीन माह का कारावास व 5 हजार रू तक को जुर्माना अथवा दोनों हो सकता है। धारा 125 के तहत माता-पिता को भरण पोषण प्राप्त करने का कानूनी अधिकार देती है। पीएलवी ने 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2023 तक विशेष मध्यस्थता अभियान के साथ कानूनी जानकारी दी। इस अवसर पर पुष्पा महतो, आशा मछुआ, अनिता मछुआ आदि उपस्थित थे।

## बीएनएमएच में सीनियर सिटीजन हेल्थ चेकअप पैकेज का अनावरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** वर्ल्ड सीनियर सिटीजन डे के अवसर पर ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, तामोलिया, जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने कहा कि सीनियर सिटीजन के स्वास्थ्य का ख्याल और देखभाल करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारियों में से एक है। उन्होंने आगे कहा कि परिवार में अगर सीनियर सिटीजंस स्वस्थ्य और खुशहाल है तो वह परिवार सभी दृष्टिकोण से स्वस्थ माना जाता है। उन्होंने इस मौके पर सीनियर सिटीजन हेल्थ चेकअप पैकेज का अनावरण किया। जिसकी विशेषता बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से सीनियर सिटीजंस को डायबिटीज, हृदय, हड्डी, लीवर, किडनी एवं मूत्र से संबंधित ब्लड जांच बहुत ही किफायती राशि पर उपलब्ध कराई जाएगी। जांच के बाद रिपोर्ट के साथ जनरल फिजिशियन का परामर्श निःशुल्क उपलब्ध भी कराया जाएगा। अगर ऑपरेशन या फिर किसी उच्चतम इलाज की जरूरत पड़ती है तो हॉस्पिटल प्रबंधन उन्हें विशेष छूट प्रदान भी करेगी।

## ऑल इंडिया आइडियल टीचर एसोसिएशन की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज ऑल इंडिया आइडियल टीचर एसोसिएशन की बैठक एआईआईटीए कार्यालय में हुई । बैठक में बताया गया की आगामी 24 सितंबर से 15 अक्टूबर तक राष्ट्रीय स्तर पर एक मुहिम शुरू हो रही है, जिसमे शिक्षक बैठक, अभिभावक बैठक, सेवानिवृत्त शिक्षकों के लिए पुरस्कार छात्र और शिक्षक अभियान आदि थीम शामिल है।बैठक में राष्ट्रीय सचिव खालिद इकबाल, प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर जावेद अख्तर अंसारी, सैक सदस्य खुर्शीद अकरम, सचिव नौशाद आलम, उपाध्यक्ष महफूज आलम, प्रदेश सचिव सरफराज अहमद ने कहा कि कोल्हान के चक्रधरपुर, चाईबासा, घाटशिला, मुसाबनी, राज खरसावां, चांडिल, जगन्नाथपुर, हल्दी पोकर, जयंतीगढ़, चाकुलिया, मनोहरपुर में एक महीने के अंदर नई यूनिट बनाई जाएगी और हज़ारीबाग़, पलामू, धनबाद, रांची, जमशेदपुर में सेमिनार और पुरस्कार कार्यक्रम रखा जाएगा।

## बर्मामाईंस के कैरेज कॉलोनी दुर्गा पूजा पंडाल का भूमि पूजन संपन्न, बनेगा भव्य काल्पनिक पंडाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आज बर्मामाईंस कैरेज कॉलोनी में श्रीश्री शारदीय सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के दुर्गा पूजा पंडाल का भूमि पूजन हुआ। पुरोहित सियाराम पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अनुष्ठान संपन्न कराया। भूमि पूजन के दौरान विशेष रूप से कमिटी के लाईसेंसी कमलेश दूबे, अध्यक्ष रूपम साहू एवं अन्य सदस्य मौजूद रहें। कमलेश दूबे ने बताया की इसबार लगभग 5 लाख की काल्पनिक पूजा पंडाल का निर्माण कराई जा रही है। निर्माण कार्य पश्चिम बंगाल के पंडाल कारीगरों द्वारा की जायेगी। बताया की कैरेज कॉलोनी में वर्ष 1962 से लगातार सार्वजनिक दुर्गोत्सव का आयोजन होती आ रही है। भूमि पूजन कार्यक्रम में विशेष रूप से महेंद्र पांडेय, लाईसेंसी कमलेश दूबे, अध्यक्ष रूपम साहू, रामाश्रय सिंह, राधेश्याम पांडेय, आजसू नेता अप्पू तिवारी, भाजपा नेता अंकित आनंद, मोहन राव, विजय चौधरी, आशीष शर्मा, मनोज मुखी, संजय पांडेय, डी रमना राव, गोपाल शर्मा, अशोक शुक्ला, प्रेम दूबे, दीपू तिवारी, सुमित शर्मा, विजय उपाध्याय, रमेश ठाकुर, अर्पण, छोटू पांडेय, अंकित पांडेय सहित अन्य मौजूद रहें।





## प्रखंड स्तरीय जांच सह उपकरण वितरण शिविर में 53 बच्चें चिन्हित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए प्रखंड स्तरीय जांच सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रखंड मुख्यालय गम्हरिया में आयोजित शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि गम्हरिया की प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुब्रता महतो एवं विशिष्ट अतिथि समावेशी शिक्षा के जिला प्रभाग प्रभारी सिद्धेश्वर झा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर महतो ने कहा कि स्वामी विवेकानंद प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रत्येक दिव्यांग व्यक्ति को प्रति महीने 1000 रुपया दिया जा रहा है। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों की जांच डॉ गौरी शंकर बेहरा, डॉ गुरु दत्ता लंका, डॉ हैंजाला इरशद एवं टेक्नीशियन के रूप में मौजूद छोटू सिंह और सुंदरम तिवारी द्वारा किया गया। इसमें 53 बच्चों को चिन्हित किया गया है।कार्यक्रम को सफल बनाने में रिसोर्स शिक्षिका सीमा कुमारी, चांदमुनि होनहागा, विद्यालय के शिक्षक पूनम ज्योति गुड़िया, अरुणा चौधरी, झरना गोराई प्रवीण प्रधान, श्यामल सहिस, उमवि प्रखंड मुख्यालय की प्रधानाध्यापिका अनीता टोपनो आदि की अहम भूमिका रही।

## विधायक दशरथ गागराई ने किया आमदा-बडबिल सड़क जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने खरसावां के आमदा मोटू चौक से गुवाबेड़ा, पांडुवा, काशीपुर, होते हुए सरायकेला के बडबिल तक सड़क जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया. 10.90 किमी लंबी इस सड़क चौड़िकरण व पुर्ननिर्माण पर करीब 30.33 करोड़ की लागत आयेंगी. जबकि भू-अधिग्रहण पर करीब 6.05 करोड़ की लागत आयेगी. खरसावां के आमदा में आयोजित शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि खरसावां विस क्षेत्र के गांवों को बेहतर रोड़ कनेक्टीवीटि से जोड़ा जा रहा है. इस सड़क के बन जाने से सरायकेला प्रखंड के बडबिल, पांडूवा समेत खूंटपानी के केयाड़चालम समेत खरसावां गुवाबेड़ा,काशीपुर आदि गांव सीधे राजखरसावां रेलवे स्टेशन से जुड़ जायेंगे. साथ ही आमदा, बाडबांबो,जोरडीहा,तेलाडीह पंचायत क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय सरायकेला जाने के लिये खरसावां होते हुए जाना नहीं पड़ेगा शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रुप से विधायक प्रतिनिधि नायडू गोप, अनूप सिंहदेव, जिप सदस्य काली चरण बानरा, राज बागची, लोक कलाकार संतोष महंतो,अजय सामड़, रानी हेंब्रम, संजय प्रधान, अमर सिंह हांहसदा, अरुण जामुदा, धनु मुखी, सुरेश मोहंती, करम सिंह मुंडा, भरत सिंह मुंडा, धर्मेंद्र सिंह मुंडा,सुशील महतो, मनीष दिग्गी,रथु



# उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में ऑनलाइन माध्यम से उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में टाना भगत समुदाय के विकास के लिए क्रियान्वित योजना-स्कीमों की समीक्षा की गई। टाना भगत विकास प्राधिकार की बैठक में चिन्हित टाना भगत समुदाय के लिए संचालित योजनाओं कि बिन्दुवार प्रगति-उपलब्धि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश उत्तराधिकारी के आधार पर भूमि नामांतरण करना तथा निःशुल्क रसीद उपलब्ध कराना व बटवारा दाखिल खारिज यदि अपेक्षित हो तो उसे यथाशीघ्र पुरा कराना, टाना भगतों को प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना का लाभ, परिवार को चार-चार गाय निःशुल्क प्रदान करना एवं शेड का निर्माण कर लाभान्वित करना, टाना भगत के बच्चों को शक्ति विश्वविद्यालय में नामांकन, टाना भगतों को खाद्य-बीज उपलब्ध कराना, रोजगार से जोड़ना, टाना भगतों के परिवार के बच्चों को छात्रवृति उपलब्ध कराना, टाना भगत के उपायोग हेतु एक सामुदायिक भवन का निर्माण, जमीन से संबंधित समस्या का समाधान एवं योजनाओं का प्रस्ताव समेत कई अन्य निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिए गए थे। इसी को लेकर उपायुक्त श्री अबु इमरान ने आज सभी निम्नलिखित बिन्दुओं की क्रमवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।प्रखण्ड विकास पदाधिकारी टण्डवा रंथु महतो द्वारा जानकारी दी गई कि टाना भगत सामुदायिक भवन बनकर तैयार हो चुका है। वहीं टाना भगत द्वारा सामुदायिक भवन तक सम्पर्क पथ की मांग की जा रही है। इसे लेकर उपायुक्त द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी टण्डवा को निर्देशित किया गया कि स्थल का निरीक्षण कर प्रस्ताव उपलब्ध कराएं।कृषि विभाग अन्तर्गत संचालित योजनओं से अच्छादित करने हेतु जिला कृषि पदाधिकारी चतरा व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी टण्डवा को टाना भगत के गांव में निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि निरीक्षण के क्रम में सभी योग्य टाना भगत परिवार को शत प्रतिशत खाद्य-बीज उपलब्ध करायेंगे। टाना भगत के बच्चों को रोजगार से जोड़ने हेतु कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। अंचल अधिकारी टण्डवा विजय कुमार के द्वारा टाना भगत के बच्चों के पठन पाठन को लेकर जानकारी दी गई कि टाना भगत के बच्चों के शिक्षा हेतु रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में इस वर्ष 13 फार्म प्राप्त किए गए थे जिसमें 04 बच्चों का चयन किया गया है। उत्तराधिकारी के आधार पर भूमि नामांतरण कराने एवं निःशुल्क रसीद उपलब्ध कराने, बटवारा दाखिल खारिज समेत अन्य को लेकर अंचल अधिकारी टण्डवा को कैंप का आयोजन कर मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया।वहीं बैठक में टाना भगत परिवार के जाति आवासीय प्रमाण पत्रों के बन्ने में आनेवाली समस्याओं पर विचार विमर्श कर टण्डवा अंचल अधिकारी को नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया। जिला गव्य विकास पदाधिकारी चतरा को योग्य टाना भगत परिवार को शत प्रतिशत अनुदान पर चार-चार गाय एवं शेड निर्माण कराने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# मंत्री सत्यानन्द भोगता सदर प्रखंड के मोकतमा गांव पहुंचे

## प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्र छात्राओं को दिया सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मंत्री सत्यानन्द भोगता सोमवार को सदर प्रखंड के मोकतमा गांव पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री भोगता ने निर्धारित कार्यक्रम के तहत मोकतमा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोकतमा में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।विद्यालय परिवार ने मंत्री श्री भोक्ता को अंगवस्त्र, गुलदस्ता देकर स्वागत किया। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेघावी छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह, मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव वरिष्ठ नेता नंदकिशोर सिंह उर्फ नदु सिंह महरू यादव प्रदेश उपाध्यक्ष बिनोद भोगता मंत्री प्रतिनिधि अजय राम, प्रदेश महासचिव भोली साहू, प्रदेश सचिव दीपक साहू, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार सिन्हा, संजय कुमार पांडेय, रामाधार सिंह राहुल पांडेय, बालेश्वर यादव, संतोष कुमार, प्रवीण कुमार, छात्र छात्राओं, एवं कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# शिव मंदिर से निकाली गई कलश यात्रा



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के मोंगर पंचायत के ग्राम केडू में भुस्कइल शिव मंदिर में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर औरंगा नदी तक गई। पंडित प्रदीप पांडेय के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर जलभरी की गई। आयोजन में सैंकड़ों श्रद्धालुओं शामिल हुए। पूर्व पंचायत समिति सदस्य पिंटु कुमार रजक, आयोजन समिति अध्यक्ष राजकुमार पासवान एवं गीता देवी, सचिव राधिका पासवान, कोषाध्यक्ष अनिल पासवान नंदन कुमार दीपक सुदर्शन पासवान अंकित बिट्टू राहुल इत्यादि उपस्थित रहे।

# अज्ञात चोरों ने की दिनदहाड़े चोरी



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारीयातु प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत बरछिया गांव में रविवार को अज्ञात चोरों ने मजदूर किसान रामकुमार उरांव, पिता बढ़न उरांव के घर का ताला तोड़ कर दिनदहाड़े नकद सहित जेवरात की कर ली चोरी। घटना के संबंध में पीडित ने बताया कि हम सभी परिवार सुबह घर मे ताला लगाकर खेत पर धान रोपने चले गए थे। कि लगभग 11 बजे पडोसियों के द्वारा जानकारी मिली की घर का मुख्य दरवाजा पर लगा ताला टूटा हुआ है। सुचना मिलते ही घर पहुंच कर अंदर प्रवेश किया तो सभी कमरे का दरवाजा खुला पाया। कमरे मे रखा बडा बक्सा खुला है और उसमें रखा सारा सामना बीखरा था। चोर पूरे घर को खंगालते हुए बड़ा बक्सा मे रखा चालिस हजार रुपये नकदी और लगभग पच्चास हजार रुपये का जेवरात ले भागे। घटना के बाद इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को आवेदन के माध्यम से देने की बात कही।

# डीलरो और प्रखंड सबंधित पदाधिकारी के मिली भगत से की जा रही राशन की कटौती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड अंतर्गत संचालित पीडीएस दुकान पर प्राप्त ग्रामीणों के द्वारा शिकायत मिली की इस माह में जो राशन का आवंटन किया जा रहा है इसमें लाभुक को प्रति यूनिट 4 किलो राशन दिया जा रहा है अंतोदय कार्ड धारियों को जहां 35 किलो राशन देना था वहां डीलर के द्वारा 29 -30 किलो राशन दिया जा रहा है प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विकास कुमार यादव झारखंड सरकार द्वारा निरक्षण किया गया तो लाभुको ने बताया कि हम जब राशन कम दिए जाने पर आवाज उठाते है तो हम कार्डधारीयों को धमकी दिया जाता है कि ज्यादा हल्ला करोगे तो राशन कार्ड काट दिया जाएगा सब लाभुको को दर्ज सभी शिकायत सत्य पाया गया ग्रामीण लाभुको ने उक्त 4 डीलररों पर राशन कटौती का आरोप लगाया है उनमेंसे, रोशनी महिला समूह, सिंघानी, खुदनाथ राम, बरवाडीह, सावित्री महिला समूह पत्थलगड़ा, श्यामलाल दांगी पत्थलगड़ा, विकास कुमार ने जब सबंधित जिला आपूर्ति पदाधिकारी से बात किया तो जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया की सभी प्रखंडों में राशन का आवंटन पूर्ण किया गया है।उन्होंने बताया की पूर्व में राशन का आवंटन डीलर के पास स्टॉक में मौजूद है जो इस माह का आवंटन के साथ मिलाकर लाभुको के बीच राशन वितरण करना हैं। मौके पर पत्थलगड़ा प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विकास कुमार यादव,प्रमुख मनीषा कुमारी,आरजेडी प्रखंड अध्यक्ष बैजू यादव, दीपेंद्र दांगी, वगैरह ग्रामीण लाभुक मौजूद थे।

# वैष्णव दुर्गा मंदिर में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के कारगिल पार्क के पास अविस्थत श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धुमधाम से मनायी जायेगी. दुर्गा पूजा के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने एवं अन्य विषयों पर चर्चा करने के लिए मंदिर के कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक संरक्षक विनोद कुमार साहु की अध्यक्षता में आयोजित की गयी।बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता उर्फ भोला ने कहा कि दुर्गा पूजा धुमधाम से मनायी जायेगी और इसमें कोई कोर कसर नहीं छोडी जायेगी। उन्होंने पूजा के सफल आयोजन में सामुहीक भागीदार निभाने की अपील की, बैठक में दुर्गा पूजा को ले कर कार्यक्रमों की रूपरेखा बनायी गयी और दायित्वों का बंटवारा किया गया। प्रतिमा निर्माण, मंच सजावट, पूजन व प्रसाद तथा विसर्जन तक के लिए दायित्वों का बंटवारा किया गया और पूरी निष्ठा से दायित्वों का निवर्हन करने की अपील की गयी। बैठक में सचिव आशीष टैगोर ने मंदिर के उपरी तल्ले में अविस्थत विवाह मंडप व कमरों से प्राप्त आय व व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, उन्होने मंदिर के उपरी तल्ले के कमरों को व्यविस्थत करने का प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा, इस पर समिति ने प्रत्येक कमरों में कुर्सी-टेबुल, इन्वर्टर से बिजली, नया गद्दा व तकिया आदि लगाने का प्रस्ताव पारित किया। बैठक में मंदिर के उपरी तल्ले के दो सीढ़ियों मे गेट लगाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक मे मंदिर समिति के उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, रंजीत कुमार, राजीव कुमार, सतीष कुमार, दीपक विश्वकर्मा, संजय कुमार गुड्डु, आकाश जायसवाल, धनेश्वर प्रसाद व वीरनाथ प्रजापति आदि शामिल थे।

# पशु ने दो सिर वाले बछड़े को दिया जन्म, मौत

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेतला नेशनल पार्क से सटे पोखरीकला गांव मे एक गाय ने दो सिर वाला बछडा को दिया जन्म .. पशुपालक मिथलेश मिस्त्री के घर पर बछडा को देखने को लेकर उमडी भीड वही जन्म के एक घंटे बाद बछडे की हुई मौत वहीं मिथलेश मिस्त्री ने पत्रकारों को बताया कि मेरे गाय ने दो सिर वाले बछड़े को जन्म दिया उसके बाद स्थानीय लोगों सुचना होने के बाद काफी संख्या में बछड़े को देखने के लिए भीड़ इकट्ठा हो गई और कुछ ही घंटों बाद इसकी मृत्यु भी हो गई। बछड़े पशु मालिक के द्वारा दफना दिया गया।

# ब्रह्मभोज में शामिल हुए विधायक रामचंद्र सिंह

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छिपादोहर निवासी राजू प्रसाद के माता जी के निधन के बाद ब्रह्मभोज कार्यक्रम में सोमवार देर शाम उनके निवास स्थान छिपादोहर आवास पर आयोजित ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल हो कर दुख की घड़ी में हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

# मारपीट कर पैसा लूटने का आरोप, थाना को दिया आवेदन



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के हेरहंज प्रखंड अंतर्गत घूरे ग्राम निवासी नीरज कुमार पिता अर्जुन साव ने अपने गांव के ही बबलू यादव समेत कई लोगों पर मारपीट व पैसा लूटने का आरोप लगाया है। नीरज कुमार ने हेरहंज थाना में दिए गए आवेदन में कहा है कि रविवार को साप्ताहिक हाट में हम लोग जूता का दुकान खोलकर जूता चप्पल की बिक्री कर रहे थे। मेरे साथ मेरा भाई प्रमोद कुमार एवं छोटू कुमार साथ में था। इसी बीच बबलू यादव आकर सेंट्रिंग का बकाया 1000 रुपये मांगा। मेरे द्वारा यह कहा गया कि आपका 700 रुपये ही बकाया है। इस बात को लेकर दोनों में हल्का विवाद हुआ। इसी बीच बलि यादव,पवन यादव ,सुरेंद्र यादव,,मंटू यादव,बबलू यादव सुरेंद्र यादव अपने साथ लाये। चाकू, लोहे का रॉड, डंडा से तीनों भाइयों पर जान लेने की नीयत से हमला कर दिया। जिसमें तीनों का सर में गंभीर चोटें लगी हैं ।एवं जूता चपल बिक्री कर झोला में रखा गया 25000 रुपये भी इन्होंने निकाल कर फरार हो गया। घटना के बाद हम सभी लोग बालूमाथ सामुदायिक अस्पताल पहुंचकर अपना इलाज कराएं। जहां तीनों के सर में फटने के कारण कई टांके लगे। उन्होंने आवेदन में कार्रवाई की मांग की है।

# बाइक से गिरकर छह घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ-बालू मुख्य पथ पर सोमवार को मोटरसाइकिल से गिर कर छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलो में अजय नायक 22 वर्ष पिता आनंद नायक और उसकी पत्नी सुमन देवी 20 वर्ष पुत्री अनिशा कुमारी 4 वर्ष, पुत्र अंश नायक डेढ़ वर्ष धुर्वा रांची निवासी एवं अजय नायक की साली आरती देवी 22वर्ष पति दीपक नायक और उसका पुत्र ऋषभ नायक डेढ़ वर्ष मांडर रांची निवासी शामिल है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए अजय नायक ने बताया कि सभी लोग अपने ससुराल दिरीदाग थाना बालूमाथ से नगर मंदिर पूजा करने जा रहे थे ।इसी दौरान ओलहेपाट ग्राम के समीप तीखे मोड़ में अनियंत्रित होकर बाइक से गिर गए ।घटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ0सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया ।घटना का मुख्य कारण एक ही मोटरसाइकिल में छह लोगों का सवार होना बताया जाता है।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ मंगरा शिव मंदिर का स्थापना दिवस कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** प्रखंड क्षेत्र के मंगरा पंचायत अंतर्गत मंगरा में स्थापित शिव मंदिर की 12 वें स्थापना दिवस को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत आज सोमवार को कलश यात्रा के साथ ही शुरुआत की गई। जिसमे मुख्य रूप से विधायक रामचंद्र सिंह, जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि आपूर्ति विभाग विवेक कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, पंचायत के मुखिया विपिन बिहारी सिंह, पंचायत समिति सदस्य, शिक्षक सह मुख्य जजमान सुकन सिंह, अजय चंद्रवंशी, अनिल सिंह, शिवानंद तिवारी, विजय बहादुर सिंह, समेत अन्य लोग मौजूद थे। वही पूरे विधि विधान से मंदिर परिसर में पूजा अर्चना के साथ मंदिर परिसर से कलश यात्रा की शुरुआत की गई जिसमें पंचायत क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के कई पंचायत से सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया जिनके बीच विधायक जिला परिषद सदस्य और अन्य अतिथियों के द्वारा कलश के वितरण करने का काम किया गया जिसके बाद सभी श्रद्धालु कलश यात्रा के लिए रवाना हुए जहाँ लगभग 5 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए कोयल नदी से जल लेकर कलश को मंदिर परिसर में लाकर स्थापित किया गया स्थानीय श्रधालुओं में काफी हर्षोल्लास और खुशी देखी गई।

# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक टाउन हॉल टंडवा में संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टाउन हॉल टंडवा में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के द्वारा टंडवा प्रखंड स्तरीय बैठक किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता राजकुमार महतो एवं संचालन बिजली महतो द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य बिंदु यह बताया गया कि आगामी 27 अगस्त दिन रविवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो का चतरा आगमन को लेकर बैठक में चर्चा किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो की आगमन चतरा जिले के स्थान बाबा घाट मैदान बायपास रोड पर रखा गया है। बैठक में जयराम महतो के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में सहियोग पर बल तथा जयराम महतो के आगमन पर किसी प्रकार की दिक्कतें ना हो इसके लिए सदस्यों की नियुक्ति एवं टाइगर जयराम महतो के मंच सहयोग के लिए दायित्व निर्वाहन हेतु अध्यक्ष गोपाल महतो, सचिव नरेश महतो, कोषाध्यक्ष दिलीप महतो तथा शिवशंकर कुमार और संयोजक बिजली महतो एवं निगरानी पृथ्वी भुईयां, भोला महतो, सरजू भुईयां को पदभार सौंपा गया है। बैठक में उपस्थित लोगों में लोकेश कुमार महतो, महेश कुमार महतो, टिकुं कुमार, कैलाश कुमार, नौलेस भुईयां, देवा पटेल, कामेश्वर महतो, मेघनाथ महतो, किशोर महतो को वॉलिंटियर के रूप में नियुक्त किया गया है।

# पंचायत स्तरीय जनता दरबार का किया गया आयोजन

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के केचकी, पोखरी कलां, बेतला पंचायत सचिवालय सभागार में पंचायत के मुखिया श्रीमती मंजू देवी के नेतृत्व में सोमवार को साप्ताहिक जनता दरबार का किया गया आयोजन काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण जनता रहें उपस्थित थे।साथ ही रोजगार सेवक मनोज कुमार का उपस्थित रही वहीं मुखिया मंजू देवी ने पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों की समस्यायों से अवगत हुए और जल्द निष्पादन करने का भरोसा दिलाया।

# विनीता देवी हत्या और रोहन भुइयां की हत्या को लेकर जपुआ से थाना तक निकाला जन आक्रोश रैली

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत बरियातू पंचायत के मसूरिया गांव में पिछले दिन 15 अगस्त को विनीता देवी की हत्या कर साक्ष्य छुपाने को लेकर शव को मिट्टी में दफना दिया गया था। जिसे लेकर चंद्र भुइयां मृतिका के भैंसुर के लिखित आवेदन के अनुसार के अखिल भारतीय भुइयां समाज के लोगों ने सोमवार को जपुआ से लेकर गिद्धौर थाना तक जन आक्रोश रैली निकाली। एवं गिद्धौर थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव को ज्ञापन पत्र सौंपा। आवेदन में लिखा गया है कि गिद्धौर थाना कांड संख्या 5823 में मामला दर्ज किया 5 दिन बीत जाने के बाद भी अभियुक्त को गिरफ्तार नहीं किया गया है। जिसे लेकर थाना प्रभारी ने चार दिनों को समय लेते हुए कहें है कि फरार अभियुक्त को गिरफ्तार करेंगे।इसमें आप लोगों को भी सहयोग करना है। यह बात सुनकर अखिल भारतीय भुइयां समाज के लोगों ने कहा अदि 4 दिनों के अंदर फरार अभियुक्त का गिरफ्तारी नहीं होता है।तो हम लोग जिला मुख्यालय से लेकर राज्य मुख्यालय तक जन आक्रोश रैली निकालेंगे। रैली में सम्मिलित वीरेंद्र भुइयां कामेश्वर भुइयां दिनेश्वर भुइयां दिलीप भुइंया एवं सैकड़ो भैया समाज के लोग उपस्थित थे।

# मुखिया पति के प्रति वार्ड सदस्यों ने लगाया मनमानी करने का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत में उप मुखिया के साथ वार्ड सदस्यों ने मुखिया सुमीरा देवी के पति दिनेश भारती के ऊपर मनमानी करने का आरोप लगाया है।वार्ड सदस्यों ने सोमवार को बैठक कर अनेकों बिंदुओं पर चर्चा कर मुखिया के प्रति यसंतुष्ट हैं। सभी वार्ड सदस्यों का कहना है। कि पंचायत में किया जा रहा कोई भी कार्य अपनी मर्जी से मुखिया पति करवा रहे हैं। यहां तक की महीने में होने वाली कार्यकारिणी बैठक को भी भूल गए हैं।जबकि प्रत्येक महीने का 5 तारीख को बैठक किया जाता था। आगे वार्ड सदस्यों ने संकल्प किया है।कि यदि मुखिया घर घर आकर कार्यकारणी रजिस्टर में हस्ताक्षर करने को कहता है। तो हम लोग नहीं करेंगे। आगे वार्ड सदस्यों ने निर्णय लिया कि मुखिया यदि प्रलोभन देकर कार्स कार में रजिस्टर में हस्ताक्षर करने को कहता है तो उसका हम लोग बहिष्कार करेंगे। और सभी वार्ड सदस्यों ने यह भी निर्णय लिया है। कि पंचायत भवन में सरकार द्वारा 15000 खर्च करने को दिया गया है।उसे रुपए का हिसाब सभी वार्ड सदस्यों को मिलना चाहिए। यह भी निर्णय लिया है। आगे लिखा है कि 15वीं वित्त आयोग से किए जा रहे कार्य जब तक का कार्य समिति की बैठक में पारित नहीं होती है। तब तक योजना का प्रशासनिक सुकृति नहीं होनी चाहिए। आगे वार्ड सदस्यों ने लिखा है। कि जिस वार्ड में जो भी कार्य करवाया जा रहा है। उस योजना बोर्ड में वार्ड सदस्य का नाम भी अंकित करावें।एवं अनेकों प्रस्ताव वार्ड सदस्यों ने पारित किया है। बैठक में उपस्थित उप मुखिया विकास पांडेय, मालती देवी, अनीता देवी, कमला देवी, समुद्री देवी, गीता देवी, गायत्री देवी, अनीता देवी उपस्थित थे।

# डीएमएफटी पीसीसी सड़क निर्माण में अनियमितता का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के एदला पंचायत के टोला चौथा गाँव में डीएमएफटी मद से बनाए जा रहे पीसीसी पथ एदला चौथा मुख्य सड़क कब्रिस्तान से लेकर मुस्लिम मुहल्ला होते सिमरिया हजारीबाग एनएच मुख्य सड़क का सविंदा के तहत सवेंदकों द्वारा पीसीसी निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जहां सड़क निर्माण में केवल डस्ट और केवल ढ़ाई से तीन इंच हीं डाला जा रहा है जीएसबी वहीं मेटल की मात्रा महज खाना पूर्ति के तरह की तरह डाली गई है। जिसे लेकर ग्रामीणों ने विरोध कर कार्य पर रोक लगा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्टिमीट के हिसाब से पीसीसी निर्माण कार्य होगा तो होने देंगे। अन्यथा कार्य नहीं होने देंगे। चुकी ठीकेदार जैसे तैसे कार्य कर अपना रुपया कमा कर निकल जाएगा। वहीं कुछ दिन में पीसीसी बेकार हो जाएगा ।वैसे में हम लोगों के लिए परेशानी बढ़ जाएगी। ग्रामीणों ने पत्रकारों एवं सवेंदक के सामने किया गया।

# हामी शिव मंदिर में सोमवार को हुआ जलाभिषेक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत हामी पंचायत में दिन सोमवार को हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी हामी के दो मुहिया नदी से जल ले कर पैदल सैकड़ों के संख्या में भक्त हामी शिव मंदिर पहुंचे एवम् जल अभिषेक किया गया। वहीं के समाज सेवी प्रदीप बड़ाइक ने पूरे हर्ष उल्लास के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्त निकल कर जल अभिषेक किया। राजेश पण्डित के मंत्र उच्चार के द्वारा पूजा सम्पन्न कराया गया। वहीं इस कार्य क्रम में मुख्य रूप से प्रदीप बड़ाइक, दिलिप जयसवाल, अंजलि देवी, जयंती देवी, सपना कुमारी, सीता देवी एवम् सैकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

# अनियंत्रित हाइवा ने पेड़ में मारी टक्कर चालक सुरक्षित



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत जवाहर फुटबॉल मैदान के समीप सोमवार के सुबह लगभग 4 बजे कोयला से लद हाइवा अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। घटना में चालक व उपचालक बाल बाल बच गए। बताया जाता है कि हाइवा टंडवा आम्रपाली से कोयला लेकर कटकमसांडी डम्प करने जा रहा था। इसी बीच गिद्धौर फुटबॉल मैदान पहुंचते ही चालक आंखें झपक गई। जिससे हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लिपटस के पेड़ में टक्कर मार दिया।मालूम हो कि सप्ताह में एक दो हाइवा अनियंत्रित होकर पलटना टक्कराना आम हो गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने मोबाइल शॉप का किया उद्घाटन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत नईटांड मोड के समीप मोबाइल शॉप का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद शामिल हुए। उन्होंने फीता काटकर मोबाइल शॉप का उद्घाटन किया। उन्होंने दुकान को पुष्पित पल्लवित होने की कामना की।इस अवसर पर दुकान के संचालक नेहरु कुमार ने बताया कि इस दुकान में सभी कम्पनी के मोबाइल सेट उचित मुल्य पर ग्राहकों को उपलब्ध कराने का हमारा प्रयास रहेगा। साथ ही लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा।मौके पर टुकी महतो,राजेश प्रसाद,प्रमोद प्रसाद,बिपिन कुमार राणा,सिकन्दर प्रसाद,जवाहर प्रसाद,सनी कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### फरार कोयला व्यवसाई को बड़कागांव पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़कागांव, चरही एवं मांडू थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध कोयला खनन तथा ढुलाई करने वाले व्यवसाय हीरालाल महतो को हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद कुमार तिर्की के निर्देशन में बड़कागांव पुलिस द्वारा छापामारी करते हुए गिरफ्तार कर हजारीबाग जेल भेजा गया। गिरफ्तार कोयला व्यवसाय हीरालाल महतो, पिता बरजू महतो बड़कागांव थाना क्षेत्र के गोंदलपुरा पंचायत स्थित कौशी गांव का निवासी है। बड़कागांव थाना कांड संख्या 55/ 20, धारा 413, 414, 34 भादवी 30 (2) कोल खनन अधिनियम तथा 33 वन अधिनियम के तहत प्राथमिक नामजद अभियुक्त हीरालाल को जेल भेजा गया है। इसके अलावा हीरालाल महतो के विरुद्ध हजारीबाग एवं रामगढ़ जिले के कई थानों में अवैध कोयला खनन एवं ढुलाई करने के आरोप में दर्ज मामले खंगाले जा रहे हैं। छापामारी अभियान में जमादार हादी खान, संजय कुमार, शिवानंद सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### प्रदेश जदयू के प्रभारियों की बैठक संपन्न

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जनता दल यूनाइटेड झारखंड प्रदेश का प्रदेश स्तरीय नव मनोनीत प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्ष और प्रदेश के सभी जिलों के युवा अध्यक्ष महिला अध्यक्ष सभी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष की संयुक्त बैठक पुराना विधानसभा भवन रांची में प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में जिला अध्यक्ष समेत सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष के बीच समन्वय स्थापित कर संगठनों के कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाते हुए संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा कि प्रदेश स्तर पर एक कार्यक्रम चलाया जा रहा है जो इस स्लोगन के साथ शुरू होता है ÷अब न बचेगा कोई छोर,जदयू चला गांव की ओर।÷ इसके तहत जिला संगठन प्रभारी जिला अध्यक्ष के साथ बैठक कर प्रखंड स्तर पर प्रभारी नियुक्त कर 27 अगस्त से 30 सितंबर तक सभी प्रखंडों में बैठक आयोजित करने का कार्य सुनिश्चित किया करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री महतो ने कहा कि जिस प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष का मनोनयन अभी तक नहीं हुआ है वहां प्रखंड अध्यक्ष का मनोनयन अविलंब करें। प्रखंड अध्यक्ष क्रियाशील सदस्य होना चाहिए। प्रखंड स्तर पर होने वाली बैठक में सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष एवं सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष की सहभागिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष के माध्यम से सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि सभी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जब तक जिला में प्रखंड स्तर तक कमेटी गठित नहीं हो जाता है तब तक हर माह एक बैठक प्रदेश कार्यालय में करना सुनिश्चित करेंगे। जिला से पंचायत स्तर तक कमेटी का गठन हो जाने के बाद हर 3 माह में प्रकोष्ठ की बैठक नियमित होनी है। जिसकी सूचना प्रदेश कार्यालय को दिया जाए । प्रदेश कार्यालय बैठक की समुचित व्यवस्था करेगा । इस बैठक में हजारीबाग जिलों से दूसरे जिले के लिए कई प्रभारी बनाए गए। हजारीबाग से 3 लोगों को जिला प्रभारी बनाया गया है जिसमें मिथिलेश सिंह प्रदेश सचिव को रामगढ़ का संगठन प्रभारी बनाया गया है। अर्जुन मेहता प्रदेश सचिव को कोडरमा का संगठन प्रभारी बनाया गया है और कुमेश्वर महतो प्रदेश उपाध्यक्ष को पलामू जिले का संगठन प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश संगठन द्वारा प्रभारी बनाए जाने पर हजारीबाग जिले के जिला कमेटी की ओर तीनों को शुभकामनाएँ और बधाइयां दी गई।

### निर्मल धारा जलप्रपात पुतरीडीह को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाय : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दुलमी प्रखण्ड अंतर्गत कुल्ही पंचायत के पुतरीडीह में निर्मल धारा नामक प्राकृतिक झरना स्थित है। करीब 50 फीट ऊंची पहाड़ी से कलकल करता हुआ पानी नीचे गिरता है।निर्मल धारा झरना लोगों के खास कर युवाओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यूं तो प्रतिदिन लोग झरने का आनंद लेने पहुंच रहे है।लेकिन रविवार को पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ जाती है। रविवार को अनेको की संख्या में युवा वहां पर पहुंचते हैं। कालीकरण रोड से प्राकृतिक जल प्रपात निर्मल धारा की दूरी करीब 1 किलोमीटर है जो रास्ता पूर्णत कच्चा व पहाड़ी युक्त होने के कारण ऊबड़-खाबड़ है। फिर भी कुछ दिनों से बहुत सारे युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ साथ ही काफी मात्रा में कई लोग सपरिवार निर्मल धारा फॉल आकर प्रकृति की सुंदरता का आनंद ले रहे हैं। क्षेत्र के समाजसेवी सह दुलमी प्रखण्ड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश फॉल का जायजा लिया और कहा कि यह फॉल काफी मनमोहक है और इस स्थान को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने से इस क्षेत्र की लोकप्रियता बढ़ेगी तथा रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।साथ ही बहुत जल्द झारखंड के पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन और रामगढ़ उपायुक्त महोदय से मिलकर निर्मल धारा फॉल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने व पर्यटकों के अन्य सुविधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपने की बात बीस सूत्री अध्यक्ष ने कही मौके पर अमित कुमार, मनोज करमाली, रियाज अंसारी, इम्तियाज अंसारी शुभम कुमार बिटू कुमार आदि।

### कोयलांचल में सातवीं सोमवारी व नाग पंचमी को लेकर भोले के भक्तों की मंदिरों में रही भीड़

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के टोंगी, चपरी, कंजगी, बुमरी, चुंबा, हेसला, मनुवा, फुलसराय में सातवें सोमवारी व नागपंचमी को लेकर शिवालयों में पूजन के लिए भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। सभी महिला, युवती, पुरुष भक्तजनों ने भोले भंडारी, ओम नमः शिवाय के जयकारे लगाएं। साथ ही फूल, बेलपत्र, धतूरा, भांग चढ़ाया और दूध, दही, शक्कर, मधु, घी से अभिषेक कर अपने परिवार व क्षेत्र की सुख शांति की कामना किया। अरगड्डेश्वर शिव मंदिर के प्रांगण में महिला भक्तों ने भजन-कीर्तन आयोजन किया। वही मंदिर समिति भक्तों के द्वारा पूजन के लिए विधि व्यवस्था सुदृढ़ रखी गई थी। देर संध्या तक भक्तों के भजनों, भोलेनाथ और माता पार्वती के विभिन्न नाम से मंदिर परिसर गूंजामय रहा। पूजा के बाद उपवास रखी, व्रतियों ने अन्य लोगों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया।

# डीएमएफटी व पर्यटन विकास के तहत हो रहे कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** डीएमएफटी एवं पर्यटन विकास के तहत हो रहे कार्यो को लेकर सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए डीएमएफटी टीम को वर्तमान में संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना से आम जनों को हो रहे फायदों से संबंधित प्रतिवेदन तैयार करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने



वर्तमान में संचालित एमटीसी वाहन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा आम जनों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से रोस्टर व रूट चार्ट निर्धारित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। सदर अस्पताल, रामगढ़ के समीप हेल्थ वेयरहाउस स्थापित करने, दुलमी व चितरपुर के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा दुलमी चितरपुर एवं पतरातू के लिए एमटीसी केंद्र निर्मित करने के मद्देनजर उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को राज्य स्तर से समन्वय करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की रिक्तियों की जानकारी लेते हुए डीएमएफटी टीम के सदस्यों को सभी चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की रिक्ति से संबंधित प्रस्ताव तत्काल रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

डीएमएफटी के माध्यम से संचालित गोट बैंक परियोजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लाभुकों को बेहतर तरीके से लाभान्वित करने के उद्देश्य प्रशिक्षण आयोजित करने एवं लाभुकों को एक्सपोज़र विजिट पर भेजने हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर सीसीटीवी, चेक पोस्ट आदि के माध्यम से निगरानी रखने हेतु प्रस्ताव तैयार करते हुए जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध कराए गए बर्तनों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सभी केंद्रों में बर्तनों का नियमित इस्तेमाल सुनिश्चित करते हुए लाभुकों को लाभ देने का निर्देश दिया वहीं आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध कराए गए बर्तनों से संबंधित फोटोग्राफ व प्रतिवेदन तत्काल रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत जिले के सभी प्रखंडों में 15- 15 एकड़ भूमि पर संचालित ऑर्गेनिक फार्मिंग परियोजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा को 5 सितंबर तक चिन्हित सभी एफ़पीओ का पंजीकरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

## स्वस्थ तन मन के लिए खेल आवश्यक : राजेश महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नं 26 कैथा और वार्ड नं 27 गोबरदरहा के खिलाड़ियों के बीच रामगढ़ नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो ने फुटबॉल का वितरण किया। इस अवसर पर राजेश महतो ने खिलाड़ियों को खेल के साथ जीवन के अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेने को लेकर उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन और मन के लिए खेल आवश्यक है। आजसू पार्टी और गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व



रामगढ़ विधायक आदरणीय सुनिता चौधरी सदा खिलाड़ियों को मुकाम देने के लिए प्रयासरत हैं।इस अवसर पर मुख्य रूप से सोनू कुमार,ज्योति महतो,विवेक महतो, आदित्य कुमार, मोनू, गोपी, रौनक, रणबीर, अभय, सुजल,किरीतिक,अमन,अभिषेक,सुनील,अजय,सुमित, प्रवीण,सचिन, आदि लोग उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने एनएच डाक बंगला में कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखण्ड के एनएच डाक बंगला बरही में भाजपाइयों ने बैठक किए। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर व मंडल अध्यक्ष अमित कुमार साहू ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी सह कार्यक्रम प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी मौजूद रहे। कार्यक्रम के संदर्भ में जानकारी देते हुए पार्टी के प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आगामी 4 सितंबर को बरही प्रखण्ड मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा को लेकर कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में बाबूलाल मरांडी जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर पार्टी से जुड़े नेता कार्यकर्ताओं को तन मन से जुड़ने की अपील की। प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में आम जनों में काफी उत्साह है। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बताया कि क्षेत्र के लोगों में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर काफी उत्साह है। उनके कार्यक्रम में अप्रत्याशित भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

# मांडू भाजपा विधायक एक प्रतिनिधिमंडल बीआरएल एसआरयू फैक्ट्री प्रबंधन से मुलाकात की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुजू :** मांडू भाजपा विधायक प्रतिनिधि संजय शाह के अगुवाई में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल रांचीरोड स्थित बीआरएल एसआरयू फैक्ट्री प्रबंधन से मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने फैक्ट्री के डीजीएम आनंद सिन्हा से मजदूरों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए जल्द से जल्द पहल करने की अपील की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल की अगुवाई कर रहे हैं संजय शाह ने डीजीएम आनंद सिन्हा से जून माह का दो दिनों व जुलाई माह का बकाया वेतन जल्द भुगतान कराने, पीएफ के दो अकाउंट के बदले एक अकाउंट करने व प्रत्येक माह का वेतन महीने के सात तारीख तक भुगतान करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। वही, डीजीएम आनंद सिन्हा ने मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सभी मांगों को सात दिनों के अंदर पूरा करने का आश्वासन दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजय शाह ने बताया कि विधायक जेपी पटेल के निर्देशानुसार प्रबंधन से मुलाकात किया। फैक्ट्री के मजदूर ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक जेपी पटेल से मुलाकात किया था। मौके पर विधायक प्रतिनिधि संजय शाह, सुबोध साहू मधु प्रसाद, गुलटन यादव, जगदीश प्रसाद, संजय प्रसाद, अनीता देवी, प्रमिला देवी शामिल रहे।

# वंदना सभा में शामिल हुए विद्यालय सचिव पुरस्कृत छात्रों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा, हजारीबाग में वंदना सभा में सचिव राम बहादुर सिंह एवं प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात भारत विकास परिषद, हजारीबाग शाखा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव,



कोर्रा, हजारीबाग को तृतीय स्थान प्राप्त होने पर अल्पना सिन्हा एवं राम बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से बहन को प्रमाण पत्र एवं मेंडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम प्रमुख सुश्री रिंकी कुमारी एवं बहन को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सचिव श्री सिंह ने सुश्री रिंकी कुमारी, संगीत आचार्य अमन कुमार गुप्ता एवं समस्त प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आगे ओर अच्छा करने का प्रयास करने को प्रोत्साहित किया।

धन्यवाद ज्ञापन अल्पना सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में राज कुमार सिंह, राहुल कुमार पाण्डेय, सुश्री रिंकी कुमारी, विवेक कुमार, शिव शरण ठाकुर, मुकेश कुमार सिन्हा, रेवत लाल प्रसाद, कुमार राय सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा गौशाला परिसर में दूसरी बार महा रुद्राभिषेक का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर से करीब 10 किलोमीटर दूर कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा सावन की सातवीं सोमवारी नाग पंचमी के पावन अवसर पर दूसरी बार महा रुद्राभिषेक का विधिवत पूजा अर्चना किया गया। पूजा अर्चना सुबह 11ः00 बजे विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ प्रारंभ हुआ। पूजा अर्चना, हवन, महाआरती के साथ महा रुद्राभिषेक संपन्न हुआ। जिसके पश्चात सभी भक्तों के बीच भंडारा के माध्यम से महाप्रसाद का वितरण किया गया। शहर के प्रसिद्ध पुजारी दीपेंद्र नाथ पांडे उर्फ दीपक एवं उनके साथ सहयोगी रणधीर पांडे ने पुजा कराया। यजमान स्वरूप राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित विवेक कुमार तिवारी, स्नेहा तिवारी,विकास



तिवारी संचिता तिवारी, अभिषेक पांडे, निशी जैन,संजय प्रसाद, पुनीता देवी सहित कई लोगो ने पुजा अर्चना किया। महा रुद्राभिषेक में विशेष रूप से सदर विधायक मनीष जायसवाल, गौशाला के सचिव श्रद्धानंद सिंह सहित कई समाज सेवी शामिल हुए। विधायक मनीष जायसवाल सहित उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने बाबा भोलेनाथ के समक्ष माथा टेका एवं महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, डॉक्टर वी वेंकटेश, प्रमोद खण्डेलवाल, विकाश तिवारी, सनी देव, प्रिंस कसेरा,गुंजन मद्धेशिया,मोहम्मद ताजुद्दीन शामिल थे। मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम को आयोजित कर टीम के सदस्य गण काफी उत्साहित होते है। यह कार्यक्रम हजारीबाग के गौशाला परिसर में दुसरे बार आयोजित किया गया। आसपास के लोग एवं गौशाला में कार्य करने वाले कर्मचारी गण काफी उत्साह में नजर आए दिन भर भक्ति भाव का माहौल नजर आया गौशाला। साथ ही कहा कि गौशाला परिसर में अपने परिवार के साथ पधार कर गौ माता की सेवा अवश्य करें। मौके पर ञ्कगौशाला के कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, शंकर चंद्र पाठक, सुरेंद्र खण्डेलवाल, अजय जैन, विशाल कुमार, राजकुमार गुप्ता, पप्पू पंडित जैन, नंद कुमार तिवारी, अनुपम तिवारी, संजय प्रसाद, पुनीता देवी, कुणाल खंडेलवाल, रंजन चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## सांतवे सोमवारी को बुढवा महादेव में किया गया पूजन सामग्री का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सृजिता फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा पवित्र श्रावण मास की सांतवे सोमवारी को शहर के प्राचीन बुढवा महादेव स्थित शिवमंदिर में पूजन समाग्री का वितरण किया गया। पूजन समाग्री वितरण कार्यक्रम सुबह सात बजे शुरूआत हुई। जिसमें श्रद्धालुओं को दुध, फुल एवं बेलपत्र का वितरण किया गया। साथ ही यहाँ स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन आयोजित कर श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया गया। संस्था के सभी सहयोगियों और साथीयों ने कलाकारों का आभार जताया। कार्यक्रम में संचालन भैया असीम ने किया। पूजन समाग्री वितरण कार्यक्रम की सभी श्रद्धालुओं ने प्रशंसा किया। दोनों संस्थान का बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया। एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सृजिता फाउंडेशन ऑफ इंडिया की संयुक्त पहल पर भाजपा नेता भैया अभिमन्यु प्रसाद, बटेश्वर मेहता, मनोज गोयल एवं अरूण वर्मा को उनके समाजिक कार्यो को देखते हुए अंगवस्त्र के साथ सम्मानित किया गया। संस्थापक राकेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि श्रावन माह में दान पुण्य करना काफी सौभाग्य की बात होती है। सच्चे मन से इस तरह के दान पुण्य करें तो अभीष्ट लाभ की प्राप्ति होती है और जीवन में चमत्कारिक बदलाव आता है। श्रावण मास के पहली सोमवारी से ही बुढवा महादेव में हमारा संस्थान द्वारा पूजन समाग्री का वितरण किया जा रहा है। साथ ही साथ यहाँ स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन आयोजित कर श्रद्धालुओं का उत्साह बढाया जा रहा है। समाजसेवी कमलेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हर संस्थान को अपने दायित्व पर खरा उतर धार्मिक कार्यक्रमों में अवश्य दान पूण्य करना चाहिए।

# बरकाकाना जंक्शन की सुंदरीकरण और जन सुविधा के लिए बुद्धिजीवी मंच ने की वार्ता सौंपा सुझाव पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बरकाकाना जंक्शन परिसर को बेहतर बनाने के लिए रेल प्रशासन द्वारा सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों से मांगे गए सुझाव के प्रतिउत्तर में बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र द्वारा रेल अधिकारी मंडल कार्यपालक अभियंता बरकाकाना को सुझाव पत्र सौंपा और वार्ता किया। इस वार्ता में मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि बरकाकाना जंक्शन परिसर को बेहतर बनाने के साथ रेल यात्रियों, कर्मचारियों और क्षेत्र की जनता की आवश्यक सुविधाएं दीं जाए।उन्होंने कहा कि बरकाकाना जंक्शन रेल ट्रैक के बीच स्थित डाकघर आने जाने में जनता को और डाकघर कर्मचारी को दिक्कत होती है साथ ही ट्रैक पार करना खतरों से भरा है। मंच ने सुझाव पत्र में कहा गया है



कि बरकाकाना जंकशन परिसर में रिटायरिंग रूम, मुख्य पथ से सभी प्लेटफार्म तक विकलांग और रोगियों को चार पहिया से आने जाने का रास्ता बनाया जाए। बरकाकाना जंक्शन और मुख्य पथ बरकाकाना के मध्य एक मार्केटिंग कम्प्लेक्स निर्माण करवाया जाए जहां टिकट रिजर्वेशन काउंटर, सुलभ शौचालय, बैंक शाखा, एटीएम, सस्ते दर की भोजनालय और जलपान कैंटीन के साथ उपभोग की सभी आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की दुकानें स्थापित की जाए। रेलवे ट्रैक के अंदर स्थित डाकघर को बाहर लाकर प्रस्तावित मार्केटिंग कम्प्लेक्स में स्थानांतरण किया जाए। खाली पड़ी रेल भूमि में सड़क किनारे सब्जी मंडी, सी आई सी बस्ती के पास आधुनिक खेल स्टेडियम एवं उद्यान निर्माण करवाया जाए।

# उतरी शिवपुरी कृष्णा नगर से सातवें सोमवारी को निकली भव्य कलश यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उत्तरी शिवपुरी, कृष्णा नगर शिव मंदिर से रुद्रभिषेक पूजा को लेकर सावन के सातवें सोमवरी को सैकड़ों महिलाओं ने पिला व गेरुवा वस्त्र पहन माथे पर कलश लेकर ढोल- तासे के साथ शिवपुरी से बडम बाजार व झंडा चौक होते हुए हजारीबाग स्थित बुढ़वा महादेव तालाब तक भव्य कलश यात्रा निकाला। आचार्य विजय कुमार पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा और पुनः वापस झूमते- गाते हुए महिलाओं ने हर-हर महादेव ,बम-बम भोले का जयकारा लगाते हुए कृष्णा नगर शिवालय पहुंचकर जलाभिषेक कर पूजा- अर्चना किया। इस क्रम में या धार्मिक जात्रा जैसे ही सदर विधायक सेवा



कार्यालय पहुंचा तो विधायक मनीष जायसवाल ने हाथ जोड़कर यात्रा का अभिनंदन किया। मंगलवार को यहां भंडारा का आयोजन किया जायगा।

मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह, सचिव पवन वर्मा,कोषाध्यक्ष धीरज कुमार,रणवीर कुमार,संयोजक वीरेंद्र कुमार वीरू,दीपक वर्णवाल ,रमेश राम,राजेन्द्र साव,कैलास राम,सोनू वर्मा, राजा कुमार,पिन्टू वर्मा, पारसमणि रविदास, रामस्वरूप रविदास, अखलेश कुमार, रवि,कुमार,अजय साव,विष्णुदत्त पांडेय सहित अन्य लोगों ने सामूहिक रूप से विधायक मनीष जायसवाल को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया एवं उन्हें भंडारा के लिए आमंत्रित भी किया ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर बेहतर ग्राहक सुविधा के लिए 5 साल तक मानार्थ सड़क किनारे सहायता कार्यक्रम प्रदान करता है

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने और नए वाहन की खरीद की तारीख से 5 साल के लिए मानार्थ सड़क किनारे सहायता कार्यक्रम के साथ मन की अद्वितीय शांति प्रदान करने की दिशा में एक और उल्लेखनीय कदम उठाया है। यह अग्रणी पहल अपने




मूल्यवान ग्राहकों के लिए निर्बाध स्वामित्व अनुभव सुनिश्चित करने की टोयोटा की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। यह आरएसए पैकेज केवल ब्रेकडाउन सपोर्ट के बारे में नहीं है; इसका उद्देश्य प्रत्येक टोयोटा मालिक को आश्वासन, सुविधा और सुरक्षा की भावना प्रदान करना है।वर्षों से, ग्राहक न केवल उत्पादों बल्कि समय पर और बेजोड़ सड़क किनारे सहायता को कवर करने वाली सेवा पेशकशों में टोयोटा की विश्व स्तरीय गुणवत्ता, स्थायित्व और विश्वसनीयता (क्यूडीआर) की भी सराहना करते रहे हैं, जिससे ग्राहक अनुभव को समृद्ध करने की कंपनी की निरंतर खोज को रेखांकित किया गया है। 2010 में लॉन्च किया गया, आरएसए कार्यक्रम टीकेएम के ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण का अभिन्न अंग रहा है, जो सम्मानित ग्राहकों को उनकी आपातकालीन जरूरतों के दौरान तत्काल सड़क किनारे सहायता प्रदान करता है। नए वाहन पैकेज के एक भाग के रूप में, यह सेवा आवश्यक सुविधाओं की एक श्रृंखला को कवर करती है, जिसमें वाहन की खराबी और दुर्घटना से संबंधित वाहन को खींचने में सहायता (उदाहरण के लिए वाहन जब चलाने योग्य स्थिति में न हो तो, सड़क के किनारे सेवा देने वाली टीम ऐसे वाहन को उसकी समस्याओं के समाधान के लिए निकटतम डीलरशिप तक समय पर पहुंचाने में मदद करती है) , खराब बैटरियों के लिए जंप स्टार्ट, पंक्चर टायर की मरम्मत, कम ईंधन की स्थिति या वाहन की चाबी संबंधी समस्याओं के मामले में सहायता के साथ-साथ 50 किलोमीटर तक की दूरी के लिए टैक्सियों की व्यवस्था करना शामिल है।

## बरही में स्कूटी व बुलेट में हुई जोरदार टक्कर, एक की मौत

**बरही (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत बरही के करसों समीप स्थित कावेरी होटल के पास स्कूटी व बुलेट मैं जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें स्कूटी व बुलेट पर सवार व्यक्ति घायल हो गए। घायलों में कोडरमा के डोमचांच गांव निवासी सोनू कुमार 33 वर्ष पिता कैलाश यादव व बिहार के गजेंद्र सिंह शामिल है। घायलों को स्थानीय लोगों के द्वारा बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया, वहीं दोनों की स्थिति गंभीर थी, इसलिए दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी मिली की इलाज के दौरान 60 वर्षीय गजेंद्र सिंह की मौत हो गई है।

## बड़कगांव में नमो फुटबॉल के आयोजन को लेकर सदर विधायक ने की बैठक

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक मनीष जायसवाल के नेतृत्व में विश्वेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित विधायक सेवा कार्यालय परिसर में बड़कागांव प्रखंड के 23 पंचायत के प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता और खेल प्रेमियों की एक सामूहिक बैठक हुई। जिसमें वर्तमान वर्ष बड़कागांव में भी नमो फुटबॉल टूर्नामेंट- 2023 का शानदार आयोजन करने को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई। बैठक में आगामी 11 सितंबर को बड़कागांव में इसकी आगाज की संभावित तिथि निर्धारित की गई मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की महत्ता और इसके उद्देश्य की जानकारी उपस्थित लोगों को दी और उनसे इस टूर्नामेंट के विस्तार में अपनी सहभागिता निभाने का आग्रह किया। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि जल्दी बड़का गांव की धरती पर टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया जाएगा जिसमें टूर्नामेंट के सफ़ल संचालन को लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी ।

## जिप अध्यक्ष ने किया पंचायत भवन बाउंड्री कार्य का शिलान्यास

**चंदवारा (कोडरमा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंदवारा प्रखंड के बेंदी पंचायत भवन का बाउंड्री वाल का शिलान्यास जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव,जिला परिषद उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जिप सदस्य नीतू यादव ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया।इस दौरान अतिथियों ने कहा कि पंचायत भवन परिसर का बाउंड्री वाला हो जाने से भवन सुरक्षित रहेगा। जिप सदस्य नितु यादव ने संवेदक से गुणवता पूर्ण कार्य करने कि बात कही और उन्होने कहा कि अपने जिला परिषद क्षेत्र मे विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है जनता ने जो उम्मीद के साथ हमे अपना मत देकर मुझे इस लायक चुना है उनकी हर उम्मीदों के साथ खड़ा रहने का प्रयास करूंगी मौके पर मुखिया दुलारी देवी,मुखिया प्रतिनिधि विजय भुईया, पूर्व विधायक प्रतिनिधी लक्ष्मण यादव,प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी यादि लोग मौजूद थे।

## 6 महीना बाद जयनगर थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी समेत 10 पुलिस कर्मियों पर मामला दर्ज

**जयनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोडरमा न्यायालय के आदेश के 6 महीना बाद जयनगर थाना में जयनगर थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह के अलावे कई पुलिस पदाधिकारी सहित 10 पुलिस कर्मियों पर जयनगर थाना में मामला दर्ज हुआ है। दर्ज मामला में जयनगर थाना के तत्कालीन थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर अवधेश सिंह, ढाबथाम के वर्तमान थाना प्रभारी अखिलेश सिंह एसआई अमित कुमार एएसआई दिलीप कुमार मंडल आरक्षी रमेश चंद्र दयानंद पासवान व परसाबाद के सूरज कुमार गुप्ता सहित दो आज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में एक सोशल मीडिया के पत्रकार ने तत्कालीन जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा सहित सभी पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों पर जान मारने की नियत से अपहरण कर मारपीट करने तथा झूठा मुकदमा में फंसा कर जेल भेज देने के आरोप लगाया है। इस बाबत सोशल मीडिया के पत्रकार ने माननीय न्यायालय में 24 जनवरी 2023 को तत्कालीन थाना प्रभारी सहित 10 पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों पर जान मारने की धमकी देकर अपहरण करने तथा झूठा मुकदमा कर जेल भेज देने आरोप लगाते हुए कंप्लेंट केस दर्ज किया था। कंप्लेंट केस के बाद माननीय अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा 9 फरवरी 2023 को उपरोक्त सभी लोगों पर सुनवाई करते हुए जयनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। जयनगर पुलिस द्वारा न्यायालय के निर्देश को दरकिनार करते हुए 6 माह तक मामला दर्ज नहीं किया गया था। जयनगर थाना में उपरोक्त लोगों पर 6 महीना तक मामला दर्ज नहीं होने पर न्यायालय द्वारा पुनः वरीय पुलिस अधिकारी को नोटिस जारी किया गया।बाद 19 अगस्त 2023 को वर्तमान थाना प्रभारी उमानाथ सिंह ने वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर कांड संख्या- 168 /2023 के तहत उपरोक्त लोगों पर जयनगर थाना में मामला दर्ज है।

## पुलिस और जनता के बीच में समन्वय स्थापित करने को लेकर पुलिस अधीक्षक से मिला झामुमो का प्रतिनिधिमंडल

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला समिति का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय के नेतृत्व में कोडरमा पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मिलकर पुलिस और जनता के बीच में समन्वय स्थापित करने को लेकर मिला। जहाँ कई बिन्दुओ पर पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधि मंडल के द्वारा विस्तार से चर्चा की गई। सारी बातों को सुनने के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने यह माना कि जनता और पुलिस के बीच में बेहतर तालमेल हो तो अपराध पर आसानी से अंकुश लगाया जा सकता है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने हर थाने को निर्देश दिया है कि हर थाने में पुलिस और पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करते हुए समन्वय समिति की बैठक की जाए। परामर्श के अनुसार जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे के नेतृत्व में जयनगर थाना एवं मरकच्चो थाना का दौरा किया तथा थाना प्रभारी से मिलकर समन्वय स्थापित करने को लेकर की गई वार्ता के बारे में विधिवत जानकारी दिया ।

# वर्ष 2024 तक खलारी के हर घर में नल से पानी सुनिश्चित हो : डीडीसी

## डीएमएफटी से क्रियान्वयन के लिए बड़ी योजनाओं पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** वर्ष 2024 तक खलारी प्रखंड के हर घर में नल से पानी मिलना सुनिश्चित हो.हर घर के प्रति व्यक्ति को प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण 55 लीटर पानी मिलना चाहिए. यह बात उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने सोमवार को खलारी प्रखंड सभागार में बैठक के दौरान कहा.डीडीसी के निर्देश के आलोक में ही डीएमएफटी मद से क्रियान्वयन के लिए चयनित बड़ी योजनाओं पर जनता से विचार विमर्श के लिए बैठक का आयोजन किया गया था. अध्यक्षता स्वयं डीडीसी ने किया. डीडीसी ने कहा कि खलारी में पानी की समस्या जटिल है. इसे हर हाल में दूर करना है. बैठक में मौजूद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंताओं व पंचायत प्रतिनिधियों से पानी से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा किया गया. उन्होंने कहा कि मनरेगा के बाद सबसे बड़ी योजना जल जीवन मिषन योजना है जहां पैसे की कोई कमी नहीं है.योजनाओं में खलारी से होकर गुजरने वाली नदियों पर बांध बनाना, बंद कोयला व चूना पत्थर खदान में जमा पानी, डीप बोर आदि विचार किया गया. इसके अलावा वायु प्रदूषण से बचाव के लिए प्रयोग के तौर पर एक एअर प्यूरीफायर व रोड स्वीपर व्हीकल की खरीदारी की जाएगी. इसके अलावा दो कोल्ड स्टोरेज, छठ तालाबों की सफाई व घाटों का निर्माण, मैरेज हाल, मैगजीन के निकट मुक्तिधाम में शवदाह शेड, शव वाहन, कचरों की सफाई सुनिश्चित




करना, बुकबुका में इनडोर-आउटडोर स्टेडियम, पार्क, पुस्तकालय, शहीद चौक का सुन्दरीकरण, पहाड़ी मंदिर परिसर में हाईमास्क लाइट, आवश्यक सड़कें, बड़ा नाला, नालियां, बुकबुका व तुमांग में केज कल्चर विधि से मछली पालन सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा कर निर्णय लिया गया. बैठक में प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, जिप सदस्य खलारी पूर्वी शाल्या परवीन, जिप सदस्य खलारी पश्चिमी सरस्वती देवी, विधायक प्रतिनिधि श्यामसुन्दर सिंह, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता आनंदकुमार सिंह, बीडीओ लेखराज नाग, सीओ शिशुपाल आर्य, डीएमएफटी के अधिकारी, सहायक अभियंता देवानंद सिंह, कनीय अभियंता दीपांकर, पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सहित क्षेत्र के बुद्धिजीवी मोजूद थे.

**हर हाल में गुणवत्तापूर्ण किए जाएं कार्य**

**खलारी :** पंचायतों में हर घर में पानी सुनिश्चित करने के चर्चा के दौरान उप विकास आयुक्त पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंताओं पर खासा नाराज हुए. कहा कि जनता के साथ आप भी समस्या न सुनाएं हमें परिणाम चाहिए. संवेदकों व अभियंताओं से कहा कि हर हाल में गुणवत्तापूर्ण कार्य होने चाहिए. खामियां मिली तो हर जबाबदेह पर कार्रवाई की जाएगी. डीडीसी ने आम जनता से भी कहा कि कार्य की गुणवत्ता को लेकर आप भी सजग रहें. स्थानीय मुखिया, बीडीओ से बताएं.सुनवाई न हो तो मुझसे आकर मिले.

**खलारी में बनेगा सीएचसी, लगेगा डायलिसिस मशीन**

**खलारी :** खलारी में बैठक के दौरान डीडीसी दिनेश यादव ने बताया कि जिले में चार सीएचसी स्वीकृत हुआ है जिसमें एक खलारी सीएचसी भी है. इससे स्वास्थ्य संबंधी काफी हद तक समस्याएं दूर होगी. लोगों की मांग पर उन्होंने खलारी में किडनी रोगियों के लिए डायलिसिस मशीन देने पर सहमति दे दी है।

## रांची मत्स्य विभाग में ट्रेनिंग लेकर आये लोगों का मांडू चट्टी मुखिया ने स्वागत किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पांच दिवसीय मत्स्य पालन का प्रशिक्षण रांची मत्स्य विभाग में ट्रेनिंग लेकर सकुशल वापस मांडू चट्टी एवं मांडू डी पंचायत के लोगों का मांडू प्रखंड मुख्यालय के पास भव्य तरीके से स्वागत किया गया । मांडू चट्टी मुखिया अनीता देवी के द्वारा किया गया । स्वागत करने में मुख्य रूप उपस्थि समाजसेवी छोटेलाल जिला महासचिव कांग्रेस पार्टी के मोहम्मद मिस्टर आलम और मत्स्य विभाग के ट्रेनिंग ले कर आए हुए माता एवं बहनों इन सब का स्वागत किया गया मांडू प्रखंड कांग्रेस कार्यालय के समीप जिसमें नवरत्न कुमार अर्जुन र राम संतोष राम दशरथ साहू महेश प्रसाद महादेव साहू अर्जुन साहू अखिल देव प्रसाद नरेश राम सरिता देवी कौशल्या देवी वंदना कुमारी ललिता देवी सुषमा देवी सरिता देवी बीना देवी मंजू देवी सुमित्रा देवी फुलवा देवी किरण देवी किरण देवी सुशीला देवी उदित कुमार विशाल कुमार विशाल कुमार मनोज कुमार छोटेलाल साहू प्रेम राम कालेश्वर प्रसाद अरविंद प्रसाद राजदीप कुमार मंडल रविंद्र कुमार करीब 30 के संख्या में रोजगार को लेकर झारखंड सरकार के अनेक योजनाओं के अंतर्गत मत्स्य पालन का प्रशिक्षण इन्होंने लिया

## तीसरी सोमवारी पर शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल कुजू व आसपास के शिवालयों में सावन माह के तीसरी सोमवारी व नाग पंचमी के मौके पर जलाभिषेक व पूजा अर्चना हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। क्षेत्र के कुजू शिव मंदिर, नया बाजार टांड कुजू मन्दिर, प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना, केबीगेट शिव मंदिर, मुरपा, आरा कांटा, सारूबेड़ा, तोपा, ओरला, सांडी, दिगवार, करमा, रतवे आदि स्थानों के शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा शिवलिंग पर जलाभिषेक के साथ फूल, बेलपत्र, बल आदि चढ़ाकर विधिवत पूजार्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। इधर, नया बाजार टांड कुजू स्थित हनुमान मन्दिर में सोमवारी के मौके पर भगवान शिव की विधिवत पूजार्चना बनारस से आये पंडितो द्वारा यजमान बने सुभाष सिंह व सपत्निक को कराया गया। वही, भव्य आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।



## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

53वीं औपबंधिक सूची
जिला:–रामगढ (पार्ट–01)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम की विवरणी | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग,झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–146/23<br>2. आवेदक–अशोक कुमार मुण्डा<br>3. पिता–देवचरण मुण्डा<br>4. ग्राम–रतवे (चिटैहया) पोस्ट–करमा<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–48 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–147/23<br>2. आवेदक–बैजनाथ कुम्हार उर्फ बैजनाथ प्रजापति<br>3. पिता–लालजी कुम्हार उर्फ फुना प्रजापति<br>4. ग्राम–रतवे पोस्ट–करमा<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बायें हाथ में दाग। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–158/23<br>2. आवेदक–गुणेधर महतो<br>3. पिता–स्व0 हुबली महतो<br>4. ग्राम–रतवे पोस्ट–करमा<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल का निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–149/23<br>2. आवेदक–जागेश्वर महतो<br>3. पिता–घनु महतो<br>4. ग्राम–रतवे पोस्ट–करमा<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–54 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दायें हाथ में कटा का निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–150/23<br>2. आवेदक–सोमर मुण्डा<br>3. पिता–झरी मुण्डा<br>4. ग्राम–रतवे पोस्ट–करमा<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–49 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में मासा का निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–151/23<br>2. आवेदक–रामेश्वर कुम्हार उर्फ रामेश्वर प्रजापति<br>3. पिता–मुनु कुम्हार उर्फ मुनु प्रजापति<br>4. ग्राम–रतवे पोस्ट–करमा<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बायें छाती पर तिल। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–152/23<br>2. आवेदक–गिरधारी महतो<br>3. पिता–बाजी महतो<br>4. ग्राम–रतवे पोस्ट–करमा<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–45 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–153/23<br>2. आवेदक–तिलेश्वर महतो<br>3. पिता–लगन महतो<br>4. ग्राम–रतवे पोस्ट–करमा<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–49 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बायें आंख में तिल का निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–154/23<br>2. आवेदक–बिरू महतो<br>3. पिता–जीता महतो<br>4. ग्राम–रतवे पोस्ट–करमा<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–155/23<br>2. आवेदक–मनोज ठाकुर उर्फ मनोज कुमार<br>3. पिता–रामजतन ठाकुर<br>4. ग्राम–रतवे पोस्ट–करमा<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–44 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दायें पैर पर कटा का निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–156/23<br>2. आवेदक–डोमन महतो<br>3. पिता–हरि महतो<br>4. ग्राम–रतवे पोस्ट–करमा<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–157/23<br>2. आवेदक–डमरलाल महतो<br>3. पिता–काशीनाथ महतो उर्फ काशी महतो<br>4. ग्राम–रतवे पोस्ट–करमा<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–61 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–158/23<br>2. आवेदक–प्रमोद महतो उर्फ टेकलाल महतो<br>3. पिता–स्व0 गणेष महतो उर्फ गरीब महतो<br>4. ग्राम–लइयो पोस्ट–लइयो<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–159/23<br>2. आवेदक–बाबुलाल महतो<br>3. पिता–रेवा महतो<br>4. ग्राम–लइयो पोस्ट–लइयो<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–ठुडी में कटा का निषान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–160/23<br>2. आवेदक–हिरामन महतो उर्फ हरिलाल महतो<br>3. पिता–कोधा महतो<br>4. ग्राम–लइयो पोस्ट–लइयो<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में जख्म का निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–161/23<br>2. आवेदक–जानकी रजवार<br>3. पिता–लालमोहन रजवार<br>4. ग्राम–लइयो पोस्ट–लइयो<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–162/23<br>2. आवेदक–सुरेश रजवार<br>3. पिता–स्व0 बिलू रजवार उर्फ वीरयु रजवार<br>4. ग्राम–लइयो पोस्ट–लइयो<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–86 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–163/23<br>2. आवेदक–गुडू सिंह<br>3. पिता–सिटु सिंह<br>4. ग्राम–लइयो पोस्ट–लइयो<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–164/23<br>2. आवेदक–गणेश सिंह उर्फ गरोथ सिंह<br>3. पिता–लाल सिंह उर्फ ललन सिंह<br>4. ग्राम–लइयो पोस्ट–लइयो<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–छाती में तिल। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–165/23<br>2. आवेदक–किशनुचन्द्र महतो<br>3. पिता–तुलसी महतो<br>4. ग्राम–लइयो पोस्ट–लइयो<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–50 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिना कान के नीचे तिल का निषान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–166/23<br>2. आवेदक–भुनेश्वर रजवार<br>3. पिता–स्व0 सोमर रजवार<br>4. ग्राम–लइयो पोस्ट–लइयो<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–51 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ के अंगुली में कटा निशान। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–167/23<br>2. आवेदक–महादेव महतो<br>3. पिता–करम महतो<br>4. ग्राम–लइयो पोस्ट–लइयो<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–168/23<br>2. आवेदक–मो0 तारो देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति–स्व0 घनश्याम महतो (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम–लइयो पोस्ट–लइयो<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–महिला आयु–53 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a)<br>(आश्रित पत्नी) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–169/23<br>2. आवेदक–हरिहर महतो<br>3. पिता–बीरू महतो<br>4. ग्राम–लइयो पोस्ट–लइयो<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–45 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–170/23<br>2. आवेदक–राजेन्द्र सिंह<br>3. पिता–फागु सिंह<br>4. ग्राम–लइयो पोस्ट–लइयो<br>5. थाना–माण्डू प्रखण्ड–माण्डू<br>6. लिंग–पुरूष आयु–45 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | माण्डू थाना काण्ड सं0 147/94 जी0आर0 सं0 1075/94 | नहीं | कारण :– दिनांक–06.06.1994 को झारखण्ड बन्दी की तिथि को विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा–147/148/149 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम–अन्य जेल की अवधि–06 दिन | कंडिका–2 (viii)(a) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 305117 Home(23-24).D

# हाजत में हुई मौत, परिजनों ने पुलिस पर मारने का लगाथा आरोप

## थाना प्रभारी व एसआई हुए लाइन हाजिर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद** : बेंगाबाद थाना पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए एक व्यक्ति नागो पासी की मौत हो गई है। मृतक बेंगाबाद थाना क्षेत्र के छाताबाद का रहने वाला था। घटना के बाद मृतक के परिजनों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

परिजनों ने बेंगाबाद पुलिस पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की जांच करने की मांग मांग कर रहे है। बताया जाता है कि शनिवार की रात को बेंगाबाद के छाताबाद गांव में एक वृद्ध महिला अनपी देवी की हत्या कर दी गई थी। इस मामले को लेकर मृतका के पुत्र नागो पासी को शक के आधार पर पुलिस ने हिरासत में लिया गया था और उससे पूछताछ की जा रही थी। पूछताछ के दौरान ही उसकी तबियत बिगड़ी और बाद में उसने दम तोड़ दिया।

इधर, परिजनों का आक्रोश देख सुरक्षा के मद्देनजर सदर अस्पताल और बेंगाबाद थाना में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है। पुलिस की ओर से अभी कोई कुछ भी बोलने के लिए तैयार नहीं है. हालांकि, जांच पड़ताल के लिए एसडीपीओ बेंगाबाद थाना पहुंच गये हैं। वही इस मामले में गिरिडीह एसपी के द्वारा थाना प्रभारी एवं एसआईको किया लाइन हाजिर।

## मार्क्सवादी यूवा मोर्चा ने नगर निगम कार्यालय का किया घेराव प्रदर्शन

# कोयलांचल प्रदूषण के चपेट में : आनंद

### पूरा निगम कूड़े कचरे के ढेर में : जगदीश रवानी
### ये घेराव-प्रदर्शन आम जनताओं का आक्रोश : बबलू महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : मार्क्सवादी युवा मोर्चा जिला कमेटी की ओर से आज 55 सूत्री मांगों के समर्थन में नगर निगम कार्यालय के बाहर घेराव प्रदर्शन किया गया। इसके पूर्व जुलूस के रूप मे गोल्फ ग्राउंड से हजारों की संख्या में लोग निकले। पार्क मार्केट हीरापुर, रणधीर वर्मा चौक, एसएसएलएनटी कॉलेज होते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया। घेराव प्रदर्शन की अध्यक्षता मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने की एवं संचालन जिला सचिव राणा चटराज ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो एंव विशिष्ट अतिथि मायुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी शामिल थे। घेराव प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मासस के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक आनंद महतो ने कहा कि नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। नगर आयुक्त के पास कोई दूरदर्शिता नहीं है। धनबाद का कचरा कभी ग्रामीण क्षेत्र तो कभी लोयाबाद, झरिया के हरियाली शुद्ध वातावरण क्षेत्र में डंप करना चाह रहे हैं। इससे पता चलता है कि निगम कचरा डंपिंग में कितना गंभीर है। निगम क्षेत्र के धनबाद, कतरास, सिंदरी झरिया, छाताटांड़ अंचल के मुख्य मार्ग की नियमित सफाई, पानी छिड़काव नहीं होने के कारण पूरा कोयलांचल प्रदूषण की चपेट में है। सड़कों पर बरसात का पानी जमाव है तो कहीं बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील है। नई सड़के बनती है और एक साल में सड़क टूटना शुरू हो जाता है। स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था भी ठीक-ठाक नहीं है। निगम का चुनाव 5 वर्ष से अधिक हो गया है। अविलंब झारखण्ड सरकार नगर निगम का चुनाव कराए। विशिष्ट अतिथि मायुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में खटकर खाने वाले मजदूर किसानों की हालत खस्ता है द्य करोना काल में मजदूरों से प्रतिदिन कार्य लिया, जैसे ही बीमारी शिथिल हुआ। सभी मजदूरों को बाहर का रास्ता दिखा दिया। जबकि झारखंड सरकार का घोषणा है कि स्थानीय मजदूरों को 75प्रतिशत नियोजन या स्थानीय क्षेत्र के कार्य में मजदूरों से कार्य लिया जाए, लेकिन दुर्भाग्य हैं कि मजदूरों के साथ निगम एवं निगम के ठेकेदार सौतेला व्यवहार कर रहा है। पूरा निगम क्षेत्र कूड़े कचरे का ढेर में बैठा है द्य नालियों में ब्लीचिंग पाउडर आदि मच्छर मारने की दवा का छिड़काव नहीं होने के कारण लोग बीमारी से ग्रसित हैं। गरीब तबके के लोग समय से पहले काल के गाल में समा रहे हैं। मासस केंद्रीय सचिव बबलू महतो ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के अधिकांश वार्डो में सड़कों को काटकर पाइपलाइन बिछाई है परंतु खोदे गड्ढे का कचरा सड़कों पर फैली हुई है द्य पूरा क्षेत्र प्रदूषित हो गया है द्य निगम क्षेत्र में ठेकेदार बम बम आम जनता त्राहिमाम है द्य कागज में योजनाएं बनती है द्य धरातल में नजर नहीं आ रहा है। निगम क्षेत्र में व्यवसायियों का ट्रेड लाइसेंस रिनुअल कराने में काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है द्य जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में आम जनताओ को काफी परेशानी हो रही है। किसानों को खाद बीज से वंचित होना पड़ रहा है। बी सी सी एल निगम क्षेत्र में मनमानी कर रहा है। रैयतों का हक अधिकार को छिना जा रहा है। यह घेराव-प्रदर्शन आम जनताओं का आक्रोश है। घेराव - प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिप सदस्य बादल बाउरी, दिल मोहम्मद, सुबूर गोराई, ए एम पाल, शेख रहीम, मायुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कौशल, राजू महतो. हेमलता, बिजली, पार्वती चक्रवर्ती, सुरजीत चंद्रा, अशोक यादव, प्रिंस सिंह,याकूब अंसारी, निरंजन महतो, देवीलाल, सुखलाल महतो, सुभाष, भगत राम, मोहम्मद अख्तर, कारू यादव, सुरेश, शीतल, भूषण, अखिलेश, दिनेश, रामप्रवेश यादव, हरे मुरारी, वीरेन गोराई, मोतीलाल, रंजीत यादव, मुकेश महतो, हीरालाल, सुनील , देवाशीष, कृष्णा दा, चेतू, अजय, भक्तों महतो, रामप्रकाश, मंगल, सीमा, शष्टि, विकास, हिमांशु, काशीनाथ, अरविंद, गुरुपद कुंभकार, शंकर प्रमाणिक,चंदन भूमिहार, कृष्ण कुमार उर्फ लल्ला,अमन चौहान आदि शामिल थे।

## एहसास फाउंडेशन का हुआ उद्घाटन




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : एहसास फाउंडेशन के उद्घाटन समारोह हुआ जहा एक नये दौर की शुरुआत करने के लिए इकट्ठे हुए हैं, जो समाज के असहाय और गरीब वर्ग की मदद के लिए एक प्रयास है। आज के दिन गरीबो के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है, जहाँ आपसी सहयोग के साथ मिलकर समाज के उन व्यक्तियों की मदद करने का संकल्प लेते हुए इसकी शुरुआत की गई है, जिनके पास सामाजिक, आर्थिक या स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए साधन नहीं है। उन तक अहसास फाउंडेशन मदद करने जाएगी। आज हम सब मिलकर एक नये सपने की शुरुआत कर रहे हैं, जो समाज को सही दिशा में बदलने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। उक्त बातें संस्था के संस्थापक मुशर्रफ अली ने कही। उद्घाटन समारोह मे शामिल हुए बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडे ने ज़रूरतमंदों के बीच भोजन वितरित किया एवं संस्था से जुड़े लोगों की काफी प्रसंशा की तथा उन्हें शुभकामनाएं भी दी। वही इस मौके पर सैफ अली (प्रिंस), सुमैल, इन्ज़माम आलं, जेया आलम, अब्दुल्लाह हुसैन, अर्सलान, कैफ, कासिफ, आसिफ आदि मौजूद थे।

## तीन दिनों में लगभग 650 मरीजों ने कराया इलाज व निःशुल्क दवाई ली

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : गिरिडीह ज़िले में तिन दिनों से एमएस स्पोर्ट्स के द्वारा सिरसिया दुर्गा मंडप के पास लगभग 125 मरीज,बरवाडीह में 250 मरीज, अंबाटांड में 235 मनोज और टाऊन थाना में लगभग 15 मरीजों ने इलाज करवाया । वही एमएस स्पोर्ट्स द्वारा पिछले तिन दिनों से गिरिडीह जिले के विभिन्न स्थानों पर निशुल्क होम्योपैथिक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इसी निमित्त सोमवार को सिरसिया ग्राम में दुर्गा मंदिर परिसर में निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में दिल्ली के डॉ अंसारी और डॉ नजीम ने लगभग 125 मरीजों की जांच की एवं मुफ्त दवाओ का वितरण किया। कार्यक्रम के आयोजन में माले नेता राजेश सिन्हा, जिला साउंड एसोसिएशन के अध्यक्ष राम जी, प्रभाकर पर्दाफाश, समाजसेवी सोमनाथ, युवा नेता, प्रकाश राम, सहयोगी आयोजन समिति गुरफान , मिराज , विक्की, ताज हसन, चांद रसीद सहित अन्य लोगो ने सहयोग किया। उपस्थित थे विक्की मुकेश राम प्रकाश रामकन्हैया रामरंजीत रामप्रमोद रायसरोज पांडे सोमनाथ केशरी शिवा, मंजय, रोशन, मोहित आदि लोग उपस्थित थे।

## नौजवान एकता फाउंडेशन ने किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : बीते दिनों उत्तर प्रदेश के गोंडा जिला में ऑल इण्डिया कुरान कीरत कंपीटिशन का आयोजन हुआ था। प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले हाफीज़ व कारी मो. असद शादमानी ने द्वित्य स्थान प्राप्त कर झरिया का नाम रौशन किया। पूर्व मे भी इन्होने राष्ट्रीय स्तर पर कई अवार्ड हासिल किये हैं। इन्हीं की हौसला अफजाई और इनके सम्मान मे नौजवान एकता फाउंडेशन के द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जहां संस्था के सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता और तोहफा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। असद शादमानी ने संस्था के द्वारा किये जा रहे समाजिक कार्यों की काफी प्रशंशा की और अपनी शुभकामनाएं भी दी। मौके पर नौजवान एकता फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं सचिव शाहनवाज खान सहित संस्था के अन्य सदस्य गण भी उपस्थित थे।

## दो दिवसीय नॉकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता में बरवाअड्डा की गौरीशंकर क्लब बना चैंपियन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : रविवार रात्रि डी.एफ.सी. क्लब हीरापुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय नॉकआउट फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में गौरी शंकर क्लब बरवाअड्डा ने एसवाईएफसी फुटबॉल टीम दामोदरपुर को पराजित कर कप पर कब्जा जमाया। मैच के सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच देखने के लिए शामिल मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रशेखर ने स्थानीय खिलाड़ियों का खेल देखकर काफी प्रशंसा की और विजेताओं को कप और निर्धारित पुरस्कार राशि दिए। पुरुष प्रथम पुरस्कार में 15, 000 रुपए,द्वितीय पुरस्कार 10,000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5,000 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3,000 रुपए आयोजक द्वारा निर्धारित किए गए थे। मौके पर मुख्य अतिथि चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा धनबाद में फुटबॉल खेल की काफी लोकप्रियता है, जरूरत है इस खेल को गति देने की।

# ऑफर के नाम पर ठगी करना कुरकुरे कम्पनी को पड़ा महंगा, लगा जुर्माना

### तेलमोच्चो के सुरेश ने उपभोक्ता फॉरम में किया था शिकायत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा** : धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा थाना के तेलमोच्चो निवासी आनन्द महतो के पुत्र सुरेश कुमार महतो ने वर्ष 2019 में कुरकुरे के पांच पैकेट ख़रीदे थे, जिसमे कैश बैक का ऑफर था, जो पेटीएम के माध्यम से मिलना था। लेकिन जब उन्होंने पैकेट खोले तो पाया उन्होंने जो पांच पैकेट ख़रीदे थे उसमे से सभी पैकेटस में एक ही तरह के कूपन कोड प्रिन्ट किया हुआ था। जिसकी शिकायत सुरेश कुमार महतो ने पेटीएम से किया, जिस पर पेटीएम वालो ने कुरकुरे कंम्पनी से संपर्क करने की बात कह कर पल्ला झाड लिया, तब फिर सुरेश कुमार महतो ने कुरकुरे कम्पनी वालो से संपर्क किया। और अपने कैश बैक की मांग की, तो कुरकुरे कम्पनी वाले ने रूपए देने से इन्कार कर दिया, और बदले मे गिफ्ट देने का आश्वासन दिया गया । जिससे नाराज होकर सुरेश कुमार महतो ने उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करा दिया। जिसका फैसला 16 अगस्त 2023 को हुआ। अदालत ने सुरेश कुमार महतो के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कुरकुरे कंम्पनी को 25 सौ रूपए बतौर मुआवजा देने का आदेश दिया हैं। मुवावजे का भुगतान ससमय पर नहीं करने पर कम्पनी को आठ प्रतिशत ब्याज के साथ भुगतान करने का आदेश दिया हैं । सुरेश के इस साहसिक कदम की लोग सराहना कर रहे है ।

## आइसा ने बीबीएमकेयू को नामांकन से संबंधित ज्ञापन सौंपा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बीबीएमकेयू के अंगिभुत कॉलेजों मे ग्यारवीं कि नामांकन नही किया जा रहा है। धनबाद व बोकारो मे +2 विद्यालय कि संख्या इतनी नही है कि सभी छात्रो का नामांकन हो सके। पुरे झारखंड मे नामांकन प्रक्रिया चालु है। नामांकन भी हो रहा है जबकि बीबीएमकेयू इस और कोई ध्यान नही दे रहा है। जिससे इन दोनो जिलो के छात्रों को काफी परेशानी हो रही है। आइसा कि टीम मैं बीबीएमकेयू को इस संबंध में ज्ञापन दिया है और इस और ध्यान आकृष्ट कराने कि कोशिश कि है। आइसा के प्रतिनिधि ने बताया कि आइसा मांग करती है कि धनबाद व बोकारो मे जल्द से जल्द सभी अंगिभुत कॉलेज मे नामांकन प्रक्रिया शुरु करवाए अन्यथा आइसा प्रदर्शन को बाध्य होगी।

## बरौनी-लखनऊ एक्सप्रेस का एकमा स्टेशन पर ठहराव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर** : यात्रियों की सुविधा हेतु दिनांक 09.09.2023 से गाड़ी संख्या 15203/15204 बरौनी-लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस का प्रायोगिक तौर पर एकमा में ठहराव प्रदान किया गया है ।

1.गाड़ी संख्या 15203 बरौनी-लखनऊ एक्सप्रेस 01.50 बजे एकमा पहुंचेगी तथा 02 मिनट बाद 01.52 बजे प्रस्थान करेगी ।

2. गाड़ी संख्या 15204 लखनऊ-बरौनी एक्सप्रेस 01.22 बजे एकमा पहुंचेगी तथा 02 मिनट बाद 01.24 बजे प्रस्थान करेगी।

## अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा झारखंड प्रदेश का स्वागत समारोह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : सोमवार को अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा झारखंड प्रदेश के नव चयनित प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो, प्रदेश महामंत्री मदन कुमार एवं प्रदेश युवा अध्यक्ष दिलीप साव, प्रदेश युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष विजय गोरी, प्रदेश युवा सचिव राजकिशोर महतो का साहू धर्मशाला में भव्य स्वागत किया गया एवं नव चयनित प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो ने तीन पदाधिकारी को चिट्ठी देकर के पद का घोषणा की है जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष कुमार अंकेश राज उर्फ पप्पू साह प्रदेश उपाध्यक्ष, बलदेव महतो एवं जिला अध्यक्ष जगदीश साव को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का संचालन विकास साव ने किया तथा अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगदीश साव ने किया। मौके पर धर्मशाला अध्यक्ष एवं तेलिक साहू महा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास, शंभू साह, हीरा साव, संतोष साव, जानकी साह, हीरामन नायक, श्रीकांत गुप्ता, उदय शंकर साव, जय प्रकाश साव, सरवन साव, नरेश साव, रवि साव, सुरेंद्र साव, श्रीसंत साह, मनोज साव, नंदकिशोर साव, नकुल साव, मुनेश्वर साव, हीरा साव, उदय साव, धन्नू साव, चंदन, तालेवार महतो, राजेश साव, रोशन गुप्ता आदि सभागार में करीब 200 से अधिक समाज के लोग उपस्थित थे।

## पुरानी पेंशन लागू करने की मांग को लेकर रेल कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : धनबाद रेलवे स्टेशन में स्थित वैगन विभाग के कोचिंग कंपलेक्स में सोमवार को पुरानी पेंशन लागू करने की मांग को लेकर रेल कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। ईसीआरकेयू के केंद्रीय अध्यक्ष डीके पांडेय ने बताया कि एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा के निर्देश पर सभी शाखा मण्डल और जोन स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें एनपीएस को हटाकर के पुरानी पेंशन लागू करने की मांग को लेकर विरोध किया। इस दौरान ईसीआरकेयू धनबाद लाइन ब्रांच द्वारा कर्मचारियों को जागरूक किया गया। महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव ने रेल कर्मचारियों को बताया कि पुरानी पेंशन क्यों जरूरी है और पुरानी पेंशन व्यवस्था को लागू करने को लेकर केंद्रीय सरकार से मांग किया गया। इस कार्यक्रम में नेताजी सुभाष, प्रशांत बनर्जी, जेके शाह, एन के खवास धीरेंद्र, सी एस प्रसाद, सुरेंद्र, अमरजीत, मनजीत, अजय, दिलीप, आर गोप, मनोज, अभय, संतोष, इजहार, बिंदु, विभा, निभा, जर्मिना, सुभाष उमा, अखिलेश आदि लोग मौजूद थे।




## न्यू एंजेल्स होम स्कूल के शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया** : डिगवाडीह माझी बस्ती स्थित न्यू एंजेल्स होम स्कूल में सोमवार को स्कूल के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिक्षकों ने भाग लेकर प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण देने के लिए कोलकाता से आये रिसोर्स पर्सन संदीप कुमार दे ने छात्रों और शिक्षकों के बीच कैसे समन्वय स्थापित हो और छात्र किस तरह से शिक्षा प्राप्त करें इस विषय पर खास तौर पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कई सवालों के जवाब भी लिया गया जो शिक्षक और छात्र के बीच शिक्षा ग्रहण करने के दौरान लिया जाता है। कार्यक्रम से पहले न्यू एंजेल्स होम स्कूल के संस्थापक सह प्राचार्य स्वर्गीय एम.एस. अख्तर की तस्वीर पर शिक्षकों ने माल्यर्पण किया गया। इस मौके पर स्कूल के निर्देशक परवेज अख्तर व प्राचार्य आफताब आलम ने बताया कि जिस पेड़ को आज स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय एमएस अख्तर ने लगाया है उस पेड़ को सींचना हम लोगों का कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर लगाने का उद्देश्य और निर्णय एमएस अख्तर के द्वारा ही लिया गया था और कहा गया था कि अनुभवी शिक्षकों से अपने स्कूल के शिक्षक का प्रशिक्षण दिलाकर एक अच्छी शिक्षा का गुण प्राप्त कर छात्रों को शिक्षा देने का काम करेंगे। न्यू एंजेल्स होम स्कूल के शिक्षकों ने कहा कि आज हम लोगों को प्राचार्य एमएस अख्तर की कमी काफी खल रही है मगर उनका जो सपना था वह पूरा करने के लिए हमारा स्कूल प्रबंधन और सभी शिक्षक जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं।

## बैडमिंटन व बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया** : डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई,धनबाद में द्वितीय अंतर सदन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बालिका वर्ग में हंसराज ने दयानंद को 2/0 से हराकर विजयी हुआ तथा बालक वर्ग में विरजानंद ने दयानंद को 2/1 से हराकर जीत हासिल की। वहीं दूसरी ओर खेले गए बास्केटबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग में दयानंद ने श्रद्धानंद को 6/4 से हराकर विजयी हुआ। बालिका वर्ग में बिरजानंद ने श्रद्धानंद को 6/2 से हराकर जीत हासिल की। विद्यालय में हो रहे अंतर सदन प्रतियोगिता से बच्चे काफी उत्साहित नजर आए तथा पूरे परिसर में हर्षोल्लास का माहौल रहा।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या महुआ सिंह ने कहा कि बच्चों की खुशी को देखकर वे भी बहुत प्रसन्न हैं और उन्होंने कहा कि हमें बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने की आवश्यकता है। खेल के द्वारा ही इन बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं सर्वांगीण विकास संभव है। यही बच्चे आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर अपने देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इन खेलों के रेफरी एडी प्रसाद एवं संतोष कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों ने अपना उत्तम प्रदर्शन किया है। इस मौके पर दयानंद सदन के मास्टर दिलीप कुमार गुप्ता, हंसराज सदन के मास्टर अमोद कुमार झा, श्रद्धानंद सदन के मास्टर रवीशचंद्रा, वृजानंद सदन के मास्टर आदि सत्य प्रकाश, स्कोरर सोहेल चौधरी तथा विद्यालय के सीसीए प्रभारी मौसमी बनर्जी भी उपस्थित थीं।

**संक्षिप्त खबरें**

## अवैध चिप्स लदा ट्रक को खनन पदाधिकारी ने जब्त कर थाना को किया सुपुर्द

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** खनन पदाधिकारी ने अवैध चिप्स लदा हाइवा को परिचालन के दौरान कंडरा से जब्त कर थाना को किया सुपुर्द। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में खनन पदाधिकारी ने अवैध चिप्स लदा हाइवा जे एच 07 जे 8610 को परिचालन करते हुए पकड़ सेन्हा थाना को सुरक्षित रखने हेतु सुपुर्द किया वही बताया जाता है। कि खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद सेन्हा थाना क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर भ्रमण कर रहे थे। उसी दौरान हाइवा ट्रक जिसपर अवैध चिप्स लोड था। जिसे रोक कर चिप्स का चालान मांग करने पर कागजात चालक के द्वारा प्रस्तुत नही करने पर ट्रक को जब्त कर थाना लाया गया। इस संदर्भ में एस आई गणेश कुमार यादव ने बताया कि खनन पदाधिकारी के निर्देशानुसार जब्त ट्रक को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। साथ ही उन्होंने कहा खनन विभाग के निर्देश पर जब्त हाइवा ट्रक के विरुद्ध अग्रतर कारवाई किया जाएगा।

# नहीं थम रहा हाथियों का आतंक मचा रहे चारों ओर तबाही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** सोमवार को तड़के सुबह 5:00 बजे दो जंगली हाथी पहुंचे जोराम खिजुरडांड एवं जाशो देवी पति मुकेश प्रधान के घर का एक हिस्सा को ध्वस्त करते हुए घर में रखे दो क्विंटल धान को निकाल कर खा गए और कुछ को अपने साथ लेते गए, साथ ही घर टूटने पर घर पर रखा बक्सा, बर्तन, कुर्सी आदि को भी नुकसान पहुंचा है, उससे पहले दोनों जंगली हाथियों ने मुकेश प्रधान के घर के बगल में जो गोड़ा का धान खेत में लह लहा रहा था उसे भी खाते हुए लगभग आधा खेत का धान को रौंद डाला इससे खेत के मालिक काफी उदास एवं निराश है क्योंकि इतनी मेहनत से वह खेती करता है और उसे इस तरह से हाथियों के द्वारा नुकसान कर दिया जाता है निश्चित तौर पर किसान को काफी दुख हुआ इसकी जानकारी जैसे ही मुखिया प्रितम कंडुलना एवं प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज को हुई दोनों पीड़ित के घर पहुंचे एवं तत्काल सहयोग के रूप में पच्चीस केजी चावल प्रमुख के द्वारा एवं बीस किलो चावल मुखिया के द्वारा तुरंत उपलब्ध कराया गया ,जिससे की कुछ दिन उन्हें खाने-पीने में कोई तकलीफ ना हो, साथ ही साथ सरकार के द्वारा, वन विभाग के द्वारा जो भी मुआवजा मिलता है, उसके लिए आवेदन लिख करके ले लिया गया है, और उन्हें आश्वासन दिया गया है कि आपका जो भी नुकसान हुआ है उसे जल्द से जल्द आप लोगों को वन विभाग कि ओर से दिया जाएगा मौके पर समाजसेवी राजेश टोप्पो, कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, प्रखंड सचिव प्रिंस कुमार, मोहम्मद कयूम, हाशिम आलम मानसिद्ध डुंगडुंग आदि मौजूद थे।

# प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के तत्वाधान में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन शिक्षा विभाग का कार्यालय, लोहरदगा में किया गया। आज प्रशिक्षण के प्रथम दिवस अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, एपीओ सह प्रभाग प्रभारी, उपस्थित मास्टर ट्रेनर, आदि के द्वारा प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। इसमें सभी प्रखंडों के बीपीओ बीआरपी और सीआरपी को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण देंगे। यह प्रशिक्षण साझेदारी प्रशिक्षण मॉड्यूल के आधार पर दिया जा रहा है। आज के प्रशिक्षण में विद्यालय प्रबंध समिति के कार्य और दायित्व, नई शिक्षा नीति, निःशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और बाल अधिकार चाइल्ड राइट्स के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उपरोक्त प्रशिक्षण सीआरपी। दीनबंधु डे और जीतेंद्र मित्तल द्वारा दिया गया। आज के प्रशिक्षण में प्रभाग प्रभारी सरिता एक्का द्वारा बतलाया गया कि विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के प्रशिक्षण एक समय बद्ध कार्यक्रम है, जिसे माह सितंबर अक्टूबर में पूर्ण किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण में पिरामल के अभिषेक सिंह, खान जी और सिनी के तरुण कुमार द्वारा भी सभी प्रशिक्षुओं को विद्यालय प्रबंधन समिति से संबंधित जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया।

# संजय सर्राफ ने की विधायक डॉ. इरफान अंसारी के बयान की निंदा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के झारखंड प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने झारखंड के विधायक डॉ इरफान अंसारी के द्वारा प्रसिद्ध कथावाचक बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को ढोंगी और उनके बारे में की गई अशब्द टिप्पणी की कड़ी शब्दों में निंदा की है। संजय सर्राफ ने कहा है कि बाबा धीरेंद्र शास्त्री सनातनी धर्म का प्रचार कर रहे हैं। तथा हनुमंत कथा,राम कथा,दिव्य दरबार के जरिए हिंदुओं को सनातन धर्म के प्रति जागरूक कर रहे हैं। किंतु इरफान अंसारी सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए ओछी हरकतें कर करोड़ों हिंदुओं की आस्थाओं एवं सद्भावना को ठेस पहुंचने का कार्य कर रहे हैं। जो कि ठीक नहीं है। सनातन धर्म के विरोध करने वाले कितने भी खड़े हो जाएं ना कोई सनातन को मिटा सकता है ना झुका सकता है। अधर्मी कितना भी बलवान क्यों ना हो धर्म के आगे नहीं टिक पाता, बाबा धीरेंद्र शास्त्री को साधना के माध्यम से दिव्य शक्तियां प्राप्त हुई है। जिनके माध्यम से बाबा लोगों के शारीरिक,आर्थिक,मानसिक और समाजिक पीड़ाओं का निदान करते हैं। उनके दरबार मे लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ हो रही है। हम सबों का सौभाग्य है कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री नवंबर माह में रांची आएंगे। डॉ इरफान अंसारी विवादित बयान देकर हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा कर माहौल बिगड़ने का कार्य कर रहे हैं। जो कि कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

# दिव्यांगजनों के चेहरे पर मुस्कान लाना, मंच का उद्देश्य : जय प्रकाश शर्मा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच लोहरदगा शाखा के द्वारा दिव्यांग जनों की सहायता हेतु जल्दी ही एक निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा ने बताया के इस शिविर में वैसे दिव्यांग भाई-बहन जिनके पैर और हाथ नहीं है और वे अपने दैनिक कार्य सही से नहीं कर पाते हैं उन्हें कृत्रिम हाथ पैर निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। सर्वप्रथम उनकी मापी ली जाएगी फिर अंग लगा कर प्रैक्टिस कराई जाएगी। पूर्व में भी लोहरदगा के 23 लोगों का नई एवं उत्तम तकनीक से निर्मित कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण मंच के माध्यम से किया गया था। जिससे वे बहुत लाभान्वित हुए थे। आगामी शिविर में एक और नई सहयोग बधिर व कम या नहीं सुनने वाले की ऑडियोमेट्री जांच कर स्पेशल कान की मशीन भी निशुल्क दी जाएगी। मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया और सचिव आशीष पोद्दार ने अपील करते हुए कहा कि जो भी इस शिविर का लाभ लेना चाहते हैं कृपया 25 सितंबर तक अपना रजिस्ट्रेशन 7782927580-8709573467-8986653171 नंबर से संपर्क कर करा सकते हैं अथवा मारवाड़ी युवा मंच के किसी भी सदस्य से संपर्क कर सकते हैं।

# फोटोग्राफर एसोसिएशन का एक फिल्म सिनेमैटोग्राफि कार्यशाला का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन के बैनर तले फुजि फिल्म के सौजन्य से आज लोहरदगा के पर्ल होटल के सभागार में एक फिल्म सिनेमैटोग्राफि कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें फुजि फिल्म के एडिशनल मैनेजर राकेश सोनी की अहम भूमिका रही उन्हीं के सहयोग से यह वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उड़ीसा के पुरी से आये सिनेमैटोग्राफी मेंटर को अध्यक्ष रवि खत्री ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में फुजि फिल्म के एडमिशन मैनेजर राकेश सोनी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि झारखंड के हर जिले में सिनेमैटिक वर्कशॉप का आयोजन किया जाए और वर्तमान में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के बदलते परिवेश में हर फोटोग्राफर को फुजिफिल्म के कैमरा के नए प्रोडक्ट से फोटोग्राफरो को कैसे अपडेट किया जाए। मेरा यह प्रयास है कि हर वर्ष ऐसे वर्कशॉप आयोजन करें और सबको नए प्रोडक्ट से अवगत कराएं दिनभर के इस कार्यशाला के प्रथम सेशन में मेंटोर मिथुन जैना ने वीडियोग्राफी एवं सिनेमैटिकग्राफी के वाइट बैलेंस लेंसों का प्रयोग व्हाइट बैलेंस कैमरा के गियर का प्रयोग कैसे हो इसका गुर सिखाए। वेडिंग फोटोग्राफी प्री वेडिंग शूट मॉडल सूट में ट्राइपॉड गिंबल एवं स्लाइडर का बेहतर यूज कैसे किया जाए एवं सूंदर रिजल्ट कैसे पाएं। कार्यशाला के दूसरे सेशन में देवेश कुमार पटनायक ने कैमरे के बेसिक जानकारी दी उन्होंने मिररलेस कैमरा से लेकर हाई हाय डायनामिक रेंज कैमरा तक की सारी जानकारी फोटोग्राफरो को दिया। आज कार्यशाला में रांची के 2लातेहार के 2 गुमला के 8 एवम पलामू के 4 प्रतिनिधियों ने भाग लिया संस्था के इस कार्यशाला में वरिष्ठ सदस्य राम कुमार प्रसाद की पुत्री रुचि कुमारी के ष्ट बनने के उपलक्ष पर उन्हें संस्था के द्वारा सम्मानित किया गया।

# पीडीएस दुकान के माध्यम से 35 लाभुक को दिया गया सोना सोबरन योजना का लाभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** भड़गांव पंचायत में सोना सोबरन योजना के तहत 35 कार्डधारीयों के बीच कैम्प आयोजन कर धोती साड़ी व लूंगी का वितरण किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गाँव पंचायत में जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के द्वारा सोना सोबरन योजना के तहत कैम्प का आयोजन किया गया। आयोजित कैम्प में 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की, अफसर आलम तथा जनवितरण संचालकों द्वारा 35 कार्डधारी लाभुकों के बीच धोती, साड़ी और लुंगी का वितरण किया गया। वही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा गरीब कार्डधारियों के लिये संचालित सोना सोबरन योजना के तहत 35 कार्डधारियों के बीच प्रति कार्डधारी से 10 रु लेकर धोती, साड़ी और लुंगी का वितरण किया गया। वितरण के क्रम में गुलाब महिला मंडल कुंदगड़ी के पीडीएस संचालक द्वारा 9 लाभुक को प्रेम महिला मंडल पारही के पीडीएस संचालक द्वारा 8 लाभुक को तथा जय चला महिला मंडल डोका के पीडीएस संचालक द्वारा 9 और पीडीएस संचालक अफसर आलम द्वारा 9 लाभुकों के बीच धोती साड़ी तथा लुंगी का वितरण किया गया। वितरण के पश्चात 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम ने कहा योजना का सदुपयोग करते हुए पीडीएस संचालक सरकार द्वारा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरत मंदों तक पहुंचाने का कार्य कर रहें है। जिससे सरकार की महत्वकांक्षी योजना सफल होते हुए धरातल पर दिख रहा है.साथ ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सभी पीडीएस संचालक को निर्देश देते हुए कहा गया। कि धोती साड़ी एवं लुंगी वितरण की उपयोगिता प्रमाण पत्र कार्यालय में ससमय वितरण के पश्चात जमा करें मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमूल तिर्की के अलावे पीडीएस दुकान संचालक एवं लाभुक उपस्थित थे।

# चेक डैम मे डूबने से अधेड़ की मौत, पुलिस पहुंच शव को कब्जे मे ले पोस्टमार्टम हेतु भेजा अस्पताल

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो थाना क्षेत्र के महूवरी गांव निवासी लखे उरांव के 55 वर्षीय पुत्र चारो उरांव का चैक डेम में डूबने से मौत हो गई है चारो उरांव के पत्नी मजैर उराईन ने जानकारी दिया कि चारो उरांव खेती बाड़ी कर अपना घर परिवार का भरण पौषण करते थे।.19 अगस्त शनिवार को मेरे पति किसी काम से ग़जनी गए थे तभी लौटने के क्रम में चैक डैम में डूबने से मौत हो गया।

# सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में विजयी प्रतिभागियों का हुआ सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। साथ ही प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। विजय प्रतिभागी दिव्या उरांव, अमृता कुमारी, दीक्षा कुमारी, उत्कर्ष कुमार कश्यप, अंश राज सिंघल, अंकित प्रजापति, प्रभात कच्छप, रोहित कुमार साहू, गणेश कुमार प्रजापति, आस्था पांडे, प्राची सोनी, कृष्ण कुमार साहू,राजकुमार साहू, आयुष कुमार एवं पलक मेहता को पुरस्कार दिया गया। 19 अगस्त 2023 दिन शनिवार को शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था इस प्रतियोगिता में संस्कृत, संस्कृति बोध, वैदिक गणित, विज्ञान एवं संगणक विद्यालय के भैया बहनों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे ने कहा परिश्रम सफलता की कुंजी होती है आगामी विभाग स्तरीय एवं प्रांतीय प्रतियोगिता में भी भैया बहन कठोर परिश्रम के बल पर सफलता का परचम लहराएंगे ऐसी आशीष एवं शुभकामना है। आज वंदना सभा में सभी आचार्य एवं भैया बहन उपस्थित थे एवं खुशी के माहौल में विद्यालय परिवार गदगद था।

# जमीन विवाद में डीड राइटर के घर पर चली गोली, अपराधी फरार, पुलिस जांच में जुटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सदर थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित डीड राइटर सुमन साहू के आवास पर देर रात्रि अज्ञात नकाबपोश अपराधियों ने फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। फायरिंग में डीडराइटर सुमन साहू बाल बाल बच गए। हमलावरों ने दो गोली फायर की। एक गोली दो मंजिला मकान के खिड़की का शीशा तोड़कर अंदर दीवार पर जा लगी। जबकि दूसरी गोली खिड़की के बगल में दीवार पर लगी। घटना के बाद सुमन साहू ने तत्काल सदर थाना को सूचना दिया। मौके पर सदर थाना के पुलिस पदाधिकारी सुजीत कुमार दलबल के साथ पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू की। देर रात सुमन साहू की शिकायत पर घटना को लेकर एफआईआर दर्ज किया गया। पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है। घटना के पीछे भूमि विवाद माना जा रहा है। इस संदर्भ में पीड़ित डीड राइटर सुमन साहू ने बताया कि, देर रात भोजन कर अपने आवास के दूसरे मंजिल पर स्थित कमरे में सोने गया था। टॉयलेट जाने के लिए बेड से चप्पल पहनने के लिए जैसे ही वह झुका गोली खिड़की का शीशा तोड़ते हुए अंदर दीवार पर जा लगी। जबकि दूसरी गोली खिड़की के बगल के दीवार पर लगी। फायरिंग की घटना से सुमन साहू का परिवार दहशत में है। डीड राइटर सुमन साहू ने बताया कि,उसके घर में लगा सीसीटीवी कैमरे में पूरा वारदात रिकॉर्ड हुआ है। जीसमें दो युवक मकान में फायरिंग करते दिख रहे हैं। कुछ देर बाद स्कूटी में सवार होकर दोनों निकल गए। बताया गया कि,हरमू गांव में ही एक भूखंड का हाई कोर्ट के निर्देश पर रजिस्ट्री सुमन साहू ने कराया है। इस भूखंड को सीलिंग की भूमि बताकर लगभग एक दर्जन ग्रामीण कब्जा नहीं करने दे रहे हैं। इस भूखंड को लेकर सुमन साहू और हरमू के ग्रामीणों में विवाद चल रहा है।

# दतरी में शव का अंतिम संस्कार को लेकर दो गांव के बीच तनाव, प्रशासन की पहल पर हुआ समझौता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही ग्राम में दो अलग अलग परिवार के सदस्य की मौत होने के पश्चात अंतिम संस्कार के लिए बरही ग्राम के ग्रामीण एवं मृतक के परिजन शव को लेकर कोयल नदी दतरी जा रहे थे। तभी दतरी के नौजवान एवं ग्रामीणों ने शव यात्रा को रोकते हुए अंतिम संस्कार पर लगाया रोक 5 घंटा बीत जाने के पश्चात अंचलाधिकारी विजय कुमार, एस आई गणेश कुमार यादव एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों के पहल से समझौता के उपरांत दतरी कोयल नदी तट पर किया गया शव का अंतिम संस्कार वही ग्रामीणों के अनुसार बता दें कि बरही निवासी भदरु लोहरा 55 वर्ष पिता स्वर्गीय भुरण लोहरा एवं नारायण महतो के 50 वर्षीय पत्नी कमला देवी का मौत लम्बे समय से बीमार रहने के कारण हो गया।

# पंचायत समिति सदस्य के द्वारा खिलाड़ियों को फुटबॉल देकर बढ़ाया हौसला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा हाई स्कूल मैदान में अभ्यास करने वाले फुटबॉल खिलाड़ियों को जलडेगा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य जयंती देवी ने फुटबॉल देकर हौसला बढ़ाया। जयंती देवी ने मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों को कहा कि अनुशासन के साथ अभ्यास कर खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकते हैं साथ ही आगामी दिनों में प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान में कई तरह के फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होगा जिससे अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा इसी उद्देश्य से खिलाड़ियों को फुटबॉल दिया गया है। फुटबॉल मिलने पर खिलाड़ियों ने जयंती देवी का आभार प्रकट किया है। मौके पर मो इरफान, दीपक चीक बड़ाईक, आकाश साहू, विनय लोहरा, फरीद अहमद के अलावे अन्य खिलाडी उपस्थित थे।

**उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।**
**(खनन शाखा)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि PR 302257 Mines and Geology (23-24)#D एवं PR 303382 Mines and Geology (23-24)_D द्वारा प्रकाशित PVUNL, पतरातु अन्तर्गत Near CHP Transfer Point में भण्डारित 30000 घन मीटर (तीस हजार) एवं Near Wagon trippler में भण्डारित 30000 घन मीटर (तीस हजार) कुल 60000 घन मीटर (साठ हजार) लघु खनिज पत्थर का दिनांक 04.08.2023 को नीलामी अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

पुनः आम नीलामी दिनांक 05.09.2023 को समय 04.00 बजे अपराह्न में अपर समाहर्ता, रामगढ़ की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक 04.09.2023 समय 05.00 बजे अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, रामगढ़ में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

ह0/-
अपर समाहर्त्ता, रामगढ़।

PR 305131 Mines and Geology(23-24)D

# जिले कि समस्या को लेकर संजय वर्मन ने सांसद सुदर्शन भगत को लिखा पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के सदस्य संजय कुमार बर्मन ने लोकसभा सांसद श्री सुदर्शन भगत को लिखा पत्र, जिले की समस्या से कराया अवगत उन्होंने बतलाया कि लोहरदगा जिला क्षेत्र अनुसूचित जनजाति बाहुल्य पिछला इलाका होने के अतिरिक्त यह कृषि पर्यटन बॉक्साइट एवं खनिज संपदा के मामले में बहुत ही विकासशील क्षेत्र है, परंतु यहां संसाधन नहीं होने के कारण इस जिले का विकास सिमट कर रह गया है। लोहरदगा जिला ही नहीं बल्कि गुमला, सिमडेगा, लातेहार, महुआडांड़, चंदवा इत्यादि तथा जिले से सेट हुए राज्य छत्तीसगढ़ जशपुरनगर, कुनकुरी, तपकारा, पत्थलगांव, बगीचा सत्रा आदि क्षेत्र में रहने वाले लोगों की एक बड़ी आबादी है। जिसमें कृषक छात्र-छात्राएं, सेना के जवान, रिटायर्ड फौजी, मरीज, व्यापारी, सरकारी, गैर सरकारी, नौकरी पेशा कर्मी व आमजन को प्रत्यक्ष रूप से इसका लाभ मिल सके, वहीं क्षेत्र में एग्रीकल्चर, टूरिज्म, एजुकेशन, डिस्टिक, स्पोर्ट्स, माइनिंग आदि हब बनने की संभावना बढ़ सकती है, जिसके लिए कुछ सार्थक प्रयास करना जरूरी है जिस बात को लेकर संजय कुमार बर्मन ने माननीय सांसद सुदर्शन भगत से मांग की है की रांची दिल्ली गरीब रथ तीन दिन वाया बड़काकाना होकर चलती है उसे 2 दिन और लोहारदगा टोरी होकर चलाया जाए। तथा रांची आनंद विहार तीन दिन बड़काकाना होकर चलती है जिससे लोहरदगा टोरी किया जाए। संबलपुर जम्मू तवी एक्सप्रेस 4 दिन बड़काकाना होकर चलती है इसे दो दिन लोहरदगा टोरी होकर चलने की मांग की है,तथा और भी जैसे रांची वाराणसी ट्रेन रांची अजमेर शरीफ ट्रेन बरकाकाना, पटना पलामू एक्सप्रेस, हावड़ा अहमदाबाद एक्सप्रेस शामिल हैं, वही टोरी एन एच् 22 में स्थित रेलवे फाटक में ट्रेनों की भारी आवागमन से काफी जाम लगा रहता है जिसमें एंबुलेंस के साथ आमजन एवं राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना प्रत्येक दिन करना पड़ता है, जिसको लेकर यथाशीघ्र रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया जाना चाहिए। तथा लोहरदगा रेलवे की जमीन में स्थित हिंडाल्को की बॉक्साइट डंपिंग यार्ड यहां से हटाने वाली है साथ ही हटिया रेलवे यार्ड में ट्रेन का दबाव काफी बड़ा हुआ है अतः खाली हो रहे स्थान पर यार्ड बनाया जाए इससे हटिया का भार कम हो वही लोहरदगा से ट्रेनों की खुलने की संख्या बढे जिससे विकास को बढ़ावा मिलने की संभावना बढ़ सकती है।

# पहली बरसात भी नही झेल पा रहा पुलिया अभी से ही होने लगा क्षतिग्रस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला परिषद मद से ठेठईटांगर प्रखंड में किये जा रहे विकास योजना के कार्यों में बरती जा रही अनियमितता का भंडाफोड़ समय-समय पर होता रहता है , के बावजूद दोषियों के विरुद्ध विभाग अथवा प्रशासन द्वारा लीपापोती कर कड़ी कार्रवाई नही किये जाने के कारण संवेदक अथवा कम्पनी के ऊपर किसी भी तरह का डर नही होता है। ऐसे में उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों में आगे भी अनियमितता बरती जाती रही है, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना होता है। कुछ ऐसा ही मामला ठेठईटांगर के दुमकी पंचायत का है जहां कोरोंजो से निमटोली जाने वाले मार्ग में अभी कुछ माह पूर्व ही जिला परिषद मद से बना 1 स्पेन के पुलिया बनाया गया है किंतु कार्य मे अनियमितता के कारण अभी से ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। पुलिया का कटअप पहली बारिश में ही बह गया और पुलिया के पहुंचपथ में गार्डवाल का निर्माण नही होने से सड़क भी कटने लगी है जो उसके स्तित्व पर सवालिया निशान खड़ा कर रही है। सोमवार को कोलेबिरा विधायक विक्सल कोनगाड़ी के ठेठईटांगर प्रतिनिधि मो. कारु ने पुलिया के निरीक्षण किया तथा कार्य मे गुणवत्ता का अभाव की शिकायत विधायक से करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ माह पूर्व निर्मित पुलिया में अभी से ही समस्या का उत्पन्न होना कार्य मे लापरवाही बरते जानी की गवाही दे रहा है, वे इस मामले से विधायक व जिला प्रशासन को अवगत कराते हुए कार्रवाई करने की मांग करेंगे। मौके पर ठेठईटांगर विधायक प्रतिनिधि सुशिल बोदरा, मोजक्कीर आलम उपस्थित थे।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह**
**मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़ कोर्टमोड़ छत्तरमाण्डू रामगढ़-825101**
फोन नम्बर-8210367150 ई-मेल csramgarh@yahoo.co.in

**निजी अस्पताल/नर्सिंग होम आदि के निबंधन हेतु आवश्यक सूचना।**

Clinical Establishment Act. 2010 के तहत् रामगढ़ जिलान्तर्गत संचालित सभी अस्पताल/नर्सिंग होम/ क्लिनिक/आयुश/पैथोलॉजी जांच घर/इमेजिंग सेंटर/फिजियोथेरेपी संस्थान आदि का पंजीकृत होना अनिवार्य है। अतएव रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी अस्पताल/नर्सिंग होम/क्लिनिक/आयुश/पैथोलॉजी जांच घर/इमेजिंग सेंटर/फिजियोथेरेपी संस्थान आदि के संचालन हेतु सविज्ञाप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे Clinical Establishment Act. 2010 के तहत् अपने संस्थान के पंजीकरण हेतु दिनांक 31.08.2023 तक अनिवार्य रूप से अपना आवेदन Online (www.clincalestablishments.gov.in) पर आवेदित करने के साथ ही उसकी एक प्रति सिविल सर्जन कार्यालय रामगढ़ में समर्पित कर दें। दिनांक 31.08.2023 के पश्चात् बिना निबंधन के संचालित संस्थानों के खिलाफ Clinical Establishment Act. 2010 के तहत् आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिसकी सारी जवाबदेही संबंधित संस्थान के संचालाको की होगी।

**दण्ड प्रावधान।**

अपंजीकृत निजी संस्थान द्वारा चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराये जाने पर धारा 41 (1) के तहत् आर्थिक दण्ड निम्नवत् प्रावधान हैः-

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम बार | – | 50000/– रू0 तक |
| द्वितीय बार | – | 2,00,000/– रू0 तक |
| उत्तरवर्ती बार | – | 5,00,000/– रू0 तक |

नोटः- सभी अस्पताल/नर्सिंग होम/क्लिनिक/आयुश/पैथोलॉजी जांच घर/इमेजिंग सेंटर/ फिजियोथेरेपी संस्थान आदि मे पुछताछ केन्द्र के समीप चिकित्सक का नाम, उनकी योग्यता, मेडिकल कॉउंसिल रजिस्ट्रेशन एवं प्रदत्त सेवाओं के शुल्क का विवरण हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रदर्शित करना अनिवार्य है।

ह०/-
(डॉ0 महालक्ष्मी प्रसाद)
असैनिक शल्य चिकित्सक-सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़

PR 305166 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D

चलते चलते एक नजर

## निःशुल्क हड्डी एवं नस रोग मेगा चिकित्सा कैंप का हुआ आयोजन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा सोमवार को हॉस्पिटल परिसर में एकदिवसीय निःशुल्क मेगा हड्डी एवं नस रोग कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें हड्डी एवं नस रोग से संबंधित करीब 350 मरीजों ने इस कैम्प का लाभ उठाया। कैम्प में हॉस्पिटल के हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ और अनुभवी चिकित्सक डॉ.सुनील कुमार और डॉ.मयंक प्रताप सिंह ने सभी को उचित चिकित्सीय परामर्श दिया एवं इलाज किया। कैम्प में शारीरिक दर्द, रीढ़ की हड्डी, साइटिका, लकवा और फैक्टर के ऑपरेशन के बाद समस्या से संबंधित मरीज अधिक तर पहुंचे। कैम्प के दौरान हॉस्पिटल द्वारा मुफ्त में बी.एम.डी., ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और पल्स की जांच भी की गई और कई दवाई भी मुफ्त में उपलब्ध कराया गया ।कैम्प के सफल संचालन पर आरोग्यम हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने बताया की सामाजिक दायित्व निर्वहन अंतर्गत हम हमेशा ऐसे मेडिकल कैम्प का आयोजन करते रहें हैं। उन्होंने कहा की हमारे प्रयास का प्रतिफल है की लोग स्वास्थ्य के प्रति हजारीबाग में लगातार जागरूक हो रहें है। शॉर्ट नोटिस में इस कैम्प में करीब 350 लोगों का पहुंचना इसे स्पष्ट रूप से दर्शाता है। उन्होंने बताया की आरोग्यम हॉस्पिटल समाज हित में ऐसे कैंप का लगातर आयोजन करता रहेगा । कैम्प को सफल बनाने में हॉस्पिटल प्रसाशक जया सिंह, रवि सिंह, रुकसाना, वंदना, निधि, सुमन सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## धूमधाम से निकली भगवान महाकाल की सातवीं सवारी, सात स्वरूपों में दिए भक्तों को दर्शन

**उज्जैन :** श्रावण एवं भादो माह में निकलने वाली सवारियों के क्रम में श्रावण माह के सातवें सोमवार को ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल की सातवीं सवारी धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान भगवान महाकाल ने सात स्वरूपों में अपने भक्तों को दर्शन दिए और नगर भ्रमण कर अपनी प्रजा का हाल जाना। नागपंचमी का संयोग होने के कारण सवारी में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। लाखों श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। सोमवार शाम को साढ़े तीन बजे सवारी के निकलने के पूर्व सभामंडप में सर्वप्रथम भगवान चन्द्रमौलेश्वर का षोडशोपचार से पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात भगवान की आरती की गई। पूजन-अर्चन मुख्य पुजारी पं. घनश्याम शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। भगवान चन्द्रमौलेश्वर पालकी में सवार होकर अपनी प्रजा का हाल जानने और भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकले।

# कल्याणकारी है भोलेनाथ, सुनते हैं भक्तों की पुकार : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सावन के महीना में बाबा भोले नाथ के भक्तों को कठिन डगर का सामना करना पड़ रहा है। भक्त और प्रेमिका कष्ट में ही सुख महसूस करते हैं। इसीलिए शिवभक्तों ने बिन फुहार के सावन शिवमय किये हुए हैं। पड़वा प्रखण्ड के राजहरा में शिवचर्चा का आयोजन किया गया। बतौर मुख्यवक्ता के रूप में अविनाश देव ने शिरकत किया। शिवशिष्यों,गुरुभाई बहनों ने पहले से ही शिव के शमां को बांध रखे थे। सैकड़ों गुरुभाई बहनों के बीच चर्चा



किये और इसके जरिये बताए शिवगुरु से हमे प्रेरणा लेने की जरूरत है कि जन कल्याण के लिए हमे कुछ नुकसान भी उठाना पड़े तो सहर्ष स्वीकार करते रहना चाहिए। आपसी प्रेम भाईचारा में किसी प्रकार की कटुता नहीं आनी चाहिए। नहीं तो हमारा समाज हमारा देश कमजोर होता है। एक साथ जो चर्चा करते हैं वह हमारी चट्टानी एकता को दर्शाता है। जिसे दुश्मन भी हमारा दोस्त बन जाता है। विपरीत धारा के लोग जीव जंतु सभी हमसे एकरूप होते चले जाते हैं। हम विविधता में एकता का परिचय देते हैं। इसलिए चर्चा करें महिला हित का ख्याल रखें। कमजोर तड़का को साथ लेकर चलें। जय महादेव। कार्यक्रम के आयोजक प्रयाग भैया,संचालक गोकुलानंद भैया संगीत रोहित जी व राधेश्याम जी,बेहतर प्रस्तुति से पूरे चर्चा में ओंकारनाथ तिवारी जान फूंकें। इस मौके पर कमलदेव भैया,अमोद भैया,सहित सैकड़ों लोग चर्चा का श्रवणपान किये।

## राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिल्ली सरकार के अधिकारी के दुष्कर्म मामले का लिया संज्ञान

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी द्वारा दोस्त की नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने के मामले का राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने संज्ञान लिया है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि एनसीडब्ल्यू ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया है और इस मामले की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि आरोपित और उसकी पत्नी ने लड़की को अवैध रूप से अपने पास रखा था। रेखा शर्मा ने दिल्ली सरकार से पूछा कि उनके महिला एवं बाल विकास विभाग का एक कर्मचारी जो डीसीडब्ल्यू में भी कार्यरत था, वो सब यह काम कर रहा था तब डीसीडब्ल्यू कहां थी ? हम सुन रहे हैं कि सरकार के कुछ लोग आरोपित अधिकारी को बचाने की कोशिश कर रहे थे। इस बीच एनसीडब्ल्यू की चार सदस्यीय टीम दिल्ली के उस अस्पताल पहुंची, जहां नाबालिग लड़की को भर्ती कराया गया है। सदस्यों में से एक ममता कुमारी ने कहा, ÷हम इस मामले की जांच के लिए एक समिति बनाकर यहां आए थे। हम पुलिस आयुक्त के कार्यालय गए लेकिन वह हमसे वहां नहीं मिले। हमें बताया गया कि वह किसी काम से बाहर हैं, हमने आईओ से मिलने की कोशिश की लेकिन हमें बताया गया कि वह कोर्ट गए हैं। जब हम पीड़िता से मिलने यहां आए, तो हमें बताया जा रहा है कि उसकी मां हमसे मिलना नहीं चाहती...वे इसे छिपाने के लिए ऐसा कर रहे हैं ।

# गांव की और बढ़ रहा है हमारा शहर : अरुणा शंकर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पड़वा मोड़ में बने मस्कुलर जिम एंड फिटनेस सेंटर का उद्घाटन करते हुए कहा कि अब हमारा शहर गांव की ओर बढ़ रहा है। प्रथम महापौर ने कहा कि मेदनीनगर से सटे पड़वा मोड़ में आज शुभारंभ हुए जिम किसी भी मायने में शहर के जीम से कम नहीं है। यह जीम बहुत ही हाइजीनिक तरीके से बनाया गया है।

जहां शहर और गांव के बच्चे जिम कर सकते हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि आने वाले समय में जैसे-जैसे लोग अपने शरीर के प्रति जागरूक हो रहे हैं, वैसे-वैसे जिम का कल्चर

*** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पड़वा मोड़ में बने मस्कुलर जिम एंड फिटनेस सेंटर का किया उद्घाटन**

बढ़ रहा है। शहर में तो लड़कियां भी जिम के प्रति जागरूक हुई है और नित्य जिम जा रही है। प्रथम महापौर ने इस जीम के संस्थापक अभिषेक गुप्ता को बधाई दी।

इस अवसर पर प्रभात भैया, मनोज विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष विश्वकर्मा समाज, दिलीप मेहता, बेबी विश्वकर्मा, मनदीप मेहता, नीरज पाल, संजय मेहता एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आगे आएं युवा उद्यमी : आनंद शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि इस माह के अंत में एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला के अंतर्गत महिला एवं पुरुष उद्यमियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में एमएसएमई के डायरेक्टर के अलावा लीड बैंक के पदाधिकारी भाग लेंगे। नए उद्यमियों और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए अपनी सेवाएं मुहैया कराएंगे। सभी सम्मानित सदस्यों से विशेषकर महिला उद्यमियों से उन्होंने अनुरोध किया है कि अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक अकाउंट और प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अलावा उद्यम सर्टिफिकेट तैयार करा लें। ताकि उक्त कार्यशाला में 50 हजार से

*** अगस्त के अंत में होगा एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन**

*** महिला एवं पुरुष उद्यमियों को मिलेगा 50 हजार से 50 लाख तक का लोन**



लेकर 50 लाख तक का ऋण सुलभता से प्राप्त हो सके।

विशेष जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9430188122 पर सचिव इंद्रजीत सिंह डिम्पल से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह आपकी सूचनार्थ और अग्रिम तैयारी हेतु प्रेषित है।

# पर्यटकों को आकर्षित करने वाला राज्य है यूपी : योगी आदित्यनाथ

*** मुख्यमंत्री योगी ने किया सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना का शुभारंभ**

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा है कि छह वर्ष पहले तक यह बीमारू प्रदेश माना जाता था। कोई यूपी आना नहीं चाहता था। यूपी का नाम सुनकर लोगों में भय पैदा होता था, लेकिन अब परिदृश्य बदल गया है। आरबीआई व नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि यूपी देश के अंदर सर्वाधिक निवेश करने वाले प्रदेश के साथ ही सबसे अधिक घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने व बैंकों से सबसे अधिक उद्योगों को धनराशि देने वाला प्रदेश बन गया है। मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ सोमवार को लोकभवन, लखनऊ में विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर सूक्ष्म उद्यम इकाइयों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे।

### बीमारू से विकसित प्रदेश बना यूपी

आरबीआई व नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले एक सप्ताह के भीतर आई रिपोर्ट पढ़कर उन लोगों की आंखें खुलनी चाहिए, जो कहते हैं कि यूपी में क्या बदला है। उन्हें बताइए कि सुरक्षा की गारंटी देने वाला यूपी निवेश के सबसे बड़े गंतव्य के रूप में उभरता हुआ पहला राज्य है। बैंकों की सेवाओं को बेहतर तरीके से उद्यमियों तक पहुंचाने वाला अग्रणी व सर्वाधिक पर्यटकों को आकर्षित करने वाला राज्य यूपी ही है। हमने बीमारू राज्य से उभारकर यूपी को विकसित राज्य की ओर अग्रसर कर दिया। अलग-अलग सेक्टरों में यूपी सरकार ने व्यवस्थित रूप से कार्य प्रारंभ किया तो परिणाम सामने है।

### यह बदलाव अचानक नहीं आया

सीएम ने कहा कि यह बदलाव अचानक नहीं आया है। इसके पीछे पीएम मोदी की प्रेरणा व मार्गदर्शन के साथ प्रदेश सरकार ने बिना भेदभाव के समाज के प्रत्येक तबके को शासन की योजना से जोड़कर प्रत्येक इन्वेस्टर्स पार्टनर्स को सुरक्षा का विश्वास दिलाया। इसी का परिणाम है कि यूपी देश-दुनिया में सबसे अच्छे गंतव्य के रूप में जाना जा रहा है। इसकी पृष्ठभूमि 2018 में तैयार हुई, जब पीएम मोदी ने यूपी के पहले जीआईएस का उद्घाटन किया था।

# देश की पहली साइड स्विंग रिवॉल्वर प्रबल की ऑनलाइन बुकिंग शुरू

एजेंसी

**कानपुर :** भारत की पहली लंबी दूरी की रिवॉल्वर 'प्रबल' की लांचिंग के बाद अब उसकी बिक्री की शुरुआत होने जा रही है। सोमवार 21 अगस्त को इसका विधिवत शुभारंभ किया गया। इस रिवॉल्वर को गवर्नमेंट ओनरशिप वाली कंपनी एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) कानपुर की तरफ से तैयार किया गया है। यह हल्के वजन वाली 0.32 बोर रिवॉल्वर 50 मीटर से ज्यादा दूरी तक अपने लक्ष्य भेदने में सक्षम है।

रिवॉल्वर के अब तक के वर्जनों में कारतूस डालने के लिए मोड़ना पड़ता था इसके अलावा बाजार में उपलब्ध सभी रिवॉल्वर की क्षमता केवल 20 मीटर तक ही है लेकिन प्रबल की रेंज 50 मीटर तक है। इसे



कारतूस डालने के लिए मोड़ना नहीं पड़ता बल्कि साइड स्विंग से करतूस डाला जाता है।इसका वजन मात्र 675 ग्राम (कारतूस के बिना) और इसकी बैरल की लंबाई 76 मिमी. है, जबकि इसकी कुल लंबाई 177.6 मिमी. है।

इसे गवर्नमेंट ओनरशिप वाली कंपनी एडवांस्ड वेपन्स एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) कानपुर की तरफ से तैयार किया गया है। फिलहाल स्टॉक लिमिटेड है इसलिए पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर रिवाल्वर को सेल किया जाएगा। इसका शुभारंभ भी सोमवार ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से शुरू कर दिया गया है। स्मॉल आर्म्स फैक्ट्री (एसएएफ) कानपुर के कार्यकारी निदेशक राजीव शर्मा ने बताया कि एडब्ल्यूईआईएल कानपुर के अर्मापुर में रक्षा उत्पाद बनाने वाली एक सरकारी कंपनी है। इसमें पूर्ववर्ती आयुध निर्माणी बोर्ड (ओएफबी) की आठ फैक्ट्रियां शामिल हैं और यह मुख्य रूप से भारतीय सशस्त्र बलों, विदेशी सेनाओं और घरेलू नागरिक उपयोग के लिए छोटे हथियार और बंदूकें बनाती है। इसके द्वारा देश की पहली साइड स्विंग और 50 मीटर दूरी वाला रिवॉल्वर प्रबल को तैयार किया गया है। इस आधुनिक रिवॉल्वर की खास बात यह है कि बेहद हल्का है।

साथ ही यह अब तक का सबसे मारक दूरी वाली रिवॉल्वर है। महिलाएं इसे पर्स में भी सुरक्षा की दृष्टि से रख सकती हैं। इसकी बुकिंग आज से ऑनलाइन शुरू कर दी गई है। आयुध निर्माणी की साइट पर जाकर इसकी बुकिंग की जा सकती है। कार्यकारी निदेशक ने बताया कि प्रबल रिवॉल्वर 18 अगस्त को लांच की गई थी।

# आजसू छात्र संघ की जिला कमिटी भंग विशाल प्रजापति बने जिला संयोजक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** आजसू पार्टी की अनुसंगी इकाई अखिल झारखण्ड छात्र संघ की जिला कमेटी की बैठक स्थानीय परिसदन भवन में आयोजित की गई ।अध्यक्षता छात्र नेता विशाल कुमार प्रजापति ने किया एवं मंच संचालन छात्र संघ के जिला प्रभारी अनुराग भारद्वाज ने किया ।बैठक में मुख्य अतिथि अखिल झारखण्ड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह तथा विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय मिडिया प्रभारी परवाज खान एवं जिला अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए। बैठक में अखिल झारखण्ड छात्र संघ की जिला कमिटी को भंग कर दिया गया तथा विशाल कुमार प्रजापति को नया जिला संयोजक बनाया गया ।विनोबा भावे विश्वविद्यालय में और सभी महाविद्यालय में संगठन का विस्तार करने की जिम्मेवारी भी उन्हे दी गई।साथ हीं ये भी निर्णय लिया गया कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय में और सभी महाविद्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन किया जायेगा। मुख्य अतिथि अखिल झारखण्ड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी छात्र हित में कोई समझौता नहीं करती है पुरे झारखण्ड में अखिल झारखण्ड छात्र संघ को मजबूत किया जायेगा। बहुत जल्द अखिल झारखण्ड छात्र संघ का महाधिवेशन राँची में आयोजित किया जायेगा आजसू छात्र संघ के कार्यकर्ताओं के लिए ये महाधिवेशन मील का पत्थर साबित होगा । विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय मिडिया प्रभारी परवाज खान ने कहा कि आजसू छात्र संघ ही झारखण्डी लोगों के सपनों का झारखण्ड बनाने में अपनी महती भूमिका निभाएगा ।प्रिंट मिडिया, इलेक्ट्रॉनिक्स मिडिया और शोशल मिडिया में छात्र अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए स्वच्छ राजनीति का उदाहरण बनें।बैठक में विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि शिक्षित युवाओं को राजनीति में सक्रिय होने की जरुरत है जब तक शिक्षित लोग नहीं आयेंगे राजनितिक स्तर में सुधार नहीं आयेगा। युवाओं के बिना स्वच्छ झारखण्ड की कल्पना करना असम्भव है। बैठक में केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, नगर अध्यक्ष आफताब आलम, सचिन कुमार राणा, नितीश कुमार, रविशंकर कुमार सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए ।

# झारखण्ड पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक के बीच पुलिस सैलरी पैकेज के लिए हुआ एमओयू

प्रभाम मंत्र संवाददाता

**रांची :** पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची स्थित सभागार में पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड की उपस्थिति में झारखण्ड पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक के बीच पुलिस सैलरी पैकेज के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। इस एमओयू में पुलिस महानिदेशक, झारखण्ड की ओर से डॉ शम्स तबरेज, पुलिस उप महानिरीक्षक, बजट, झारखण्ड तथा भारतीय स्टेट बैंक की ओर से श्री देवेश मित्तल, डीजीएम, राँची जोनल कार्यालय ने हस्ताक्षर कर एक दूसरे को एमओयू के दस्तावेज सौंपे। पुलिस सैलेरी पैकेज से पुलिस कर्मियों को निम्न सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी यथा व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु बीमा 50 लाख, स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 50 लाख, स्थायी 1 आशिक विकलांगता पर-30 लाख, वायुयान दुर्घटना पर 01 करोड़ रूपया व्यक्तिगत दुर्घटना में मृत्यु होने पर आश्रित बच्चों के उच्चतर शिक्षा के लिये बीमा राशि 10 लाख तथा अविवाहित बच्चियों के विवाह हेतु भी बीमा राशि अधिकतम 10 लाख दिये



जाने का प्रावधान है। नक्सल हिंसा / उग्रवादियों एवं अपराधकर्मियों द्वारा घात लगाकर किये गये हमलों में शहीदों के आश्रित को अतिरिक्त 10 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है इस एमओयू के तहत भारतीय स्टेट बैंक की ओर से सभी पुलिस कर्मियों को रूपे प्लेटिनम कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा, इसके तहत दुर्घटना आदि में मौत हाने पर 10 लाख रूपया का अतिरिक्त बीमा कवर उपलब्ध होगा। यह सभी बीमा सुविधाएं भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा पुलिस सैलेरी पैकेज के तहत खाता धारक को निशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी ।इस अवसर पर झारखण्ड पुलिस की ओर से मुरारी लाल मीणा, अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) डॉ0 संजय आनन्द राव लाठकर, अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान). श्री मनोज कौशिक, पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय), अखिलेश झा, पुलिस महानिरीक्षक (मानवाधिकार), अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) प्रभात कुमार पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), अनुपु विजया लक्ष्मी, पुलिस उप महानिरीक्षक (कार्मिक). डॉ शम्स तबरेज, पुलिस उप महानिरीक्षक (बजट) झारखण्ड पुलिस एसोसियेशन, झारखण्ड चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि एवं भारतीय स्टेट बैंक की ओर से पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक शिव ओम दीक्षित, झारखण्ड, नेटवर्क के जीएम प्रभास बोस, राँची जोनल ऑफिस के डीजी एम देवेश मित्तल, राँची रीजन के रिजनल मैनेजर आलोक रंजन एवं कॉरपोरेट सैलरी रिलेशनशिप मैनेजर विकाश कुमार पाण्डेय सहित झारखण्ड पुलिस मेंस एसोसियेशन,प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह , महामंत्री अक्षय राम , प्रांतीय वरीय संयुक्त सचिव मो महताब आलम, संयुक्त सचिव रंजन कुमार और मेंस एसोसिएशन के भी नेता गण मौजूद थे।